वर्ष-32, अंक- 56, पृष्ठ-12 | पौष कृष्ण पक्ष 06, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
10 दिसंबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

## एक नजर

### झारखंड पुलिस सेवा के नौ अधिकारियों को मिली आईपीएस में प्रोन्नति

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड राज्य पुलिस सेवा के नौ अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नति देने की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। मंत्रालय द्वारा जारी यह अधिसूचना सेलेक्ट लिस्ट 2020, 2022 और 2023 के आधार पर तैयार की गई है, जिसमें झारखंड कैडर में 9 रिक्तियों को भरने की मंजूरी दी गई है। यूपीएससी की 8 दिसंबर 2025 को हुई बैठक में इन नामों पर मुहर लगाई गई थी, जिसके बाद भारत सरकार के अवर सचिव चंदन कुमार ने यह आदेश जारी किया है। वर्ष 2020 की चयन सूची में अविनाश कुमार, वर्ष 2022 की चयन सूची में शिवेंद्र, राधा प्रेम किशोर, मुकेश कुमार महतो, दीपक कुमार का नाम है। वहीं, वर्ष 2023 की चयन सूची में मंजरूल होदा, राजेश कुमार, रोशन गुड़िया, श्रीराम सामड का नाम है।

शेष पेज 11 पर...

### रांची के हालात सुधारने के लिए हाईकोर्ट ने बनाई उच्च स्तरीय कमेटी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने रांची की हालत पर चिंता जताते हुए सरकार व संबंधित विभागों को ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि रांची की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सभी हितधारकों को एक मंच पर लाना आवश्यक है। इसके लिए अदालत ने एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। हाई कोर्ट ने आदेश दिया है कि समिति की पहली बैठक दस दिसंबर शाम पांच बजे महाधिवक्ता राजीव रंजन के कार्यालय में आयोजित की जाए। अदालत ने अपेक्षा जताई कि समिति के सभी सदस्य बैठक में स्वयं उपस्थित रहेंगे। अगर बैठक में कोई सदस्य उपस्थित नहीं होते हैं तो इस स्थिति में वर्चुअल उपस्थिति की अनुमति दी गई है। झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने दाखिल की है जनहित याचिका मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर को निर्धारित की गई है।

शेष पेज 11 पर...

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

# खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास को सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड विधानसभा में झारखंड की अंडर-14 बालक फुटबॉल टीम ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने टीम के सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों को राष्ट्रीय चैंपियन बनने पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड में खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य के युवाओं की प्रतिभा और समर्पण झारखंड के गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं।

## अंडर-14 बालक फुटबॉल टीम ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



मुख्यमंत्री ने यह उम्मीद जताई कि इसी प्रकार झारखंड के खिलाड़ी भविष्य में भी खेल जगत में नए आयाम स्थापित करेंगे। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के उमरिया में 1 दिसंबर से 6 दिसंबर 2025 तक आयोजित 69वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की अंडर-14 बालक फुटबॉल टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब अपने नाम किया था। फाइनल मुकाबले में झारखंड ने रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में पंजाब को 6-5 से पराजित कर यह गौरव हासिल किया। यह प्रतियोगिता झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के बैनर तले आयोजित हुई थी। खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान बताया कि राज्य सरकार की खेल नीतियों एवं प्रोत्साहन योजनाओं से उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रेरणा मिल रही है।

## सदन में ध्वनिमत से अनुपूरक बजट पारित, बोले मंत्री राधाकृष्ण

# सरकार के खजाने में पैसे की नहीं है कोई कमी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन वाद-विवाद के बाद ध्वनिमत से 7,721.25 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पारित हो गया। भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कटौती प्रस्ताव लाया था। लेकिन सरकार के जवाब के दौरान भाजपा विधायकों ने सदन से वॉक आउट कर दिया। हेमलाल मुर्मू, बाबूलाल मरांडी, सुरेश बैठा, अरुप चटर्जी, सुरेश पासवान, सरयू राय, जनार्दन पासवान, निर्मल कुमार महतो, जयराम महतो, समीर कुमार मोहंती, सीपी सिंह और राजेश कच्छप ने चर्चा में भाग लिया। कई सदस्यों ने वित्तीय प्रबंधन को लेकर विचार साझा किए। भाजपा की ओर से सरकार को वित्तीय मोर्चे पर फ्लॉप बताया गया। कटौती प्रस्ताव लाने वाले नवीन जायसवाल ने सरकार को सात वचन याद दिलाते हुए फ्लॉप करार दिया।

**वित्त मंत्री ने पेश किया वित्तीय ब्योरा :** जवाब में संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आंकड़ों के जरिए राज्य की वित्तीय स्थिति बताई। उन्होंने कहा कि खजाने में पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि 6,554.61 करोड़ रुपए स्कीम हेड का है। इससे कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। बाकी स्थापना मद में 966.64 करोड़ है। ये जरुर वित्तीय भार पड़ेगा। लेकिन ये समझना होगा कि ये मामूली राशि है। इसके लिए चिंता करने की कोई बात नहीं है। आय के अतिरिक्त श्रोत बढ़ा पर स्थापना मद के पैसे जुटा लिए जाएंगे। मूल बजट का अभी 30 नवंबर तक स्टेट का अपना टैक्स, नॉन टैक्स, सेंट्रल टैक्स में हिस्सेदारी का ब्योरा जानना जरुरी है। दोनों मद में 61,056.12 करोड़ सरकार के खजाने मौजूद हैं। इस दौरान 98.8 प्रतिशत खर्च किया है। इससे अच्छे वित्तीय प्रबंधन का पता चलता है।

**केंद्र ने दबा रखे हैं 28,863.64 करोड़ रुपए :** वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 47,040 करोड़ रु. है। इसकी तुलना में 30,971 करोड़ मिला है. करीब 16 हजार करोड़ रुपए अभी भी बकाया है। केंद्र से अनुदान 17,057 करोड़ निर्धारित था। इसकी तुलना में मात्र 4,261.70 करोड़ मिला है। दोनों को मिला दें तो झारखंड को 28,863.64 करोड़ रुपए 30 नवंबर तक नहीं मिला है।

**वादे पूरे नहीं होने की ये है वजह :** वित्त मंत्री ने कहा कि ये लोग कहते हैं कि खजाना खाली हो गया है। राज्य में उज्ज्वला के लाभुकों की संख्या 65 लाख है। अगर हम 450 रुपए के हिसाब से उन्हें देते हैं तो एक माह में एक सिलेंडर के हिसाब से एक साल में 2,100 करोड़ रुपए देने पड़ेंगे। हम इसके लिए तैयार हैं। बशर्ते, केंद्र सरकार हमारा बकाया दे दे। जल जीवन मिशन केंद्र ने शुरू की।

शेष पेज 11 पर...

## बालू के मुद्दे पर सदन हुआ गर्म, मंत्री ने कहा-

# 374 घाटों पर 100 रुपए प्रति सीएफटी उपलब्ध है बालू

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीताकलीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन बालू के मुद्दे पर गर्म रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर बहस हुई। अल्पसूचित प्रश्न के तहत भाजपा के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने झारखंड में बालू की किल्लत का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में बालू के व्यवसाय को थाना के जरिए मैनेज किया जा रहा है। लोगों को दूसरे राज्यों से विवश होकर महंगी दर पर बालू मंगाना पड़ रहा है। इसके जवाब में विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पेसा कानून की घोषणा तक बालू घाटों से बालू के उठाव पर रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जनहित में राज्य के 374 घाटों पर 100 रुपए प्रति सीएफटी बालू लोगों को उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि ऐसे 71 बालू घाट पलामू में भी हैं। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनता के प्रति संकल्पित है। उन्होंने बताया कि एमडीओ (माइन डवेलपर ऑपरेटर) के चयन में राजस्व का नुकसान नहीं हुआ है। वहीं मामले में भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि पूरे राज्य भर में बालू का अवैध उत्खनन हो रहा है। मंत्री इस मामले में सदन को गुमराह कर रहे हैं। झारखंड में कहीं भी 100 रुपए प्रति सीएफटी बालू नहीं मिल रहा है। कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने मंत्री से जानना चाहा कि पलामू जिले में 71 कौन से बालू घाट हैं जहां सस्ता बालू सरकार लोगों को उपलब्ध करा रही है। उन्होंने मंत्री से पलामू के उन 71 बालू घाटों की सूची की मांग की जहां सस्ते दर पर बालू दिया जा रहा है। विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सरकार से जानना चाहा कि क्या यह सही है कि

शेष पेज 11 पर...

## थैलेसीमिया मरीजों के इलाज के लिए सरकार 14 लाख रुपए वहन करेगी : इरफान अंसारी



**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के थैलिसिमिया से पीडित बच्चों को आयुष्मान योजना के तहत अन्य राज्यों की तर्ज पर 14 लाख रुपए तक के इलाज का खर्च वहन करेगी। मंत्री ने यह बातें मंगलवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के सवाल के जवाब में कही। प्रदीप यादव ने यह मामला ध्यानाकर्षण की सूचना के तहत उठाया था। जवाब में मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के पास झारखंड में थैलिसिमिया और सिकल सेल जैसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों का कोई सर्वे रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। लेकिन सरकार ऐसे पीड़ित बच्चों का सर्वे कराएगी और मरीजों के हित में सदर अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध कराएगी। प्रदीप यादव ने मंत्री से ऐसे बच्चों को रक्तदान करनेवालों के लिए आई कार्ड बनाने और ऐप बनाने की भी मांग की। उन्होंने बताया कि थैलिसिमिया और सिकल सेल जैसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए कर्नाटक 20 लाख, बिहार 15 और अरुणाचल प्रदेश में 15 लाख रुपए की सहायता राशि देती है, लेकिन झारखंड में ऐसी सुविधा नहीं है। उन्होंने बताया कि केंद्र

शेष पेज 11 पर...

## झारखंड शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई

### दुमका में श्रवण जालान के रिश्तेदार के घर पर एसीबी की छापेमारी



**रांची।** झारखंड शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दुमका में बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार की सुबह एसीबी की एक टीम विनय चौबे के करीबी माने जा रहे व्यवसायी श्रवण जालान के एक करीबी रिश्तेदार नवीन पटवारी के आवास पर छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक, नवीन पटवारी और उनके तीन भाई इसी आवास में रहते हैं। कार्रवाई के दौरान पटवारी के आवास के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है और आवास के चारों ओर बैरिकेडिंग की गई है। विनय चौबे के करीबी और रांची के चर्चित व्यवसायी श्रवण जालान के घर व ऑफिस में एसीबी ने सोमवार को छापेमारी की थी। इस दौरान एसीबी को अलग-अलग कंपनी के दो-तीन मोबाइल फोन और जमीन से संबंधित दस्तावेज के अलावा कुछ डिजिटल साक्ष्य मिले हैं। एजेंसी फिलहाल मोबाइल फोन और डिजिटल साक्ष्य को खंगालने में जुटी हुई है। छापेमारी के दौरान श्रवण जालान अपने आवास पर मौजूद नहीं थे। जब तक रेड चलती रही, तब तक वह अपने घर और कार्यालय नहीं आए। ऐसे में अब एसीबी उन्हें नोटिस जारी कर सकती है। आशंका जताई जा रही है कि एसीबी जल्द ही श्रावण जालान को पूछताछ के लिए समन जारी करेगी। जिस मामले में श्रवण जालान के ठिकानों पर रेड हुई है, वह विनय चौबे से जुड़ा शराब घोटाला केस है। एसीबी को इस बात की जानकारी मिली है कि विनय चौबे ने अपनी अवैध कमाई का एक बड़ा हिस्सा श्रवण जालान के माध्यम से अलग-अलग जगहों पर इन्वेस्ट किया है। इससे पहले एसीबी की टीम ने रविवार को विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता से 10 घंटे तक पूछताछ की थी। इसके साथ ही एजेंसी ने विनय चौबे के करीबी विनय सिंह की पत्नी स्निग्धा सिंह की तलाश में बिहार के लखीसराय में भी छापेमारी की थी। खबर लिखे जाने तक छापेमारी जारी थी।

## शराब घोटाले में होटवार जेल में बंद आरोपियों से एसीबी ने की पूछताछ

**रांची।** झारखंड शराब घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उससे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ किया। मंगलवार को ईडी की टीम होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार पहुंची, जिसके बाद ईडी की टीम ने महेश सीताराम, परेश ठाकोर, विक्रम ठाकोर, बिपिन जाधवभाई परमार और जगन ठाकोर देसाई से पूछताछ की है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में आवेदन देकर शराब घोटाले के उन अभियुक्तों से पूछताछ की अनुमति मांगी थी, जिसे एसीबी ने कांड संख्या 9/25 में गिरफ्तार किया है और वे फिलहाल बिरसा मुंडा जेल में बंद हैं। कोर्ट के द्वारा अनुमति देने के बाद ईडी ने जेल में पांच लोगों से पूछताछ किया। ईडी की ओर से कोर्ट में दिए गए आवेदन में कहा गया था कि एसीबी द्वारा पीई-3/2024 की जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें पाया गया है कि मेसर्स विजन हॉस्पिटलिटी एवं कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्यूरिटी प्राइवेट लिमिटेड ने फर्जी बैंक गारंटी के सहारे शराब का व्यापार कर सरकार को नुकसान पहुंचाया। वीएचएससीपीएल ने 5.35 करोड़ और एमआईएसएसपीएल ने 5.02 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी दिया था। महेश सीताराम वीएचएससीपीएल के एमडी हैं। परेश ठाकोर वीएचएससीपीएल के निदेशकों में से एक हैं। विक्रम ठाकोर और बिपिन जाधव भाई परमार भी वीएचएससीपीएल के निदेशकों में से एक हैं। इसके अलावा जगन ठाकोर एमआईएसएसपीएल के निदेशक हैं। बता दें कि प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद एसीबी ने मई महीने में शराब घोटाला केस में प्राथमिकी दर्ज की थी। इस प्राथमिकी में वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह और विनय सिंह समेत 10 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। केस दर्ज होने के बाद एसीबी ने विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया था।

## आईएएस अमित कुमार से एसीबी ने की पूछताछ



**रांची।** शराब घोटाले की जांच कर रही एसीबी ने पूर्व उत्पाद आयुक्त व वर्तमान में वाणिज्यकर आयुक्त अमित कुमार से मंगलवार को तकरीबन पांच घंटे से अधिक पूछताछ की। मंगलवार को 11 बजे अमित कुमार एसीबी कार्यालय पहुंचे थे, जहां केस के जांच पदाधिकारी ने उनसे सवाल जवाब किया। इससे पहले पांच दिसंबर को भी एसीबी ने अमित कुमार से पूछताछ की थी। तब एजेंसी अमित कुमार से शराब नीति के निर्माण, शराब कारोबार के लिए छत्तीसगढ़ की सरकारी कंपनी छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के एमडी अरुणपति त्रिपाठी को झारखंड में शराब कारोबार के सलाहकार नियुक्त करने व मानव संसाधन प्रदाता कंपनियों के चयन से जुड़े सवाल पूछे गए। मंगलवार को हुई पूछताछ के दौरान अमित कुमार ने कंपनियों के चयन से लेकर नीति निर्माण के विषय में एसीबी के समक्ष कुछ दस्तावेज पेश किए। आगे भी एसीबी अमित कुमार से पूछताछ कर सकती है। आईएएस अमित कुमार 4 अगस्त 2021 से 10 जुलाई 2022 तक उत्पाद आयुक्त के पद पर पदस्थापित थे। तब उत्पाद सचिव के पद पर आईएएस विनय कुमार चौबे पदस्थापित थे। एसीबी ने जांच में पाया है कि विनय कुमार चौबे ने छत्तीसगढ़ सिंडिकेट से जुड़े शराब कारोबारियों को फायदा दिलाने के उद्देश्य से शराब नीति बनायी। इस दौरान पांच करोड़ रुपये से वह लाभान्वित भी हुए। वहीं, शराब सिंडिकेट के कहने पर ही उनके द्वारा अरुणपति त्रिपाठी को सलाहकार नियुक्त किया गया। बाद में शराब की सप्लायी से लेकर ट्रेकिंग व ट्रेसिंग, मैनपावर का ठेका छत्तीसगढ़ सिंडिकेट से जुड़े कारोबारियों को दिया गया। तब बतौर उत्पाद आयुक्त अमित कुमार की भूमिका की पड़ताल में भी एसीबी जुटी है।

## इंडिया

# बाल विवाह से टूटते परिवार और जूझता बेखबर समाज



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

कभी बाल विवाह एक मजबूरी थी और आज एक कुप्रथा जो कम तो हुई पर समाप्त नहीं हुई। समाज सरकार और हम सभी की जिम्मेदारी है कि भूमिक दर्शक न बनें पर दोषी कौन है ? कुछ पुराने रीति रिवाज विकसित बनते भारत के कदम आज भी रोक रहे हैं जिसमें बचपन को लीलता बाल विवाह भी है जिसके कारण अनेक परिवार अवस्थ कुपोषित मां और बच्चे के जन्म से लेकर युवा होते तक अपने और समाज के लिए समस्याएं उत्पन्न करते हैं जिस कारण भारत सरकार ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की है। यह देर से उठाया गया पर सही कदम है जिसकी सफलता से इससे जुड़ी अनेक समस्याओं की श्रृंखला का अंत हो सकता है। खनिज और प्राकृतिक संपदा से भरपूर होने के बावजूद झारखंड राज्य की गिनती देश के पिछड़े राज्यों में होती है जिसके मूल में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियां हैं। 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में 3 लाख 58 हजार 64 लोगों का बाल विवाह हुआ जो कि पूरे देश के बाल विवाह का 3 प्रतिशत है। बाल विवाह के मामले में देशभर में झारखंड का 11वां स्थान है। यह आंकड़ा राज्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के नए आंकड़े के भी अनुसार देश में 20 से 24 साल की उम्र की 23.3 प्रतिशत महिलाएं ऐसी हैं जिनका बाल विवाह हुआ था । आंकड़े के अनुसार प्रदेश में साल 2019 में तीन, साल 2020 में तीन और साल 2021 में चार मामले ही बाल विवाह के दर्ज किए गए क्योंकि पुलिस में शिकायत ही नहीं की गई । लड़की की 18 वर्ष से पूर्व और लड़कों की 21 वर्ष से पूर्व विवाह विवाह बहुत पहले से कानूनन जुर्म है पर लोग इस सामाजिक बुराई के प्रति आंखें मूंदकर बैठे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि लड़की जितनी जल्दी अपने घर चली जाए तो उनकी जिम्मेदार खतम । विवाह में अधिक खर्च आता है, जिससे बचने के लिए कई परिवार वाले अपने बच्चों का बाल विवाह कर देते है। घर में एक शादी तय होती है तो, मां-बाप सोचते हैं कि इसी के साथ दूसरे बच्चे की शादी कर दी जाए। उन्हें इस बात से कोई मतलब नहीं होता है कि बच्चों की आयु क्या है। कुछ लोग मानते हैं कि असुरक्षा के कारण बाल विवाह प्रथा की शुरुआत हुई थी जब विदेशी आक्रमणकारी लूटपाट करने आते थे या चिकित्सा पद्धति ऐसी नहीं थी कि जीवन की गारंटी हो जिस कारण जल्दी से जल्दी हाथ पीले करने का दबाव बड़े बुजुर्गों का होता था। पर आज अपवादों को छोड़ दिया जाए तो



दोनों कारण नहीं हैं जिस कारण बाल विवाह कम हुए हैं पर समाप्त नहीं हुए । कम आयु में विवाह से सदा बीमार रहने वाली मां और बच्चे दोनों घरेलू कलह के कारक बनते हैं जिससे कई बार तलाक तक हो जाते हैं क्योंकि लड़की का शरीर पूर्ण विकसित नहीं होने के कारण मां की भूमिका के साथ बहू की ज़िम्मेदारी नहीं निभा पाती । इस क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं का मानना है कि सरकार और सुरक्षा एजेंसियां बाल विवाह के मामलों में गंभीरता बरते और सख्त कदम उठाए । बाल विवाह के मामले में अनिवार्य एफआईआर दर्ज करने, बाल विवाह को जुवेनाइल जस्टिस एक्ट और पोक्सो एक्ट से जोड़ने का प्रावधान हो । हर जिले में बाल विवाह रोकने वाले अधिकारी (सीएमपीओ) की नियुक्ति हो और अधिकारियों को बाल विवाह रोकने के लिए उचित प्रशिक्षण देने के अलावा अभिभावकों को इसकी बुराई से अवगत किया जाए। विरोध के स्वर यदि कहीं से उठें तो समाज को आगे आना चाहिए न कि आँखें मूंद लेना।

## सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी

# नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में कैसे जुड़ा नाम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** बिना भारतीय नागरिकता हासिल किए मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से जुड़े मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। यह नोटिस वकील विकास त्रिपाठी द्वारा दायर रिवीजन पिटीशन पर जारी किया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 6 जनवरी, 2026 को होगी।

वकील विकास त्रिपाठी का कहना है कि सोनिया गांधी का नाम 1980 की नई दिल्ली की वोटर लिस्ट में शामिल था, जबकि उन्होंने 30 अप्रैल 1983 को भारत की नागरिकता हासिल की। इसी आरोप के आधार पर मजिस्ट्रेट कोर्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच कराने की मांग की गई थी, लेकिन सितंबर



2025 में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट के इसी आदेश को चुनौती देते हुए त्रिपाठी ने रिवीजन पिटीशन दाखिल की, जिस पर अब राऊज एवेन्यू कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया है।


दाखिल याचिका में कहा गया है कि 1980 की वोटर लिस्ट में सोनिया गांधी का नाम कैसे शामिल हुआ, जबकि तब तक उन्होंने भारतीय नागरिकता प्राप्त नहीं की थी। याचिका में यह भी पूछा गया है कि 1982 में उनका नाम वोटर लिस्ट से हटाया गया था, तो आखिर किन कारणों से यह कार्रवाई हुई?

याचिका में यह भी कहा गया कि यदि 1983 में ही नागरिकता मिली, तो 1980 में नाम शामिल कराने के लिए किन दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया? क्या उस समय फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराया गया?

राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया है कि वे आरोपों पर विस्तृत जवाब दाखिल करें।

बता दें कि इससे पहले, मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सितंबर 2025 में दायर उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच कराने की मांग की गई थी। बाद में, इसी आदेश को चुनौती देते हुए रिवीजन पिटीशन दाखिल की गई, जिस पर कोर्ट ने अब जवाब मांगा है।

## मेंटेनेंस कार्य को लेकर हुसैनाबाद शहरी व दंगवार फीडर की बिजली आपूर्ति आज बाधित रहेगी



**हुसैनाबाद।** देवरी बिजली सब स्टेशन से पचंबा ग्रिड तक 33 हजार केवीए लाइन के मेंटेनेंस कार्य को लेकर देवरी सब स्टेशन से जुड़े टाउन व दंगवार फीडर में बुधवार को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो ने बताया कि लाइन मरम्मत और कई स्थानों पर बिजली खंभा लगाने का कार्य किया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद शाम चार बजे तक आपूर्ति पुनः बहाल कर दी जाएगी।

# मातृ–शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में हैदरनगर पिछड़ा एमसीएच विंग व डायग्नोस्टिक सुविधा नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड में मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर जांच की समुचित सुविधा नहीं होने से गर्भवती महिलाओं को 80–85 किलोमीटर दूर मेदिनीनगर या अन्य शहरों में जाना पड़ता है। परिवहन उपलब्धता, सड़क की स्थिति और खर्च इसके साथ जुड़ी प्रमुख समस्याएँ हैं। समय पर चिकित्सा व्यवस्था नहीं मिलने से कई बार जटिल परिस्थिति उत्पन्न होने की बात ग्रामीणों ने कही है। उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, मुखिया जितेन्द्र सिंह, सुदर्शन राम, कमल कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, राजीव कुमार शर्मा, समाजसेवी नावाजिश



खान, सज्जू खान सहित ग्रामीणों का कहना है कि आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होता। पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह द्वारा आवंटित एम्बुलेंस कुछ दिन बाद हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया। इससे मरीजों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। हैदरनगर पीएचसी में मातृ–शिशु स्वास्थ्य विंग अब तक स्थापित नहीं हुआ है। प्रसव कक्ष में सीमित संसाधन हैं और आधुनिक उपकरणों व विशेषज्ञ कर्मियों की कमी है। एक्स-रे, सोनोग्राफी, ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट जैसी बुनियादी जांच सुविधाएँ निष्क्रिय बताई जाती हैं। मरीजों को इन्हीं जांचों के लिए निजी केंद्रों पर जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच सुविधा नहीं होने से बीमारी की पहचान में देरी होती है। वरिष्ठ नागरिक, दुर्घटना पीड़ित और गंभीर रोगियों को प्राथमिक स्तर पर समुचित उपचार नहीं मिल पाता है। प्राथमिक उपचार के बाद रेफर करना सामान्य प्रक्रिया बन गई है। सामाजिक कार्यकर्ता अंकु सिंह राणा सहित ग्रामीणों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि हैदरनगर पीएचसी में मातृ–शिशु विंग की स्थापना, एक्स-रे, सोनोग्राफी और पैथोलॉजी लैब को सक्रिय किया जाए तथा विशेषज्ञ चिकित्सक और तकनीशियन की नियुक्ति हो। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से 24×7 आपातकालीन सेवाओं को प्रभावी रूप से लागू करने का आग्रह किया है।

## सड़क पर बिजली का खंभा रखकर बनाया गया अवैध स्पीड ब्रेकर हटाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के जपला–नबीनगर मुख्य मार्ग पर मुनी सिंह चौक के आगे सड़क पर बिजली का सीमेंट खंभा रखकर बनाए गए स्पीड ब्रेकर को मंगलवार को हटा दिया गया। स्थानीय लोगों ने इसे दुर्घटना का कारण बताते हुए आपत्ति जताई थी। सोशल मीडिया पर मामला सामने आने के बाद नगर पंचायत ने कार्रवाई की। यह संरचना निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थी। खंभा सड़क पर अवरोध की तरह कार्य कर रहा था, जिससे वाहनों के निचले हिस्से के क्षतिग्रस्त होने की शिकायत मिल रही थी। लोगों ने कहा कि यह संरचना अनुमति के बिना बनाई गई थी। स्थानीय नागरिकों ने अन्य ऊंचे ब्रेकरों को भी हटाने की मांग की है।

# शिलापर गांव की जलसहिया ने महिलाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत शिलापर गांव की जलसहिया किरण कुमारी ने 'हमारा शौचालय–हमारा भविष्य' थीम पर महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बैठक आयोजित कर महिलाओं को शौचालय उपयोग करने, स्वास्थ्य संबंधी लाभ, खुले में शौच से होने वाले नुकसान और शौचालय की नियमित सफाई व रंग-रोगन की आवश्यकता की जानकारी दी। ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय के निर्देश



पर आयोजित बैठक में महिलाओं ने स्वच्छता को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने पर सहमति जताई। अभियान से प्रभावित महिलाओं ने नियमित रूप से शौचालय उपयोग करने का आश्वासन दिया।

## जमीनी विवाद में दो परिवार आमने-सामने, कई घायल

**चैनपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के बुढीबीर गांव में सोमवार को जमीनी विवाद के चलते एक ही परिवार के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। एक पक्ष के पंकज कुमार यादव व अजीत कुमार यादव ने गांव के रामकरण यादव, आशीष यादव, वसीफा यादव और राधा देवी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। वहीं दूसरे पक्ष के रामकरण यादव ने गोतिया परिवार के पंकज यादव, मंदीप यादव, अजीत यादव व अशर्फी यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच कर रही है और घायल व्यक्तियों का इलाज कराया जा रहा है।

# बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, 3 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति ले गए चोर

- चैनपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी, जल्द गिरफ्तारी का दावा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के खुराकला गांव में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर नगद और जेवरात सहित लगभग तीन लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। गृहस्वामी मुक्त भोगी गोविंद यादव ने बताया कि 6 दिसंबर को परिवार के साथ वह गुरहा गांव के दूसरे मकान में गए हुए




थे। दो दिन बाद लौटने पर देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था और घर के अलमारी में रखे 97 हजार रुपये नगद और 50 हजार रुपये के जेवरात चोरी हो गए थे। चैनपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि गोविंद यादव के आवेदन के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है और चोरी की गई संपत्ति की कुल कीमत लगभग दो लाख रुपये से अधिक है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

## डीहई पहाड़ की ओट से सूर्योदय का दृश्य आकर्षण का केंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सर्द मौसम में डीहई पहाड़ के पीछे से उगते सूर्य का दृश्य लोगों का ध्यान आकर्षित करता है। रेलवे स्टेशन परिसर से यह दृश्य स्पष्ट दिखता है। पहाड़ के पीछे से निर्धारित समय से कुछ देर बाद सूर्य का उभरना स्थानीय लोगों और सैलानियों के लिए आकर्षण का विषय रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार चार दशक पहले पहाड़ पर घना वन क्षेत्र था, जो कटाई के कारण घट गया। कोविड–19 के बाद ग्रामीणों ने पेड़ काटने पर रोक लगाई, जिससे हरियाली बढ़ी है। लोगों का कहना है कि आने वाले समय में यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और वन विहार का स्थल बन सकता है।

### वित रहित शिक्षकों का आंदोलन तेज

# 75% अनुदान वृद्धि व अन्य मांगों के लिए शिक्षक कर्मचारी विधानसभा के सामने महाधरना दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** वित रहित शिक्षक कर्मचारी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 75% अनुदान वृद्धि किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन पर हैं। मंगलवार को हजारों शिक्षक और कर्मचारी विधानसभा के सामने विशाल महाधरना में शामिल हुए और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि जनवरी 2026 के दूसरे सप्ताह में शिक्षक कर्मचारी मुख्यमंत्री के आवास का अर्द्धनग्न घेराव करेंगे। इस महाधरना में राज्य के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और महिलाएं शामिल हुईं। संस्कृत शिक्षक पीला वस्त्र और मदरसा शिक्षक टोपी पहने हुए थे। शिक्षक मोर्चा ने निर्णय लिया कि उच्च विद्यालय, इंटर कॉलेज,



संस्कृत विद्यालय और मदरसा विद्यालय 2025-26 के लिए 75% अनुदान वृद्धि नहीं होने तक अनुदान प्रपत्र नहीं भरेंगे। मोर्चा ने कहा कि स्वीकृति के बावजूद इसे कैबिनेट में रोकने का कोई औचित्य नहीं है। पांच महीने बीतने के बाद भी मुख्यमंत्री ने शिक्षा सचिव से विमर्श नहीं किया। मोर्चा ने वित्त और विधि विभाग से 75% अनुदान वृद्धि प्रस्ताव को मंत्री परिषद की सहमति लेकर तुरंत अधिसूचित करने, राज्यकर्मी के दर्जा के लिए कार्मिक विभाग के पत्र पर तत्काल कार्रवाई करने, सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना के पोर्टल को तुरंत खोलने, पेंशन की अनिवार्यता इस वर्ष तक स्वैच्छिक रखने, रुके हुए 21 विद्यालयों के अनुदान निर्गत करने और अनुदान राशि सीधे जैक के माध्यम से स्कूल-कॉलेजों को भेजने की मांग की। मोर्चा नेताओं ने कहा कि सरकार जानबूझकर वित रहित स्कूल और कॉलेजों के शिक्षकों को परेशान कर रही है। जब संबद्ध डिग्री कॉलेज को 75% का लाभ वित्तीय वर्ष 2024-25 में मिल गया, तो स्कूल और कॉलेजों को देने में क्या बाधा है। वित्त विभाग ने 56 करोड़ रुपये राशि देने की पुष्टि की है। महाधरना को अरविंद सिंह, देवनाथ सिंह, मनोज तिर्की, अनिल तिवारी, गणेश महतो, मनीष कुमार, पशुपति महतो, विनय उराव, नरोत्तम सिंह, रघु विश्वकर्मा, संजय कुमार, अजय कुमार सिंह, मुरारी सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, रंगलाल रवि, बलदेव पांडेय, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, फजलुल कदीर अहमद और इंद्रदेव मेहता सहित कई शिक्षकों ने संबोधित किया। महाधरना की अध्यक्षता मोर्चा के वरिष्ठ नेता चंदेश्वर पाठक ने की और मंच संचालन गणेश महतो ने किया। प्रेस को इस जानकारी मनीष कुमार ने दी।

## आवारा कुत्तों का आतंक, एक दिन में कई लोग घायल

**हुसैनाबाद (पलामू)।** नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्र में आवारा कुत्तों का खतरा लगातार बढ़ते हुए सोमवार को कई लोगों को घायल कर गया। जेपी चौक, रेलवे ओवरब्रिज और जपला–छतरपुर रोड पर एक भूरे रंग के कुत्ते ने राहगीरों पर हमला किया, जिसमें 4 से 5 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। इलाज के दौरान सैदाबाद निवासी 65 वर्षीय नथुनी शर्मा जख्म धोते समय अचेत होकर गिर पड़े, जिन्हें चिकित्सकों ने संभाला। घायलों में नबीनगर की 11 वर्षीय मुस्कान कुमारी सहित अन्य लोग शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुत्ता अचानक सामने आकर काट रहा है, जिससे लोग सड़क पर निकलने से डर रहे हैं। रेलवे स्टेशन, जेपी चौक, छतरपुर रोड, नहर मोड़ व मुख्य बाजार क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या अधिक बताई गई। लोगों ने नगर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई और स्थायी समाधान की मांग की है।

# ऑपरेशन अमानत के तहत जपला आरपीएफ की त्वरित कार्रवाई, छूटा बैग यात्री को सुरक्षित सुपुर्द

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला द्वारा ऑपरेशन अमानत के तहत एक यात्री का छूटा हुआ बैग सुरक्षित बरामद कर सत्यापन के बाद सुपुर्द किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 7 दिसंबर को गाड़ी संख्या 13350 डाउन से पटना से जपला यात्रा कर रहे यात्री संजीव कुमार, पिता राजेश राम, निवासी ग्राम बिहारी बीघा, थाना हुसैनाबाद, जिला पलामू, जपला स्टेशन पर



उतर गए, जबकि उनका बैग कोच बी-4, बर्थ -28 पर ही छूट गया। यात्री द्वारा इसकी सूचना तत्काल दिवस अधिकारी उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा आरपीएफ पोस्ट जपला को दी गई। सूचना मिलते ही मार्गदर्शन दल में तैनात आरक्षी एस.पी. यादव को सूचित किया गया। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त बर्थ से बैग बरामद कर कैंपिंग ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल अजय कुमार को सुरक्षित सुपुर्द किया। बाद में हेड कांस्टेबल अजय कुमार द्वारा बैग को गाड़ी संख्या 13349 से पोस्ट जपला भेजवाया गया, जहां उसे आरपीएफ ने सुरक्षित रखा। सूचना मिलने पर यात्री संजीव कुमार पोस्ट पर उपस्थित हुए और अपने बैग व सामान की पहचान की। तत्पश्चात उचित सत्यापन के उपरांत उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा द्वारा सुपुर्दगी नामा तैयार कर गवाह के रूप में यात्री की मां राधिका देवी एवं पिता राजेश राम की उपस्थिति में बैग सही सलामत सुपुर्द कर दिया गया। यात्री द्वारा सामान का अनुमानित मूल्य लगभग 5000 रुपये बताया गया। आरपीएफ की इस तत्परता से यात्री ने संतोष व्यक्त करते हुए रेलवे सुरक्षा बल को धन्यवाद दिया।

# सतबरवा के विकास एजेंडे पर सांसद प्रतिनिधि की पहल, उप विकास आयुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर चतरा सांसद जिला परिषद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर के नेतृत्व में सतबरवा का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को उप विकास आयुक्त पलामू से मिला। मुलाकात में जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण, पेयजल संकट के स्थायी समाधान, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, ग्रामीण सुविधाओं के उन्नयन और सरकारी योजनाओं के बेहतर





क्रियान्वयन जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से रखे गए। बैठक में इन विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। उप विकास आयुक्त ने त्वरित कार्रवाई का भरोसा देते हुए सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर की सक्रियता की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल में अमित तिवारी, विजय शर्मा, चंदा सोनी, सुमित कुमार, मुकेश कुमार, गुड्डू सिंह, सुदेश्वर मोची तथा मनोज कुमार शामिल थे। सदस्यों ने आशा जताई कि प्रशासनिक तत्परता से सतबरवा क्षेत्र में विकास की गति तेज होगी।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से महिला की मौत, बच्चा गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी–दंगवार वाया जपला मुख्य सड़क पर थाना मोड़ के पास रविवार देर रात पैदल जा रही दीपा सिंह की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। साथ में गोद में लिया 8 माह का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे को रांची रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार महिला अपने बच्चे का इलाज कराकर पांडू से लौट रही थी। बाइक का पेट्रोल खत्म होने के बाद सभी लोग पैदल लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बताया कि शव



का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। जांच जारी है।

**प्रशिक्षण** | मृदा कार्ड वितरण व कृषक गोष्ठी में किसानों को तकनीकी जानकारी दी गई

# किसानों को नई तकनीक अपनाकर आधुनिक पद्धति से खेती करने के लिए भी प्रेरित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** मंगलवार को रामगढ़ प्रखंड में किसानों के लिए मृदा कार्ड वितरण सह कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को मिट्टी का नमूना लेना, बीज उपचार, बीजामृत, जीवामृत और कृषि से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने विस्तृत रूप से बताया कि खेत की मिट्टी की नियमित जांच आवश्यक है, जिससे मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों की कमी और उसके समाधान की सटीक




जानकारी मिल सके। किसानों को नई तकनीक अपनाकर आधुनिक पद्धति से खेती करने के लिए भी प्रेरित किया गया। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर जानकारी देते हुए अधिकारियों ने किसानों से इनका लाभ लेने की अपील की। हाल ही में प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण संस्थान, हरियाणा से प्रशिक्षण लेकर लौटे किसान शंकर प्रजापति ने अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजन कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रखंड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष महेंद्र सोनी, किसान मित्र शंकर प्रजापति सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## शादी के दो माह बाद विवाहिता लापता, ससुर ने सन्हा दर्ज कराया

**मोहम्मदगंज।** करिया गांव में दो माह पूर्व विवाह के बाद एक महिला के लापता होने की सूचना पर ससुर इस्लामुद्दीन अंसारी ने थाना में सन्हा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार फिरदौस अंसारी की पत्नी रुबी खातून (25) 6 दिसंबर की रात घर से गायब हो गई। सुबह इसकी जानकारी परिवार को हुई। आसपास क्षेत्रों में खोजबीन के बाद भी महिला का पता नहीं चला। परिवार के अनुसार अक्टूबर माह में दोनों परिवारों की सहमति से विवाह हुआ था। विवाह के बाद कुछ दिन में पति काम से बाहर चला गया था। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बताया कि सन्हा दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी गई है।

### राजस्व वसूली में सुस्ती पर डीसी सख्त, सभी विभागों को चेतावनी

# लक्ष्य हर हाल में पूरा करें, अब ढिलाई बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

● खनन विभाग की वसूली 16% पर अटकी, कई विभाग लक्ष्य से दूर




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राजस्व वसूली की कमजोर रफ्तार पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस मंगलवार को बेहद कठोर रुख में दिखीं। जिले के विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व लक्ष्य प्राप्ति में अब किसी भी प्रकार की सुस्ती स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी पदाधिकारियों को दो-टूक चेतावनी दी गई कि निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा करना होगा, अन्यथा कार्रवाई तय है।

**खनन विभाग की वसूली सिर्फ 16%, डीसी ने जताई कड़ी नाराजगी :** खनन विभाग की समीक्षा में पता चला कि 58433.31 लाख रुपये के लक्ष्य के मुकाबले केवल 9489.985 लाख रुपये महज 16.24 प्रतिशत वसूले गए हैं। इस पर उपायुक्त ने कड़ा असंतोष जताते हुए खान निरीक्षक से जवाब तलब किया। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र में भारी संभावनाएँ होते हुए भी राजस्व संग्रहण का यह स्तर न केवल निराशाजनक है, बल्कि गंभीर लापरवाही का संकेत है। परिवहन विभाग ने जहां 73.70 प्रतिशत वसूली कर ली है, वहीं मोटरयान निरीक्षक के स्तर पर स्थिति संतोषजनक नहीं रही। 449 लाख के लक्ष्य के मुकाबले सिर्फ 210.16 लाख रुपये (46%) की वसूली पर डीसी ने नाराजगी जताई और तुरंत सुधार का निर्देश दिया। उत्पाद विभाग की वसूली 57.95 प्रतिशत पर है। उपायुक्त ने कहा कि अवैध बिक्री और लापरवाही पर अब सख्ती से छापामारी की जाएगी। विभाग को चेतावनी दी गई कि लक्ष्य अधूरा रहा तो कार्रवाई से बचना संभव नहीं होगा।

नगर निगम की वसूली भी सिर्फ 56.29 प्रतिशत पर होने से उपायुक्त नाखुश रहीं।

अवर निबंधन, राष्ट्रीय बचत, विद्युत आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा में भी कमियाँ सामने आईं। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि तत्काल प्रभाव से राजस्व वसूली तेज करने की ठोस योजना लागू करें।

बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, तीनों एसडीओ, सहायक समाहर्ता, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचल अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### म्यूटेशन व भूमि-कार्यों में लापरवाही पर सीओ को फटकार

दाखिल-खारिज, सकसेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन और भूमि सीमांकन मामलों की समीक्षा में कई अंचलों में कार्य लंबित पाए गए। इस पर उपायुक्त ने सीओ को स्पष्ट निर्देश दिया कि तय समयसीमा में सभी मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। भूमि हस्तांतरण और ई-रेवेन्यू कोर्ट के मामलों में धीमी प्रगति पर भी उपायुक्त ने नाराजगी जताई।

## जिला स्कूल क्रिकेट क्लब की धमाकेदार जीत, एहसान उल्ला बने मैच के हीरो

### सन्नी–शार्दुल की पहल से पलामू कप में रोमांच चरम पर



● पलामू कप सीजन-3 के तीसरे दिन दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन स्मृति पलामू कप सीजन-3 के तीसरे दिन हुए मुकाबले रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरपूर रहे। पहला मैच जिला स्कूल क्रिकेट क्लब और खान 11 गमहैता के बीच खेला गया। जिला स्कूल क्रिकेट क्लब ने सधे हुए खेल का प्रदर्शन करते हुए 78 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों ने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी। जिला स्कूल क्रिकेट क्लब के ऑलराउंडर एहसान उल्ला ने 37 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। उनके प्रदर्शन ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उत्कृष्ट खेल के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच का सीधा प्रसारण क्रिक हीरोज पर किया गया।

दूसरा मुकाबला रेड ड्रैगन और एयरपोर्ट 11 के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने दमदार खेल दिखाया। मैच में खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच पुरस्कार कांग्रेस नेता मणिकांत सिंह और व्यवसायी राकेश पांडेय ने प्रदान किए। मैदान पर अंपायर मंटू और छोटू की सटीक निर्णय क्षमता की सराहना हुई। उनकी निष्पक्ष अंपायरिंग ने खेल को और बेहतर बनाया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन के मुकाबलों ने एक बार फिर साबित किया कि पलामू कप जिले में क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने का मजबूत मंच बन चुका है।

## लातेहार में लोजपा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रधान का गर्मजोशी से स्वागत, संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रधान मंगलवार को लातेहार पहुंचे। जिलाध्यक्ष राजेंद्र पासवान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने आगामी निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राजनीति विचारधारा की लड़ाई है, व्यक्तिगत नहीं। साथ ही कहा कि हेमंत सरकार अच्छा कार्य कर रही है, इसलिए भविष्य में सत्ता परिवर्तन संभव है।

जिला अध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने बताया कि जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में बेरोजगारी, पलायन सहित जनसरोकार के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

## चैनपुर में एचआईवी-एड्स रोकथाम पर जागरूकता शिविर, भेदभाव को अपराध बताया

● एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों के कानूनी अधिकारों की दी जानकारी, ग्रामीण महिलाओं में बांटे गए पंपलेट

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा-निर्देश और पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देशन में मंगलवार को चैनपुर प्रखंड के पनेरीबांध और बांसडीह में एचआईवी–एड्स रोकथाम और कानूनी अधिकारों पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वक्ताओं ने एचआईवी से जुड़े कानूनी संरक्षण, भेदभाव-निषेध और स्वास्थ्य सेवाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

शिविर में संबोधित करते हुए वक्ता ने कहा कि एचआईवी की स्थिति के आधार पर रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और संपत्ति किराए पर लेने जैसे क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का भेदभाव करना कानूनन अपराध है। उन्होंने बताया कि एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ—जिसमें परामर्श और परीक्षण शामिल हैं—प्राप्त करना उनका अधिकार है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति की एचआईवी स्थिति को उसकी स्पष्ट सहमति के बिना सार्वजनिक नहीं किया जा सकता और इसकी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। पीएलवी ज्योति वर्मा ने कहा कि एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके साथ किसी भी स्तर पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि एचआईवी पॉजिटिव होने के कारण किसी को नौकरी से हटाना गैरकानूनी है। इस संबंध में भारत सरकार ने विशेष कानून बनाया है जो पूरे देश में लागू है। उन्होंने यह भी कहा कि एचआईवी पीड़ितों को नियमित दवा मिल रही है या नहीं, इसकी निगरानी भी आवश्यक है। जागरूकता ही इस बीमारी पर नियंत्रण का सबसे प्रभावी तरीका है। शिविर में डालसा द्वारा संचालित योजनाओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। अंत में ग्रामीण महिलाओं के बीच जागरूकता से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।

## बालूमाथ बाजार में पुलिस का अवैध शराब विरोधी अभियान 50 लीटर महुआ शराब नष्ट

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** मंगलवार को बालूमाथ थाना पुलिस ने हाट बाजार में अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर बिक रही अवैध महुआ शराब और हड़िया को जब्त करते हुए नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि लंबे समय से स्कूल व सार्वजनिक स्थलों के पास अवैध शराब बिक्री की शिकायत मिल रही थी और नशे में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 50 लीटर से अधिक महुआ शराब व हड़िया नष्ट की गई। पुलिस को देखकर अवैध विक्रेता भागने लगे, जिनमें कई लोगों का पीछा कर शराब जब्त की गई। थाना प्रभारी ने चेतावनी दी कि आगे पकड़े जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। अभियान में देवेंद्र कुमार, शमीम खान, चंद्रशेखर दुबे, संजय चौधरी एवं महिला आरक्षियों की सक्रिय भूमिका रही।

## पथरिया कला में जबरन धान काटने के मामले में 16 आरोपियों पर केस

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरिया गांव निवासी विगम सिंह पिता स्व. कर्मदेव सिंह के आवेदन पर चैनपुर थाना में 16 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि आवेदन के आधार पर जयद्रथ सिंह, रामलाल सिंह, छठनी देवी, मंजू देवी, युक्ति देवी, अमरावती कुंवर, राजमणि देवी, राजनंदी देवी, अंगद सिंह, लक्ष्मण सिंह, राजू सिंह, रेतली देवी, मंगरी देवी, सुदर्शन सिंह, कलावती देवी एवं उमेश सिंह सभी ग्राम पथरिया कला पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोप है कि ये सभी खाता संख्या 35, प्लॉट संख्या 82, 84, 85, 95 में दर्ज 75 डिसमिल जमीन पर लगी धान की फसल को भाला, लाठी, बलुआ व गड़ासा के बल पर काट कर अपने घर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मनातू गांव में पति से विवाद के बाद पत्नी का आत्महत्या प्रयास, रिम्स रेफर




**बालूमाथ।** बारियातू थाना क्षेत्र के मनातू गांव में मंगलवार शाम पति से विवाद होने पर बबीता देवी (पति–बैजनाथ भुईया) ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर स्थिति में उन्हें बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने रांची रिम्स रेफर कर दिया। विवाद का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पांच सूत्री मांगों को लेकर मेदिनीनगर नगर निगम कर्मियों की भूख हड़ताल, कामकाज ठप

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम के कर्मचारी मंगलवार को पांच सूत्री मांगों-दैनिक वेतनभोगियों का नियमितीकरण, वेतन संरचना में सुधार, सेवा शर्तों में स्पष्टता, पदोन्नति नीति लागू करने एवं कार्यस्थल सुविधाओं में बढ़ोतरी-को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठे। यह कार्यक्रम झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लॉइज फेडरेशन के बैनर तले आयोजित किया गया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार ने कई बार आश्वासन दिया, पर कार्रवाई नहीं हुई। हड़ताल से नगर निगम का कार्य पूर्णतः ठप रहा और कामकाज के लिए पहुंचे लोगों को बिना सेवा प्राप्त किए वापस लौटना पड़ा। कर्मचारी संघ अध्यक्ष विशुन राम ने चेतावनी दी कि समाधान नहीं होने पर वे अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। फेडरेशन की मेदिनीनगर इकाई के नेता व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सोनिया गांधी के जन्मदिन पर मिशन बालिका विद्यालय में पौधारोपण



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की चेयरपर्सन सोनिया गांधी के जन्मदिन पर 9 दिसंबर 2025 को मिशन बालिका विद्यालय में पूर्व जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने पौधारोपण किया। विद्यालय के बच्चों के बीच पौधे भी वितरित किए गए।

जैश रंजन पाठक ने कहा कि सोनिया गांधी का सार्वजनिक जीवन त्याग, सेवा और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में यूपीए सरकार ने 10 वर्षों तक महत्वपूर्ण योजनाएँ लागू कीं, जिनमें सूचना का अधिकार, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार और मनरेगा शामिल हैं। इन योजनाओं का लाभ आज भी लोगों को मिल रहा है।

कार्यक्रम में ईश्वरी प्रसाद सिंह, अजय साहू, खुर्शीद आलम, प्रभारी प्राचार्या सिस्टर अनास्तासिया, सिद्धार्थ तिवारी, सुशीला कुल्लू, वीणा टोप्पो, अनुभा, रेखा, सुशील कुल्लू, स्कूल की अध्यक्ष आरुषि वैद्य, देवांग शुक्ला, सच्चिदानंद मिश्रा, मुख्तार अंसारी, इकराम अंसारी, भोला प्रसाद, रवि तिवारी, तुलसी पासवान, सौरव पांडे, उमेश यादव सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

### संत मरियम स्कूल व एलन करियर इंस्टिट्यूट का संयुक्त संवाद

## बोर्ड परीक्षा से लेकर इंजीनियरिंग–मेडिकल तक छात्रों के लिए तैयार हुई विशेष सहायता योजना




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर भवन में मंगलवार को आयोजित संत मरियम स्कूल और एलन करियर इंस्टिट्यूट रांची टीम के संयुक्त संवाद कार्यक्रम ने छात्रों को बोर्ड परीक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक व्यापक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत एलन रांची सेंटर हेड हेमंत योगी, एडमिन हेड देवेंद्र अवस्थी, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श, प्रवीण दुबे, विकास कुलभूषण, अविनाश पाठक समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।

कार्यक्रम में एलन टीम ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण रणनीतियाँ साझा कीं। एडमिन हेड देवेंद्र अवस्थी ने करियर निर्माण, समय प्रबंधन और मानसिक संतुलन की उपयोगिता पर जोर देते हुए कहा कि सफलता सही दिशा, सही रणनीति और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

डिवीजन हेड हेमंत योगी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि परिश्रम हर मुश्किल दरवाज़े को खोलने वाली चाबी है।

संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा तभी पूर्ण होती है, जब उसमें संस्कार, अनुशासन और नैतिकता का समन्वय हो। शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण भी है।

प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि विद्यालय छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने घोषणा की कि पलामू के बच्चों को उच्च शिक्षा में अधिक अवसर दिलाने के लिए संस्था विशेष पहल करेगी। दसवीं के बाद इंजीनियरिंग और मेडिकल में नामांकन के दौरान छात्रों को हर संभव आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। विद्यालय के प्रयास से फीस में कमी आएगी और मेधावी तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए निःशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था भी की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य पलामू के प्रतिभाशाली बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण प्रतिस्पर्धी शिक्षा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण दुबे ने किया।

इस मौके पर विकास विश्वकर्मा, श्याम किशोर पांडे, ललन प्रजापति सहित विद्यालय परिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे। यह संवाद कार्यक्रम न केवल बोर्ड परीक्षा की तैयारी में उपयोगी साबित हुआ, बल्कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी पलामू के विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों का मार्ग खोल गया।

# कांडी में किसानों की खरीदी जमीन पर जेसीबी से ट्रेंच खुदाई, फसल बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**कांडी।** लमारी कला पंचायत के सननी स्थित जतकुटवा टोला में गरीब किसानों की खरीदी गई जमीन पर जेसीबी चला कर ट्रेंच खुदवाने का मामला सामने आया है। किसानों ने जिला उपायुक्त को आवेदन देकर खुदाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। किसानों ने बताया कि थाना नंबर 208, पुराना खाता 76, प्लॉट 343, नया खाता 103 और नया प्लॉट 824 में पूर्व सर्वे रैयत पार्वती देवी एवं उनके वंशजों से प्रतिफल देकर जमीन की खरीद 40 वर्ष पूर्व की गई थी। इस जमीन पर किसानों के घर बने हैं और वे इसी पर निर्भर हैं। कई किसानों को आवास योजना के तहत पक्का घर भी मिल चुका है। लगभग डेढ़ दर्जन किसान वर्षों से इस भूमि पर खेती कर रहे हैं, लेकिन विक्रेताओं ने कागजात उनके नाम नहीं लिखे। कुछ किसानों को वन विभाग से पट्टा मिला है, जबकि कई का मामला अभी कोर्ट में लंबित है। किसानों ने बताया कि बिना किसी नोटिस के जेसीबी लगाकर चना, सरसों और अन्य फसलों को नष्ट कर दिया गया, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। मुखन रजवार, अमृत रजवार, रमन रजवार, प्रदीप यादव, रूपन रजवार, लखन रजवार, रामजी यादव, लक्ष्मण रजवार, सुनेश्वर रजवार, फिरंगी रजवार, बलि रजवार, श्याम सुंदर रजवार, बिपत रजवार, पप्पू रजवार, प्रवेश रजवार और शम्भू यादव सहित गरीब परिवार अब उजड़ने के डर में जी रहे हैं। भवनाथपुर वन क्षेत्र के रेंजर प्रमोद कुमार ने फोन पर बताया कि कार्य सर्वे के आधार पर शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि रैयतों के पास कागजात हैं तो वे जमा करें, विभाग सर्वे के आधार पर आगे कार्रवाई करेगा। किसानों ने मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन से पट्टा दिलाने तथा फसल नष्ट करने वाली जेसीबी कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

## लाल–ब्लू बत्ती लगाकर वाहन चलाना पड़ा भारी, पुलिस ने महिंद्रा थार जब्त की




**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने के मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए Jh01FZ3314 नंबर की महिंद्रा ब्लैक थार को जब्त कर लिया। वाहन पर अवैध रूप से लाल और ब्लू बत्ती लगाई गई थी, जो कानूनन प्रतिबंधित है। थाना प्रभारी ने बताया कि बिना अनुमति किसी निजी वाहन पर ऐसी बत्तियों का उपयोग अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस ने चालक पर चालान भी किया। इसके अलावा बिना नंबर प्लेट के पांच दोपहिया वाहनों पर भी चालान काटा गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में स्पष्ट संदेश गया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन कर विशेष सुविधा लेने वालों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## कड़ाके की ठंड पर सदन में बोले विधायक अनंत प्रताप देव

**गढ़वा।** जिले समेत पूरे प्रदेश में बढ़ती कड़ाके की ठंड को देखते हुए भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने सदन में जोरदार आवाज उठाई। उन्होंने सरकार से मांग की कि गरीबों, असहायों, बेसहारा लोगों और बुजुर्गों के लिए अलाव की समुचित व्यवस्था की जाए तथा कंबल वितरण का कार्य तुरंत शुरू किया जाए। विधायक ने कहा कि प्रदेश में लगातार गिरते तापमान के कारण कई परिवार गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि हर जरूरतमंद को ठंड से राहत प्रदान की जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे जनता की समस्याओं को लेकर हमेशा तत्पर हैं और आगे भी इसी प्रकार मजबूती से मुद्दे उठाते रहेंगे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में पारस्परिक संबंध मॉड्यूल पर प्रशिक्षण आयोजित

## अन्य विद्यालयों के बच्चों ने भी सहभागिता दिखाते हुए सीखी संवाद व सहयोग की महत्वपूर्ण सीख

**नवीन मेल संवाददाता**



**खरौंधी (गढ़वा)।** मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां समेत प्रखंड के अन्य कई विद्यालयों में पारस्परिक संबंध मॉड्यूल पर विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व जिला संसाधन समूह (डीआरजी) के प्रशिक्षक अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। यह कार्यक्रम C3 के जिला प्रतिनिधि आकाश कुमार के नेतृत्व और निर्देश में आयोजित किया गया। डीआरजी अरविन्द कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता और संतुलन बनाए रखने के लिए पारस्परिक संबंध बेहद आवश्यक कौशल है। उन्होंने छात्रों को समझाया कि साथी विद्यार्थियों, शिक्षकों, माता-पिता तथा समुदाय के सदस्यों के साथ सम्मान, सहयोग और सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना जीवन को सकारात्मक दिशा देता है। उन्होंने प्रभावी संवाद, धैर्य, सहानुभूति और टीमवर्क को मजबूत संबंधों की रीढ़ बताया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को विभिन्न गतिविधियों और उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि किसी भी विवाद या गलतफहमी की स्थिति में शांत रहना, सामने वाले की बात ध्यान से सुनना और मिलकर समाधान निकालना ही श्रेष्ठ तरीका है। अरविन्द कुमार गुप्ता ने कहा कि यदि छात्र इन सिद्धांतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएँगे, तो उनकी व्यक्तित्व विकास और शैक्षणिक प्रगति दोनों में अभूतपूर्व सुधार होगा। सत्र में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई महत्वपूर्ण सवाल भी पूछे। कार्यक्रम मझिगावां सहित अन्य विद्यालयों के बच्चों के लिए सामाजिक संवेदनशीलता और सकारात्मक व्यवहार विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## बरसात बाद भी रेलवे अंडरपास में जलजमाव से ग्रामीण परेशान

**रमना।** बरसात का मौसम खत्म हुए तीन माह बीत चुके हैं, लेकिन रमना कर्णपुरा रेलवे अंडरपास में जमा पानी आज भी ग्रामीणों की परेशानी बना हुआ है। कड़ाके की ठंड में जहां लोग गर्म पानी का उपयोग कर रहे हैं, वहीं अंडरपास के दूषित और जमा पानी से पैदल राहगीरों का गुजरना किसी संघर्ष से कम नहीं है। अंडरपास में भरे पानी से सबसे अधिक दिक्कत पैदल चलने वालों और अनजान वाहन चालकों को हो रही है, जो यहां से गुजरते समय फिसलने और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। लगभग पांच–छह माह से यह अंडरपास इसी स्थिति में है और संबंधित विभागों— रेलवे, प्रखंड प्रशासन तथा जनप्रतिनिधि— द्वारा कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

## 26 घंटे की मशक्कत के बाद तालाब से मिला प्रमोद कोरवा का शव

- मछली मारने उतरे व्यक्ति की मौत, पूरे गांव में मातम—छत्तीसगढ़ से बुलानी पड़ी तैराकों की टीम

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनियां।** थाना क्षेत्र के पशुखांड गांव में सोमवार सुबह हुई दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को शोक में डूबो दिया। पशुखांड निवासी प्रमोद कोरवा (45 वर्ष) सुबह करीब 8 बजे गांव के तालाब में मछली मारने उतरे थे, इसी दौरान गहरे पानी में डूबने से उनकी मृत्यु हो गई। तालाब की अत्यधिक गहराई के कारण शव को बाहर निकालना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य साबित हुआ। सूचना मिलते ही चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दिनभर तलाशी अभियान चलाया, किंतु सफलता नहीं मिली। शाम होते ही ठंड बढ़ने पर अभियान रोकना पड़ा। मंगलवार सुबह रोशनी होते ही तलाशी अभियान दोबारा शुरू हुआ। छत्तीसगढ़ से बुलाए गए प्रोफेशनल तैराकों की टीम ने अथक प्रयास किया और *करीब 26 घंटे बाद सुबह 11 बजे भंवर-जाल की सहायता से शव को बरामद किया। शव मिलते ही पत्नी, बच्चे और परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए। प्रमोद कोरवा अपने पीछे दो पुत्र और तीन पुत्रियों को छोड़ गए हैं। घटना ने पूरे गांव को शोक में डूबा दिया है। पंचायत मुखिया रामेश्वर सिंह ने गहरा दुख व्यक्त किया और भविष्य में जागरूकता बढ़ाने की बात कही। वहीं बीडीसी प्रतिनिधि दयानंद रवि लगातार दो दिनों तक स्थल पर मौजूद रहकर बचाव कार्य में सहयोग करते रहे। घटना स्थल पर एएसआई काशिद हुसैन, पुलिस बल तथा हजारों ग्रामीण मौजूद रहे।

## भवनाथपुर, केतार व खरौंधी के सभी डीलरों को मिली नई 4जी पॉस मशीन

- तेज़ वेरिफिकेशन से लाभुकों को मिलेगी सुविधा, पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में बढ़ेगी पारदर्शिता

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को भवनाथपुर, केतार और खरौंधी प्रखंडों के सभी डीलरों के बीच नई 4जी पॉस मशीन का वितरण किया गया। वितरण कार्य पॉस मशीन टेक्नीशियन अमित उपाध्याय और विजन टेक्स कंपनी के प्रतिनिधि कुलदीप मंडल की देखरेख में सम्पन्न हुआ। दोनों विशेषज्ञों ने डीलरों को मशीन के संचालन, सिस्टम अपडेट, फिंगरप्रिंट वेरिफिकेशन और नेटवर्क सेटिंग्स से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया। जानकारी के अनुसार भवनाथपुर प्रखंड के 77, केतार के 31 और खरौंधी के 34 डीलरों को यह नई मशीन उपलब्ध कराई गई है। अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से उपयोग हो रही पुरानी 2जी मशीनों के स्थान पर नई 4जी पॉस मशीन मिलने से नेटवर्क की समस्याएँ काफी कम होंगी। लाभुकों को राशन लेने के लिए अब लंबी लाइनों में प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी क्योंकि मशीन पर वेरिफिकेशन पहले से काफी तेजी से होगा। अधिकारियों ने बताया कि इससे न केवल डीलरों के कार्य में सुविधा होगी, बल्कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की पारदर्शिता और दक्षता दोनों में बढ़ोतरी होगी। तेज नेटवर्क वाले उपकरण से त्रुटियों की संभावना भी कम हो जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव मिल सकेगा।

## राजीव रंजन का एसएससी सीजीएल में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

- सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर हुआ चयन, शिक्षकों व बुद्धिजीवियों ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** बाजार निवासी तथा सहायक शिक्षक धर्म प्रकाश कमलापुरी के पुत्र राजीव रंजन*ने प्रतिष्ठित *एसएससी सीजीएल परीक्षा* में सफलता प्राप्त कर सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर चयन हासिल किया है। उनकी उपलब्धि से पूरा क्षेत्र उत्साह और गर्व से भर उठा है। स्थानीय लोगों, शिक्षकों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने राजीव रंजन को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन ने क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का नया मार्ग प्रशस्त किया है। राजीव रंजन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और कठिन परिश्रम को दिया है। क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग इसे पूरे केतार का गौरव मान रहे हैं।


### शपथ पत्र



मैं, शशि कांत सिंह, ग्राम-कजरी, थाना-पड़वा जिला-पलामू, राज्य-झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र एवं मैट्रिक के शैक्षणिक प्रमाण पत्र में खुशी कुमारी (KHUSHI KUMARI) दर्ज है। पिता का नाम शशि कांत सिंह (SHASHI KANT SINGH) तथा माता का नाम किरण देवी है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या 721384734823 में नाम नम्रता सिंह है एवं पिता का नाम शशि कांत सिंह दर्ज है। मेरी पुत्री का पुराना नाम नम्रता सिंह है और आज के बाद मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र के अनुसार नया नाम खुशी कुमारी (KHUSHI KUMARI) से जानी एवं पहचानी जाएगी। आज के बाद मेरी पुत्री का सारा कार्य इसी नया नाम खुशी कुमारी (KHUSHI KUMARI) से किया जाएगा। मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड में नाम सुधार कर नम्रता सिंह की जगह खुशी कुमारी (KHUSHI KUMARI) दर्ज कराने हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

**शपथ पत्र संख्या–4804 (04/12/2025) E.No–JH209/2025**


## प्रखंड में दो शिक्षकों का प्रतिनियोजन 24 घंटे में प्रभार ग्रहण का निर्देश

- त्यागपत्र के बाद शिक्षा विभाग ने की त्वरित वैकल्पिक व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोसडिहरा और प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा में कार्यरत सहायक शिक्षकों के प्राथमिक शिक्षक के रूप में चयन होने के बाद उनके त्यागपत्र दे देने से दोनों विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग ने तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था लागू करते हुए दो सहायक शिक्षकों का प्रतिनियोजन कर दिया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय 50 नंबर के सहायक शिक्षक विनायक प्रसाद को प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा में प्रतिनियोजित किया गया है। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय परती के शिक्षक राम लखन राम को प्राथमिक विद्यालय कोसडिहरा में प्रतिनियोजित किया गया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडे ने दोनों शिक्षकों को निर्देश दिया है कि वे 24 घंटे के भीतर संबंधित विद्यालयों में पूर्ण प्रभार ग्रहण करें और इसकी सूचना बीआरसी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। शिक्षा विभाग की यह त्वरित पहल विद्यार्थियों के नियमित पठन-पाठन को सुचारू रखने के उद्देश्य से की गई है।

## वीर परिवार के दिव्यांग सदस्य को डीएलएसए की मानवतापूर्ण पहल



**रंका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (गढ़वा) के निर्देश पर मंगलवार शाम रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने बिश्रामपुर पंचायत स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से सेवानिवृत्त वीर परिवार के दिव्यांग सदस्य सुशील एक्का (68 वर्ष) के घर जाकर चिकित्सीय सहायता प्रदान की। पीएलवी (पैरालीगल वॉलंटियर) राजेश कुमार चौधरी के आग्रह पर डॉक्टर कृष्ण कुमार के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने घर पहुंचकर स्वास्थ्य जांच की। जांच में बीपी और शुगर सामान्य पाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि भोजन में अनियमितता और पौष्टिक आहार की कमी के कारण उनकी शारीरिक कमजोरी बढ़ी है, जिसके लिए आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही पीएलवी और स्वास्थ्य कर्मियों ने सुशील एक्का को ट्राईसाइकल, चप्पल, दवा और नाश्ता प्रदान किया, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिली। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि डीएलएसए वीर परिवारों को कानूनी सहायता, पेंशन तथा सेवा से संबंधित मामलों में लगातार सहयोग करता है। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी दीपक कुमार, रामप्रवेश प्रसाद, प्रकाश पासवान और रवि एक्का उपस्थित रहे।


### कार्यालय कार्यपालक अभियंता
### लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

पत्रांक– 938 /दिनांक– 09.12.2025

**शुद्धि पत्र सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0– WRD/MID/LATEHAR/F2-57/2025-26 जिसका PR No-367214 water resource (25-26)_D है को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | :– | बंझाबहेर नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड– हेरहंज, जिला–लातेहार |
| 2 | ई0निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | :– | 12.12.2025 |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 27.12.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक) |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 27.12.2025 (3.00 बजे अपराह्न तक) |
| 5 | ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय। | :– | 29.12.2025 (5.00 बजे अपराह्न) |

नोट:– निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।
निविदा की अन्य शर्त्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 368121 Water Resource (25-26)_D


## सड़क बाधित: ट्रैक्टर से धान झड़ाई से आक्रोशित ग्रामीणों ने मार्ग किया जाम

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कला गढ़ा होते हुए पतीला–गढ़वा मुख्य मार्ग पर मंगलवार को स्थानीय लोगों ने सड़क को पूरी तरह बाधित कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य सड़क पर ट्रैक्टर से धान की झड़ाई लंबे समय से की जा रही है, जिससे मार्ग अवरुद्ध रहता है और आवाजाही बाधित होती है। राहगीरों ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है। घर से स्नान कर कार्यालय या आवश्यक कार्य से निकलने वाले लोगों को भी इनकी इच्छा के अनुसार ही मार्ग मिल पाता है। कई लोगों का कहना है कि यदि विरोध करें तो लाठी खाने तक की नौबत आ जाती है, जिससे इलाके में भय का माहौल बन गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अशफाक आलम ने कहा कि आवेदन देने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### रंका में उत्साह से सम्पन्न हुआ प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का दूसरा दिन

## कबड्डी व एथलेटिक्स में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, अतिथियों ने बढ़ाया मनोबल

**नवीन मेल संवाददाता**




**रंका।** मेरा युवा भारत (गढ़वा) के बैनर तले रंका में आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का दूसरा दिन उत्साहपूर्ण माहौल के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख श्रीमती अनुभा सिंह, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनो, इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम तथा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मोहित चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया। प्रतियोगिता की शुरुआत कबड्डी मुकाबलों से हुई, जिसमें रोमांच चरम पर रहा। पहला मुकाबला कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रंका और परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के बीच खेला गया, जिसमें परियोजना कन्या उच्च विद्यालय ने मात्र 1 अंक से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में राजकीयकृत उच्च विद्यालय रंका ने परियोजना कन्या उच्च विद्यालय रंका शहरी टीम को 1 अंक से हराया फाइनल मैच में राजकीयकृत उच्च विद्यालय रंका और परियोजना कन्या उच्च विद्यालय रंका आमने-सामने हुए, जहां परियोजना कन्या उच्च विद्यालय ने 2 अंकों से जीत हासिल की। एथलेटिक्स इवेंट में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 400 मीटर पुरुष वर्ग में रविकिशन कुमार प्रथम, नंदकिशोर कुमार द्वितीय और कृष्णा सिंह तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद पुरुष वर्ग में रविकिशन कुमार प्रथम, सूरज कुमार द्वितीय और दिनेश कुमार तृतीय रहे। 200 मीटर महिला वर्ग में मनीषा कुमारी प्रथम, शारदा कुमारी द्वितीय और रीना कुमारी तृतीय रहीं। रस्सी कूद में पार्वती कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया। अतिथियों ने युवाओं को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रखंड प्रमुख श्रीमती अनुभा सिंह ने कहा कि खेलकूद युवा पीढ़ी में अनुशासन, नेतृत्व और स्वास्थ्य निर्माण का माध्यम है। एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने खेलों को जीवन के संतुलन का आधार बताया। कार्यक्रम संचालन अमरेन्द्र कुमार ने किया। आयोजन में रविरंजन कुमार, अविनाश कुमार, सचिन कुमार, सोनू कुमार मद्धेशिया, रेफरी जेम्स बड़ा तथा खेल शिक्षक संजीत कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में अनेक शिक्षक और सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।


### कार्यालय–अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 03 /2025–2026

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू अंतर्गत अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू हेतु बाहयश्रोत से बोलेरो NEO वाहन रखने हेतु निविदा दिनांक 31.12.2025 के अपराहन 05.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्रं0 | विवरण | बाहयश्रोत से बोलेरो NEO वाहन रखने हेतु |
|---|---|---|
| 01. | निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू |
| 02. | कार्यालय से निविदा पेपर प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं शुल्क जो DD के रुप में अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू के नाम से देय होगा | दिनांक 29.12.2025 / रु0 3000.00 (तीन हजार) मात्र Non-Refundable |
| 03. | कार्यालय में DD एवं निविदा का हार्ड कॉपी में प्राप्ति की अंतिम तिथि | दिनांक 31.12.2025 के अपराहन 05.00 बजे तक |
| 04. | निविदा खोलने का स्थान /तिथि / समय | अधीक्षक, एम0एम0सी0एच0, पलामू का प्रकोष्ठ/ दिनांक 04.01.2026 / अपराहन 03.00 बजे |
| 05. | अग्रधन की राशि जो अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू के नाम से DD के रुप में देय होगा | रु0 50000.00 (पचास हजार) मात्र Refundable |

उक्त निर्धारित स्थान एवं समय पर निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदा के तकनीकी भाग के सफल निविदादाता का ही वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा की शर्त आदि की जानकारी www.palamu.nic.in पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू

PR 368065 (District)25-26*D

### कदगावांकला मुखिया का औचक निरीक्षण

## बच्चे नदारद, सेविका गायब



- अनियमितता पर नाराज़ मुखिया ने छात्रों को पढ़ाया गणित, शिक्षकों को चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** कदगावांकला पंचायत के मुखिया अशोक कुमार भुईयां ने मंगलवार को कदगावांखुर्द आंगनबाड़ी केंद्र और उत्क्रमित मध्य विद्यालय कदगवांखुर्द का औचक निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं मिला और सेविका भी गायब थी। केवल सहायिका सेंटर पर थी। उसने बताया कि सेविका किसी फॉर्म संबंधी कार्य से विद्यालय गई है।
विद्यालय निरीक्षण के दौरान कक्षा 8 के बच्चों से सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे गए, परंतु अधिकांश छात्र संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। मुखिया ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का निर्देश दिया।
उपस्थिति पंजी की जांच में भी अनियमितता सामने आई पंजी में उपस्थित बच्चों की संख्या वास्तविक उपस्थिति से अधिक दर्ज थी। इसके बाद मुखिया अशोक कुमार ने स्वयं कक्षा में बच्चों को गणित पढ़ाया और पढ़ाई के प्रति गंभीर होने की सलाह दी।

# महुआडांड़ में मोबाइल छिनतई का आरोप, एक गिरफ्तार और दो फरार

- आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया, फरार आरोपियों की लगातार तलाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** मोबाइल छिनतई के आरोप में महुआडांड़ थाना कांड संख्या 53/25, दिनांक 08/12/2025 के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी आकिब अली, उम्र लगभग 19 वर्ष, पिता यूसुफ अली, निवासी गुड़गुटोली, थाना महुआडांड़, जिला लातेहार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में मण्डल कारा, लातेहार भेज दिया।




घटना में शामिल दो अन्य नामजद आरोपी अभी फरार हैं। इनमें साहिल उर्फ चिल्ड, पिता मो मुर्सिल, निवासी जरहाटोली और खलील अंसारी, पिता स्व इस्माईल अंसारी, निवासी अम्बवाटोली शामिल हैं। पुलिस उनकी लगातार छापामारी कर रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने छिनतई के मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि किसी भी परिस्थिति में इस तरह के अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। आम लोगों से भी अनुरोध किया गया है कि इस तरह की घटनाओं में सतर्क रहें और किसी भी अपराध में संलिप्त न हों।

## अनपढ़ विधवा से छल, 5 डिसमिल के बदले 24 डिसमिल जमीन हड़पी

- मुखिया और सहयोगी पर आरोप, पीड़ित परिवार बोला- न मिला न्याय तो आमरण अनशन करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड में एक विधवा को उसकी जमीन से वंचित किए जाने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मौजा बालूमाथ, खाता संख्या 298, प्लॉट 2985 की 24 डिसमिल जमीन विधवा लौकी देवी की जीवनभर की जमा-पूंजी थी, परंतु स्थानीय मुखिया नरेश लोहार और शिवनाथ ठाकुर पर जमीन हड़पने का गंभीर आरोप लगा है।
परिवार के अनुसार, विधवा को मात्र 5 डिसमिल जमीन बेचने का झांसा दिया गया, जबकि रजिस्ट्री 24 डिसमिल की करा ली गई। इसके बाद उक्त जमीन मोतीउल रहमान के नाम सिर्फ 5 लाख रुपये में बेच दी गई, जबकि इसकी वास्तविक कीमत 2 लाख रुपये प्रति डिसमिल से भी अधिक बताई जाती है।
अनपढ़ होने का फायदा उठाकर की गई इस धोखाधड़ी से परिवार टूट चुका है। बेटा मुकुंद लोहार ने बताया कि वे कई बार आंचल कार्यालय, एलआरडीसी व डीसी कार्यालय में शिकायत कर चुके हैं, पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।
पीड़ित परिवार ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला, तो वे आमरण अनशन और भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर गरीबों के हक की रक्षा करने की मांग की है।

## चंदवा में बंद पड़ा ट्रामा सेंटर जल्द चालू करने की मांग तेज

- पंसस ने उपायुक्त को लिखा पत्र, कहा- गंभीर मरीजों के लिए जीवन रक्षक सुविधा बने बेकार

**नवीन मेल संवाददाता**




**चंदवा।** पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने लुकूईया–चांपी पथ स्थित नवनिर्मित ट्रामा सेंटर को तत्काल चालू कराने की मांग को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष कुमार गुप्ता को पत्र भेजा है। पंसस ने अपने पत्र में स्पष्ट लिखा है कि ट्रामा सेंटर का भवन बनकर तैयार हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, मगर इसे अब तक संचालित नहीं किया गया है।
उन्होंने कहा कि यह मार्ग दुर्घटना जोन है, जहां लगातार हादसे होते हैं। ट्रामा सेंटर का उद्देश्य यह था कि गंभीर रूप से घायल मरीजों को तुरंत प्राथमिक उपचार देकर उनकी जान बचाई जा सके। मगर केंद्र बंद होने के कारण प्रखंडवासियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। सुविधाओं के अभाव में सीएचसी से हर महीने कई गंभीर मरीजों को सदर अस्पताल लातेहार या रिम्स रांची रेफर कर दिया जाता है। कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। पंसस ने मांग की है कि ट्रामा सेंटर में चिकित्सक, ड्रेसर, एएनएम और एम्बुलेंस की नियुक्ति कर इसे शीघ्र चालू किया जाए ताकि जान बचाने वाली यह सुविधा वास्तव में जनहित में उपयोगी बन सके।

## प्रखंड समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातु।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में मंगलवार को बीडीओ अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता में प्रखंड समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बीडीओ ने पंचायत सचिवों को लंबित कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया, ताकि योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। बैठक में बीपीओ बिक्की देवल, रोजगार सेवक सुरेंद्र यादव, हिरालाल, राहुल कुमार, अभिनाश पाठक, धीरज कुमार राणा, पंकज कुमार पांडेय, नितीश कुमार, सुशीला बागे सहित सभी विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

## बाल विवाह रोकथाम और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** गारु प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में बाल विवाह रोकथाम और लिंग आधारित भेदभाव समाप्त करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला समाज कल्याण विभाग के द्वारा आयोजित था।
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेमब्रोम ने बाल विवाह रोकथाम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना और विभागीय कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चियों के जन्म पर एक पेड़ लगाने का संकल्प दिलाया।
उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बच्चियों की शिक्षा और वैवाहिक आयु तक विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा स्कूली छात्राओं के बीच विभागीय योजनाओं की जानकारी से संबंधित डायरी का वितरण किया गया।




कार्यक्रम में बाल विवाह, बाल श्रम, बच्चों की सुरक्षा, पुनर्वास और पुनर्स्थापन से जुड़े बिंदुओं पर भी जानकारी दी गई।
मौके पर अंचल अधिकारी दिनेश मिश्रा, शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि, जेएसएलपीएस की महिलाएं, छात्र-छात्राएं और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

### कड़कड़ाती ठंड में समाजसेवी ने वितरित किए 500 कंबल

**हंटरगंज (चतरा)।** डुमरीकला पंचायत के पूर्व मुखिया व समाजसेवी कंचन यादव ने मंगलवार को लगभग 500 कंबल असहाय और जरूरतमंदों में वितरित किए। वितरण तुलसीपुर स्थित उनके आवास में हुआ, जिसमें आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हुए। कंचन यादव ने कहा कि गरीबों और असहायों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मुखिया पद पर न होते हुए भी समाज की सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं।

## डिग्री कॉलेज निर्माण को लेकर राशि स्वीकृत होने पर झामुमो नेता ने सरकार के प्रति आभार जताया

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** झारखंड कैबिनेट द्वारा बालूमाथ में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए 38.82 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री सचिवालय की विज्ञप्ति संख्या 600/2025 के अनुसार नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू के अंतर्गत नए डिग्री महाविद्यालय को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इससे बालूमाथ में सरकारी डिग्री कॉलेज की वर्षों से लंबित मांग पूरी होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।
झामुमो के केंद्रीय सदस्य जुनैद अनवर ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में यह मांग लंबित रही, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे मंजूरी देकर युवाओं के लिए उच्च शिक्षा का मार्ग सुनिश्चित किया है।
उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कई बार मुख्यमंत्री से मिलकर मांग रखी थी, जिसके परिणामस्वरूप यह निर्णय संभव हो सका।

## सदर अस्पताल में पैसे की मांग के आरोप पर जांच कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार सदर अस्पताल में इलाज के दौरान पैसे की मांग किए जाने के मामले में जांच की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और लातेहार उपायुक्त को टैग करते हुए सोशल मीडिया पर संबंधित वीडियो साझा किया है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सदर अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों खासकर गरीब और असहाय वर्ग के लोगों से दलालों तथा अस्पताल कर्मियों द्वारा पैसे की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया



कि सोमवार को होटवाग निवासी एक मरीज रंजू कुमारी के परिजन से बायोप्सी जांच के लिए 7000 रुपये की मांग की गई। पैसा नहीं देने पर ऑपरेशन थिएटर सहायक दीपक कुमार ने नमूना परिजन को वापस कर दिया, ऐसी शिकायत मरीज की मां रानी देवी ने की है। प्रतुल शाहदेव ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर दोषी कर्मी पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को उचित उपचार मिल सके और किसी भी प्रकार की वसूली रोकी जा सके।

### आदिवासी सामाजिक सांस्कृतिक विकास संगठन का 12वां स्थापना दिवस मनाया गया

# विकास के साथ संस्कृति का संरक्षण जरूरी : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** सासंग पंचायत के सिकनी दामर स्थित सरना शक्ति खूंटा परिसर में मंगलवार को छः पड़हा आन, कीता, सोंस, सिकनी दामर व बरवाडीह के संयुक्त तत्वावधान में आदिवासी सामाजिक सांस्कृतिक विकास संगठन का 12वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छः पड़हा पुजारी चमन पाहन के सानिध्य में समिति के अध्यक्ष जागा उरांव, सचिव बाबूलाल उरांव, कोषाध्यक्ष महरंग उरांव, छः पड़हा राजा राजनाथ उरांव, दीवान नवाहिर उरांव, कृष्णा उरांव, जुगेश्वर उरांव सहित समुदाय के लोगों द्वारा सरना शक्ति खूंटा स्थल पर पूजा-अर्चना से हुई।



इसके बाद सामूहिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रकाश राम तथा विशिष्ट अतिथि सरना अखड़ा चाला निदेशक बंदी उरांव और चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रीति से किया गया। विधायक प्रकाश राम ने संगठन को एकजुटता, कुरीतियों को दूर करने और सांस्कृतिक पहचान सुरक्षित रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विकास के साथ संस्कृति का संरक्षण आवश्यक है।
समिति के जागा उरांव, राजनाथ उरांव और नवाहिर उरांव ने बताया कि वर्ष 2005 में इसी स्थल से समाज को संगठित करने की शुरुआत हुई थी। वर्ष 2018 में यहां सरना धर्म शक्ति खूंटा की स्थापना की नींव रखी गई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इसे और विकसित करने की योजना है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, एकजुटता और कुरीतियों के उन्मूलन में सक्रिय लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छः पड़हा आन, कीता, सेरक, चेटर, सिकनी व बरवाडीह के लोगों का योगदान रहा। बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### बरवाडीह में फर्जी लगान रसीद का मामला उजागर

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के कुटमू निवासी ने उपायुक्त के माध्यम से आवेदन देकर भूमि विवाद का मामला उजागर किया। उनका आरोप है कि तत्कालीन अंचल अधिकारी मनोज कुमार और वादी उमाशंकर प्रसाद ने खाता संख्या 81 के कुछ प्लॉट की 2016-17 तक की लगान रसीद फर्जी तरीके से जारी की। आवेदन में बताया गया कि खाता धारक नारायण बैठा, चलितर बैठा और हरेश बैठा के नाम से ऑनलाइन रसीद 2017 से 2025-26 तक जारी होती रही, जबकि हाल की सर्वे में भूमि उनके नाम पर दर्ज नहीं थी। निवासी ने अंचल अधिकारी और वादी पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## न्यूज बॉक्स

### सीजीएल परीक्षा में सफल प्रतिभागी बने युवाओं के प्रेरणास्रोत

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड और आसपास के गांवों के कई युवाओं ने सीजीएल परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। सफल अभ्यर्थियों में अंशुमान तिवारी (कढ़नी), रुपेश कुमार, पीयूष कुमार, मयंक कुमार सिंह (बुकरु), राहुल कुमार (रोल-बदबिगहा), परितोष कुमार सिन्हा (खढ्ढैया), मंजीत कुमार, रोहित कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, धीरज कुमार सिंह (कबरा), आशुतोष कुमार (सेरनदाग), प्रभाकर कुमार (सराढु) और उज्ज्वल कुमार मिश्र (कुड़लौंगा) शामिल हैं। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये युवा तैयारी कर रहे अन्य प्रतिभागियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

### अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए चिपकाया गया इश्तेहार

**कुंदा (चतरा)।** आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के तहत दर्ज मामले में फरार अभियुक्त गिरेंद्र गंझु उर्फ गिरेंद्र जी (ग्राम हिंदिया खुर्द) के घर पुलिस की संयुक्त टीम ने इश्तिहार चिपकाया। कुंदा पुलिस और पांकी पुलिस ने ग्रामीणों और दो स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में घर के मुख्य दरवाजे पर ढोल–डुगडुगी बजाकर यह कार्रवाई की। पुलिस ने चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर भी इश्तिहार चिपकाया है। इसमें अभियुक्त को अदालत में तत्काल आत्मसमर्पण करने को कहा गया है, अन्यथा आगे कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से स्कूली छात्र घायल

**लातेहार।** शहर के बानपुर मुहल्ले में मंगलवार को दो स्कूली बच्चों को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में 12 वर्षीय साहिल अंसारी, पिता अब्दुल शमद अंसारी, निवासी अमंवाटीकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल बच्चे को लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पुष्टि की कि बच्चे का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया है। पुलिस ने बाइक चालक को हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में लोगों में आक्रोश फैला और उन्होंने सड़क पर यातायात नियंत्रण बढ़ाने और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

### बीडीओ ने दिखाई मानवता, दिव्यांग व्यक्ति ने किया सराहना

**लातेहार।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में बीडीओ रेश्मा रेखा मिंज जनता दरबार के दौरान एक वृद्ध दिव्यांग व्यक्ति चूलाही सिंह की समस्या देखी। उन्होंने तुरंत पीएचडी विभाग के सहायक अभियंता को निर्देश देकर जलमीनार की मरम्मत कराई। इसके अलावा, दिव्यांग व्यक्ति का आधार अपडेट और डीबीटी भी कराया गया। वृद्ध व्यक्ति ने बीडीओ की सराहना करते हुए कहा, “मैडम ने तुरंत काम कर दिया।” बीडीओ ने कहा कि ड्यूटी के साथ मानवता निभाना भी बहुत जरूरी है।

### एक सप्ताह से गुमशुदा पति की खोज में पत्नी ने लगाई गुहार



**चंदवा।** बनहरदी ग्राम पंचायत निवासी सोनी उरांव ने अपने पति मनोज उरांव की गुमशुदगी को लेकर प्रशासन से मदद मांगी है। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि 3 दिसंबर की रात करीब 8 बजे अंतिम बार बात हुई थी। उन्होंने बताया था कि वह बनहरदी से लातेहार जा रहे हैं। इसके बाद फोन लगातार बंद मिला और कई प्रयासों के बावजूद कोई सूचना नहीं मिली। परिजनों ने रिश्तेदारों एवं अन्य स्थानों पर खोजबीन की, पर सुराग नहीं मिला। सोनी उरांव ने प्रशासन से मामले की जांच कर पति की खोज करने की मांग की है।

### चंदवा सीएचसी में आज लगेगा दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर

**चंदवा।** लातेहार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न सीएचसी और पीएचसी में दिव्यांगता प्रमाणन शिविर लगाए जा रहे हैं। जारी आदेश के अनुसार इन शिविरों में योग्य दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। सदर अस्पताल लातेहार की विशेषज्ञ टीम प्रमाणन कार्य करेगी। बुधवार को चंदवा सीएचसी में शिविर लगेगा, जिसमें चिकित्सा पदाधिकारी, नर्सिंग स्टाफ, यूडीआईडी कार्ड प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहेंगे। सिविल सर्जन ने सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि अधिक से अधिक दिव्यांगजन शिविर तक पहुँचें, इसके लिए व्यापक प्रचार किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र आवेदन आवश्यक दस्तावेज पूरे होने पर अस्वीकृत नहीं किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जिले के सभी दिव्यांग व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु वैध प्रमाणपत्र उपलब्ध कराना है।

### नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**चतरा।** लावालौंग थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया। पीड़िता के परिजन ने लावालौंग थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, 20 नवंबर को दो युवकों ने छात्रा को जबरन कार में बैठाकर सुनसान इलाके में ले जाकर धमकाया। बाद में उसे मंदिर के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### राकेश यादव ने जीएसएससी सीजीएल में हासिल की सफलता, गांव में खुशी की लहर

**गिद्धौर (चतरा)।** नयाखाप गांव के राकेश कुमार यादव ने अनारक्षित कोटे से जीएसएससी सीजीएल में कनीय सचिवालय सहायक पद पर सफलता प्राप्त की। उनकी सफलता से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। राकेश ने अपनी सफलता का श्रेय मां और छोटे भाई दीपक को दिया। उन्होंने बताया कि चार वर्ष की उम्र में उनके पिता स्व. रामचंद्र यादव का निधन हो गया। मां ने मजदूरी कर उनका पालन-पोषण किया। छोटा भाई दीपक भी पढ़ाई में आर्थिक सहयोग करता रहा। राकेश की सफलता को परिवार का संघर्ष और सहयोग और प्रेरणादायक बनाता है।

### 27 एकड़ अवैध अफीम की खेती नष्ट, पुलिस अभियान सफल

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में अवैध अफीम की खेती नष्ट करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। लावालौंग, कुंदा, वशिष्ठनगर और राजपुर थाना क्षेत्रों में कुल 27 एकड़ वन भूमि पर उग रही अवैध अफीम की फसल को शुरुआती अवस्था में ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने अवैध खेती में शामिल व्यक्तियों की पहचान कर विधि-सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। आमजन से अपील की गई है कि वे अवैध अफीम की खेती न करें और पुलिस का सहयोग करें।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

**चतरा।** उपायुक्त कीर्तिश्री ने मंगलवार को समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों की समस्याएँ सुनी। भूमि विवाद, आवास, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े कई मुद्दे जनता ने रखे। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन हर मंगलवार और शुक्रवार सुबह 11:30 से 12:30 बजे जनता दरबार आयोजित करता है।

### मनरेगा और आवास योजनाओं की समीक्षा

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को मनरेगा और आवास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने की। बैठक में प्रखंड कार्यालय के कर्मी, पर्यवेक्षक, कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा व आवास), मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक और कनीय अभियंता उपस्थित रहे। सभी एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से अबुआ आवास के तहत लंबित किश्त भुगतान, आधार सीडिंग, पीएमएवाईजी/अबुआ आवास लाभार्थियों की अभिसरण स्थिति, मनरेगा मानव दिवस सृजन, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोतो हो खेल विकास योजना, एबीपीएस आधारित भुगतान प्रणाली और पुरानी लंबित योजनाओं का समापन पर ध्यान दिया गया। बीडीओ ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पंचायत में धान अधिप्राप्ति हेतु केंद्र स्थापित किया जाए। पंचायत सचिवों को अव्यवहृत सरकारी भवनों की सूची उपलब्ध करानी होगी। 103 आंगनबाड़ी केंद्र ‘सक्षम’ के रूप में चिन्हित हैं, जिनमें पोषण वाटिका निर्माण अनिवार्य है। कनीय अभियंताओं को कूप निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया।

# न्यूज बॉक्स

## वित्त पोषित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**लोहरदगा।** कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित्त पोषित कल्याण अस्पताल हेंसल बसारडीह लोहरदगा संचालित विकास भारती बिशनपुर में एक दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा लोहरदगा रांची लातेहार आदि जिलों के तकरीबन 67 गांव के ग्रामीणों का चिकित्सा जांच किया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में हड्डी जोड़ नस रोग विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ विजय पारस हॉस्पिटल रांची के डॉक्टर कुंवर अभिषेक एवं अन्वी चाइल्ड हॉस्पिटल रांची के डॉक्टर रवि शंकर सिंह नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ एवं एवं डॉक्टर अजीत कुमार अग्रवाल एवं कैलाश चंद लाल डॉक्टर अनुभव कुमार दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जगजीवन साहू प्रसाद, जनरल फिजिशियन डॉ पीपी सिन्हा, डॉ संजू कुमारी के द्वारा मरीजों का चिकित्सीय जांच एवं परामर्श दिया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में नस एवं हड्डी रोग के 65 आंख रोग के 84 दंत रोग के 17 सामान्य बीमारी के 25स्त्री रोग के 16 हृदय रोग 8 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया जिसमें 18मरीजों का एक्स-रे सिकल सेल एनीमिया टेस्ट 07,44 मरीज का 64 पैथोलॉजिकल टेस्ट किया गया। कुल मरीजों की संख्या 245 रही। सभी मरीजों को निशुल्क औषधि वितरण भी किया गया। मेगा हेल्थ सिविल को संपन्न करने में प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, राजीव रंजन, मुकेश साहू, जमुना देवी, अरुण राम, वरुण सिंह, अंशु कुमारी, सीमा उरांव, अनीता केरकेट्टा, यशिका तिग्गा प्रेमिका कुजूर अनीता देवी, प्रीति कुमारी फारूक अंसारी लक्ष्मी देवी सुखमय कुंडू प्रीति तिर्की आदि का योगदान रहा।

## भाजपाइयों ने धनंजय तिवारी व यशोदा देवी के निधन पर शोक जताया




**कैरो।** मंगलवार को कैरो मुख्यालय में प्रखंड भाजपा के द्वारा शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में प्रखंड भाजपाईयों ने विगत दिनों भंडरा प्रखंड के चट्टी निवासी भाजपा कला संस्कृति प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत धनंजय नाथ तिवारी एवम विहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य प्रवीण कुमार सिंह के माता व भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु सिंह जी के 90 वर्षीय दादी दिवंगत यशोदा देवी के लिए कैरो भाजपाईयों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया। वहीं, उक्त दोनों पुण्य आत्मा के लिए 02 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से शांति की कामना की। भाजपाईयों ने कहा कि धनंजय नाथ तिवारी का असमय निधन से संगठन को अपूरणीय क्षति हुई है। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो, पूर्व अध्यक्ष लखन उरांव, जनजाति मोर्चा प्रदेश सदस्य बजरंग उरांव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुरज मोहन साहू, जिला मंत्री कैलाश महतो, विशेश्वर प्रसाद दीन, अल्प संख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अनवर अंसारी, विवेक प्रजापति, नसीर आलम, राजेश सोनी, सोमनाथ महली, मोहन साहु, गोविंद महतो, रविनंदन शुक्ला इत्यादि भाजपाइयों ने गहरा शोक संवेदना प्रकट किया है।

## भ्रष्टाचार के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के डांडू ढवठाटोली में झालसा रांची के निर्देशानुसार डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा एवं सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से भ्रष्टाचार निरोधी दिवस पर मंगलवार को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। वही जागरूकता अभियान के दौरान पीएलवी पुनु देवी और प्रियांशु यादव के द्वारा ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा गया कि ग्रामीण अपनी जबाबदेही को समझें और भ्रष्टाचार जैसे बुराई को रोकने के लिये आवाज उठायें क्यों की भ्रष्टाचार इतना बुरा चीज है.जो की सत्यनिष्ठा, इमानदारी और पारदर्शिता को प्रभावित करता है। वही युवाओं को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार आंदोलन में जुड़ने पर जोर दिया गया। साथ ही कहा गया कि शिक्षा की कमी और जानकारी के अभाव में लोग भ्रष्टाचार के दलदल में फंस जाते हैं। जिसे की शिक्षित हो कर शिक्षा के माध्यम से भ्रष्टाचार को मिटाया जा सकता है। साथ ही विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से मिलने वाले निःशुल्क विधिक सेवा सहायता और अन्य लाभ के बारे में भी बताया गया। मौके पर कैलाश प्रधान, निर्मला कुमारी, रामचन्द्र उरांव, सुषमा कुमारी, बिनोद उरांव, बुदू भोक्ता, दशमी उराइन, जितेंद्र खेरवार, राजकेश्वर उरांव, भागमनी उराइन, सोमो उराइन समेत अन्य ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## आयुष विभाग ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अरु पंचायत स्थित नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के मैदान में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत आयुष प्रभाग के द्वारा शिविर आयोजित कर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा दिया गया। वही चिकित्सक द्वारा सर्दी जुकाम, बुखार, त्वचा रोग, सुगर तथा ब्लड प्रेशर, शरीर मे दर्द सम्बंधित अन्य बीमारियों का जांच करने के उपरांत निःशुल्क दवा दिया गया। डॉ सुलेखा कुमारी ने बताया कि झारखंड सरकार के निर्देशानुसार आयुष प्रभाग के माध्यम से ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा देने का निर्देश है.ग्रामीणों को इलाज के लिये शहर में अस्पताल जाना पड़ता है। जिसे ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सम्बन्धी इलाज के लिये काफी परेशानी होती है। आम जनों के स्वास्थ्य के प्रति सरकार संवेदनशील है। जिससे स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार मंत्रालय के निर्देशानुसार जगह जगह पर कैम्प लगा कर ग्रामीणों का बीमारियों का जांच कर निःशुल्क दवा दिया जा रहा है। मौके पर योगा ट्रेनर स्वेता कुमारी, स्वास्थ्य सहिया, शोभा देवी, अनिता देवी, सुशीला देवी के अलावे साकिर अंसारी, लक्ष्मी देवी,जगमोहन महतो, इसराफिल अंसारी, विजय कुमार, जीवन राम, पूजा देवी, सगीर अंसारी, रफीक अंसारी समेत अन्य ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

### उपायुक्त ने की जिला विकास समन्वय की बैठक, कहा-

# आपसी समन्वय के साथ विकास योजनाओं को गति दें : डॉ ताराचंद

- डीसी ने कहा-आवारा कुत्तों को रेबीज का इंजेक्शन कराई जाएगी नसबंदी

नवीन मेल संवाददाता



### अनक्लेम्ड राशि के लिए केवाईसी कराएं

उपायुक्त ने सभी विभागों से कहा कि जिला की कुल 24 करोड़ रूपये की राशि अनक्लेम्ड है जो विभिन्न विभागों की राशि है। इस राशि को क्लेम करने के लिए सभी संबंधित विभाग केवाईसी कराएं ताकि यह राशि आरबीआई से पास से वापस कोषागार में जमा कराया जा सके।

### पीएमवाई आवास 2.2 का सर्वे कराने का निदेश

बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया कि जिन लोगों का नाम पीएम आवास योजना 2.2 में भेजा गया है उनका पुन: सत्यापन एक सप्ताह के अंदर कर लें। साथ ही जो आवास पाने की अर्हता नहीं रखते हैं उनका नाम सूची से विलोपित कर दें।

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक जिला के गैर-तकनीकी एवं तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर विकास योजनाओं को गति देने का निदेश दिया। उपायुक्त ने कहा कि विकास की योजनाएं प्रभावित ना हों इसके लिए सभी विकास आपस में समन्वय के साथ कार्य करें। जो भी समस्याएं विकास योजनाओं को पूर्ण करने में आ रही हों तो संबंधित विभाग के पदाधिकारी आपस में बात कर लें तो समस्या वहीं हल हो जाएगी। सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण किया जाए। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा पारित एक आदेश के उपरांत अब आवारा कुत्तों को रेबीज का इंजेक्शन लगाया जाएगा और उनकी नसबंदी की जाएगी। उसके उपरांत उन्हें वापस उसी स्थान पर छोड़ दिया जाएगा। वहीं आक्रामक और रेबीज संक्रमित कुत्तों को शेल्टर में रखा जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया। जिला में कंबल आपूर्ति के लिए सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक को कार्यादेश जारी करने का निदेश दिया गया। साथ ही, केंद्र प्रायोजित सभी पेंशनधारकों का डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट बनाये जाने का कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में सिर्फ केवाईसी की वजह से योजना का लाभ नहीं ले पा रहे लाभुकों को केवाईसी का कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। जिला में सैटेलाइट टाउन के लिए भूमि चिन्हित करने का निदेश संबंधित अंचलाधिकारियों को दिया गया। धान अधिप्राप्ति के लिए कैरो प्रखंड स्थित लैंपस को भी चिन्हित करने का निदेश दिया गया। धान अधिप्राप्ति के लिए किसानों को अधिक से अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन कराने का निदेश दिया गया। सरकार की ओर से किसानों को प्रति क्विंटल धान की कीमत 24.50 रुपए दी जाएगी। धान अधिप्राप्ति 15 दिसंबर 2025 से जिला के चयनित धानप्राप्ति केंद्रों पर प्रारंभ होगी।

रबी फसल के लिए किसानों को गेहूं, चना, सरसों और आलू का बीमा कराने के लिए प्रेरित करने का निदेश दिया गया। इसके अंतर्गत बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए केसीसी होल्डर किसानों को सिर्फ अपने बैंक से संपर्क करना है। वहीं अन्य किसानों को प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से मात्र एक रूपये की टोकन मनी चुकाकर इस बीमा का लाभ मिल सकेगा। बीमा कराने के लिए अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 है। बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार समेत गैर-तकनीकी व तकनीकी विभागों के पदाधिकारीगण, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को पुरानी बंद पड़ी योजनाओं का प्राक्कलन बनाने का निदेश दिया गया ताकि वंचित परिवारों को साफ पीने का पानी उपलब्ध कराया जा सके। सभी विभागों को अपनी संचालित योजनाओं में योजना की जानकारी हेतु शिलापट्ट अधिष्ठापित करने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल को आमजनों की ओर से आ रही बिजली की समस्याओं को दूर करने का निदेश दिया। साथ ही, ब्रिकेटिंग प्लांट और दोना पत्तल यूनिट में विद्युत कनेक्शन दिए जाने का निदेश दिया गया। जिला अभियंता को छह नए उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ कर निर्धारित समय में पूर्ण करने का निदेश दिया गया। पथ प्रमंडल को अपने संचालित योजना में भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

### कुडू में अपराधियों की नई चुनौती

## घर के बाहर खड़ी बोलेरो चोरी, वाहन मालिकों में दहशत

नवीन मेल संवाददाता



**कुडू।** सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि अज्ञात वाहन चोरों ने कुडू रांची मुख्य पथ एनएच-75 स्थित जिलिंग गांव के उदित गुप्ता, पिता स्व. बसंत गुप्ता की घर के बाहर खड़ी बोलेरो को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही कुडू पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है, लेकिन फिलहाल कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया है। उदित गुप्ता ने बताया कि हमेशा की तरह सोमवार को भी अपना बोलेरो रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 01 बीएच - 2072 को घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह उठने पर बोलेरो गायब पाया। पीड़ित परिवार का रोज़गार का एकमात्र सहारा रही बोलेरो की चोरी ने घरवालों की कमर तोड़ दी है। गृहस्वामी के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। उल्लेखनीय है कि एक ओर पुलिस अपराधियों पर शिकंजा कसने में लगातार सक्रिय है। अभी 4 दिसंबर को चोरी हुई बाइक को मात्र 24 घंटे के भीतर रांची से बरामद कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा था। लेकिन उसी के तीसरे दिन बोलेरो चोरी की इस वारदात ने पुलिस को एक खुली चुनौती दे डाली मानो अपराधी कहना चाह रहे हों कि पुलिस डाल - डाल तो हम पात - पात। इधर, हालिया सफल कार्रवाई के बाद राहत महसूस कर रहे वाहन मालिकों के माथे पर फिर चिंता की लकीरें लौट आई हैं। क्षेत्र में वाहन चोरी की नई घटना ने दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। हालांकि जनता को भरोसा है कि जिस तेजी से बाइक बरामद कर पुलिस ने अपनी काबिलियत साबित की थी, उसी तरह बोलेरो की बरामदगी भी जल्द होगी और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजकर पुलिस एक बार फिर अपना दमखम दिखाएगी।

## रैयतों के बीच 1.19 करोड़ का दिया गया मुआवजा



**लोहरदगा।** उपायुक्त के निदेश उपरांत जिला भू-अर्जन कार्यालय लोहरदगा की ओर से एनएच-143ए पथ अंतर्गत लोहरदगा बाईपास पथ निर्माण परियोजना एवं एनएच-75 पथ अंतर्गत कुडू-उदयपुरा तक पथ निर्माण परियोजना में भूमि अधिग्रहण के मुआवजा हेतु आयोजित विशेष शिविर का दूसरा दिन रहा। आज एनएच -143 ए अंतर्गत लोहरदगा बाईपास पथ परियोजना के रैयतों के बीच 1.19 करोड़ का मुआवजा दिया गया। समाहरणालय परिसर लोहरदगा में लगाया गया यह विशेष शिविर 13 दिसंबर 2025 तक संचालित होगा। शिविर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुजाता कुजूर की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

## अमतीपानी व चिरौडीह में 32वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह की तैयारियां जोरों पर

- अमतीपानी चिरौडीह में गठित हुआ आयोजन समिति, तैयारी अंतिम चरण में

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 12 दिसंबर को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारी जोरों पर है। इस क्रम में पर्यावरणीय जागरूकता हेतु खनन क्षेत्र के आसपास के ग्रामों में महिला समूहों के सदस्यगण, स्कूलों के बच्चे के बीच भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों के बीच पर्यावरणीय पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक तथा विभिन्न स्थानों पर पोस्टर, बैनर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु जिसमें सर्वसम्मति से खान प्रबंधक योगेंद्र लिलहरे को अध्यक्ष, सुशोभन सामंता को सचिव, उपाध्यक्ष सहायक प्रबंधक सुमित कुमार, सह सचिव दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भगत, प्रचार प्रसार सीएसआर अधिकारी अनिल साहू समेत वृक्षारोपण एवं श्रमिक जागरूकता में राजन गुप्ता, संदीप असुर,मनीष विश्वकर्मा, कुणाल सिन्हा एवं पुष्पेंद्र कोरी तथा सदस्यगण में डॉक्टर अजय कुमार एवं ऊषा कुमारी, एमडीओ-एनकेसीपीएल के कर्मचारी भी शामिल हैं।

इधर हिंडालको के सहभागी खनिज और खनिज (मिनरल्स एंड मिनरल्स) अमतीपानी चिरोडीह खान क्षेत्र में बैठक आयोजन कर कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से खान प्रबंधक प्रदीप कुमार को अध्यक्ष, सहायक खान प्रबंधक जीवन मोहंती को सचिव, सहायक मानव संसाधन नागेश वर्मा को कोषाध्यक्ष, सहायक भूगर्भ शास्त्री, अमित प्रधान को उपाध्यक्ष जिसमें अन्य सहायक सीएसआर मनोरंजन कुमार, निशार दास, तनय करण, आशिफ अंसारी सभी सहयोगीगण उपस्थित थे।

## एनएसयूआई का एनुअल फेस्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम सह फ्रेशर डे का पोस्टर जारी

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** एनएसयूआई छात्र संघ की ओर से आयोजित एनुअल फेस्ट 2025 सह फ्रेशर डे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 20 दिसंबर को बीएस कॉलेज परिसर स्थित ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इसी को लेकर मंगलवार को बीएस कॉलेज कैंपस में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव और जिला अध्यक्ष मनौवर आलम की उपस्थिति में लोहरदगा के विभिन्न सोशल मीडिया क्रिएटर्स के साथ कार्यक्रम का पोस्टर जारी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीएस कॉलेज और वूमेन्स कॉलेज बरही के नए विद्यार्थियों का स्वागत किया जाएगा। आयोजन की तैयारी जोरों पर है और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स द्वारा लगातार इसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

मेंहदी और पेंटिंग प्रतियोगिता 18 दिसंबर को आयोजित की जायेगी।दोनों प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लोहरदगा जिला के महिला कॉलेज बरही एवं बीएस कॉलेज के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। साथ ही लोहरदगा ऑफिशियल डांस ग्रुप भी अपना प्रदर्शन देगा। मिस्टर एवं मिस फ्रेशर, स्टूडेंट ऑफ द ईयर, राइजिंग सुपर अवार्ड का सम्मान। लोहरदगा के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को भी जिले में योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, जिला अध्यक्ष मनौवर आलम, उपाध्यक्ष तौसीफ अंसारी, रोशन राम, जिला महासचिव शैलेश कुमार, फ़ैज़ अहमद, मुराद रज़ा, आसिफ अंसारी, मोहम्मद दिलशाद, विकास कुमार, निकेश, साहू झारखंड, सिसोदिया, मोनू सहित कई अन्य सोशल मीडिया क्रिएटर्स उपस्थित रहे। एनएसयूआई ने बताया कि यह कार्यक्रम जिले के युवाओं की प्रतिभा को मंच देने और नए विद्यार्थियों को स्वागत व प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक

## 20 दिसंबर तक शत-प्रतिशत राशन वितरण का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नैमुदिन अंसारी ने की। उन्होंने सभी दुकानदारों को निर्देश दिया कि 20 दिसंबर तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सभी कार्डधारियों, जिनमें ग्रीन राशन कार्ड वाले भी शामिल हैं, के बीच निर्धारित मात्रा में राशन का शत-प्रतिशत वितरण हर हाल में पूरा किया जाए। अंसारी ने कहा कि जिन लाभुकों या उनके परिजनों का ई-केवाईसी अब भी लंबित है, उसे दिसंबर माह के अंत तक पूरा कराना अनिवार्य है, ताकि किसी भी योग्य लाभुक को राशन प्राप्त करने में कोई बाधा न हो। उन्होंने समयबद्ध व पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने, ई-केवाईसी अभियान में तेजी लाने और लंबित नमक तथा साड़ी-धोती का वितरण शीघ्र करने का भी स्पष्ट निर्देश दिया।बैठक में नितीश कुमार, नाथनियल मुंडा, लोकनाथ सिंह, पदलोचन सिंह, रमेश साहू तथा महिला समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए चार मैच

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय में रांची विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आयोजित पांच दिवसीय अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन का दूसरा दिन था। जिसमें कुल 04 मैच खेले गए। पहले मैच पी. पी. के.महाविद्यालय, बुंडू एवं संत जेवियर महाविद्यालय रांची के बीच खेला गया, जिसमें संत जेवियर महाविद्यालय टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 155 बनायी, जिसमें उद्धव मिश्रा ने 41 बॉल पर शानदार 56 रन की पारी खेली। जिसका पीछा करते हुए पी.पी.के. महाविद्यालय की टीम ने 19.1 ओवर में 6 विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली, जिसमें रमेश महतो ने 55 बॉल पर 69 रन की पारी खेली। दूसरा मैच गोस्सनर महाविद्यालय रांची एवं रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय रांची के बीच खेला गया, जिसमें गोस्सनर महाविद्यालय की टीम ने 4 विकेट खोकर 20 ओवर में 184 रन बनायी, शुभम प्रसाद ने 30 बॉल पर 54 रन एवं प्रभात बोपय ने 43 बॉल पर 51 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में रामलखन सिंह महाविद्यालय की टीम ने 111 रन 14.2 ओवर में खेलकर आउट हो गई, इस प्रकार गोस्सनर महाविद्यालय की टीम विजयी हो गयी। गोस्सनर महाविद्यालय के अमर एवं सुजल ने 3-3 विकेट लिए। तीसरे मैच जे.एन. महाविद्यालय धुर्वा एवं डोरंडा महाविद्यालय रांची के बीच खेला गया, जे.एन. महाविद्यालय धुर्वा की टीम ने 17.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 83 रन बनायी, जिसके जवाब में डोरंडा महाविद्यालय की टीम ने 6.5 ओवर में 01 विकेट खोकर 88 रन बनाकर मैच जीत दर्ज किया। डोरंडा महाविद्यालय के गौरवपल ने 2.3 ओवर में 03 विकेट लिया। चौथे मैच मारवाड़ी महाविद्यालय रांची और करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के बीच खेला गया, जिसमें मारवाड़ी महाविद्यालय की टीम ने 20 ओवर में 150 रन बनाए, जिसमें प्रसांत कुमार पाण्डेय ने 28 बॉल में 40 रन एवं प्रणय चौधरी 25 बॉल 39 रन बनाए। करमचंद भगत महाविद्यालय की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 19 ओवर में 10 विकेट खोकर 114 रन बनायी, जिसमें प्रेम राज साहू ने 44 बॉल पर 62 रन की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। अभी यह प्रतियोगिता 12 दिसंबर तक चलती रहेगी। मैच में राँची विश्वविद्यालय के क्रिकेट चयन समिति के सदस्य चंचल चटर्जी, लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आलोक राय, बलदेव साहु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शशि कुमार गुप्ता, खेल प्रभारी प्रो आनंद मांझी, महाविद्यालय के पी टी आई सोनू बड़ाईक, डॉ संतोष, डॉ सुमन, प्रो अजित, एवं अन्य उपस्थित थे।

### जूट बैग का निर्माण कर महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

# 20 उद्यमियों दिया जा रहा है प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** मंगलवार को लोहरदगा प्रखंड में जिला उद्यमी समन्वयक की अध्यक्षता में लोहरदगा प्रखंड के इस्लाम नगर में 20 महिला उद्यमियों को कौशल उन्नयन योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां की उद्यमी मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सहयोग से कौशल उन्नयन योजना अंतर्गत जूट क्राफ्ट में प्रशिक्षण लेकर विभिन्न प्रकार की बैग, हैंडबैग, बोरी इत्यादि उत्पाद का निर्माण करेंगी। यह प्रशिक्षण 25 दिन का होगा उसके बाद महिलाएं आत्मनिर्भर होकर अपना काम करेंगी साथ ही मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सहयोग से इसके लिए मार्केटिंग की व्यवस्था की जा रही है। प्रशिक्षण का कार्य जन जागरण एजेंसी के द्वारा दिया जा रहा है। यहां पर मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सहयोग से एक सीएफसी भवन कॉमन फैसिलिटी सेंटर का निर्माण किया जाएगा इस केंद्र में यहां के महिलाएं एक साथ मिल बैठकर के काम कर पाएंगे साथ ही अपना आय, उत्पादन के साथ रोजगार को बढ़ा पाएंगे। मंगलवार की इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के जिला उद्यमी समन्वयक, लोहरदगा साथ ही प्रखंड उद्यमी समन्वयक, लोहरदगा सदर, जन जागरण केंद्र के जैनुल, कलीम आदि उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम बिकास बोर्ड के प्रयास से जिले के महिलाओं को लगातार विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिससे महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

प्रखंड उद्यमी समन्वयक द्वारा बताया गया कि जूट बैग इको फ्रेंडली उत्पाद है राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पाद निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम मे 25 दिवसीय जूट बैग और जूट फाइल बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को आवश्यक टूलकिट भी प्रदान की गई ताकि वे सीखे गए कौशल को व्यवहार में लाकर अपने उद्यम की शुरुआत कर सकें।

## कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल ने विस में उठाए जनसरोकार के मुद्दे

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने झारखंड विधानसभा के सदन में अपने क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि ठेठईटांगर, बोलबा, जलडेगा, बांसजोर सहित कई प्रखंडों में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। हाथी घरों को तोड़-फोड़ कर नुकसान पहुँचा रहे हैं, अनाज नष्ट कर देते हैं और कई स्थानों पर जनहानि भी हुई है। यहां तक कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी हाथियों के आने से घंटों जाम की स्थिति बनती है। लोग रात भर जागकर भय के साए में जीवन जीने को मजबूर हैं, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विधायक ने मांग की कि सरकार प्रभावित परिवारों को पटाखा, टॉर्च, जूट मोबिल जैसे सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए और दीर्घकालिक समाधान निकाले।विधायक ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से सिमडेगा सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड और ईको मशीन मौजूद होने के बावजूद रेडियोलॉजिस्ट/सोनोलॉजिस्ट व तकनीशियन के अभाव का मुद्दा भी उठाया। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। पर्यटन विकास पर जोर देते हुए विधायक ने ठेठईटांगर प्रखंड स्थित रचाकोना टोंगरी को आकर्षक प्राकृतिक स्थल बताते हुए इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यहां प्रतिवर्ष मेला लगता है, लेकिन सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी है। इस पर पर्यटन विभाग ने भी सकारात्मक जवाब दिया।

## गुमला में शीतलहर से राहत के लिए अलाव अभियान तेज



**गुमला।** जिले में बढ़ती ठंड और घटते तापमान को देखते हुए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शीतलहर से बचाव के लिए अलाव व्यवस्था को व्यापक रूप से लागू किया गया है। जिला प्रशासन ने सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों, बाजार, सब्जी मंडियों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी है, ताकि ठंड से प्रभावित लोगों को तुरंत राहत मिल सके। इस कार्य की निगरानी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और संबंधित विभागों द्वारा की जा रही है। नगर निकायों और प्रखंड स्तर के प्रशासनिक पदाधिकारियों को अलाव व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग और समय पर क्रियान्वयन का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि गरीब, मजदूर, बुजुर्ग और रात में कार्य करने वाले लोग शीतलहर से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं, इसलिए उनका स्वास्थ्य सुरक्षा प्राथमिकता है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि अत्यधिक ठंड के दौरान घर में सुरक्षित रहें, प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही राहत सेवाओं का लाभ उठाएं और आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

## कुएं में गिरने से महिला की मौत



**घाघरा(गुमला)।** घाघरा थाना क्षेत्र के चट्टी गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां कुआं में गिरने से फूलों देवी (45) की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वह घर के पास दतूवन कर पानी भरने के लिए कुएं पर गई थीं। परिजनों के अनुसार पानी भरते वक्त बाल्टी की रस्सी अचानक कुएं में फंस गई। रस्सी निकालने के प्रयास में फूलों देवी का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे कुएं में जा गिरीं। गिरने की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर पहुंचे, लेकिन कुएं के अंदर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। इसके बाद झगड़ के सहारे तलाश की गई और काफी प्रयास के बाद उन्हें बाहर निकाला गया। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलते ही घाघरा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

## ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण संपन्न



**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने आज समाहरणालय परिसर, चंदाली स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव, अभिलेखों के अद्यतन स्थिति सहित समग्र प्रणाली का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया गया। इस प्रक्रिया में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव एवं प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा एवं प्रबंधन से जुड़े आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण उपरांत उपायुक्त के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में आगामी विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट की शीघ्र नियुक्ति कर निर्धारित प्रपत्र में उसका विवरण उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। इस दौरान मतदाता सूची में स्वयं अथवा परिवार के सदस्यों का नाम खोजने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

### उपायुक्त की ऑनलाइन बैठक, सभी विद्यालयों को दिए कड़े निर्देश,कहा-

# सभी कमजोर बच्चों पर दें ध्यान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिला प्रशासन की समीक्षा बैठक में बोर्ड परीक्षा की व्यापक तैयारी अंतर्गत आगामी 03 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक एवं इंटर की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा जिले के सभी विद्यालय प्रधानों के साथ एक विस्तृत ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि 23 दिसंबर के बाद क्रिसमस, नववर्ष तथा शीतकालीन अवकाश के कारण नियमित पठन-पाठन का समय सीमित हो जाएगा, इसलिए विद्यालयों को अभी से एक सुदृढ़ कार्ययोजना बनाते हुए विशेषकर कमजोर बच्चों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

उपायुक्त ने रेमेडियल कक्षाओं की निरंतरता, कोर टीम द्वारा भेजे जा रहे दैनिक अभ्यास प्रश्नों के नियमित अभ्यास तथा सभी विषयों के महत्वपूर्ण बिंदुओं की व्यवस्थित पुनरावृत्ति अनिवार्य रूप से कराने को कहा। इस बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो एवं जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां सहित जिले के 12 प्रखंडों के सरकारी, अल्पसंख्यक, स्थापना अनुमति प्राप्त तथा निजी विद्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। जिला शिक्षा परियोजना से एडीपीओ ज्योति खलखो, सभी एपीओ, कस्तूरबा विद्यालयों की वार्डन, बीपीओ दिलदार सिंह एवं अन्य शिक्षा कर्मी भी जुड़े।

पिछले माह जिला स्तर पर नवाचारी तरीके से आयोजित मॉक टेस्ट के नतीजों ने चिंता पैदा की है। कक्षा 10 में एक हजार से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए, जबकि 1574 छात्र अत्यंत निम्न प्रदर्शन के कारण रेड जोन में रखे गए हैं।

इसी प्रकार कक्षा 12 के मॉक टेस्ट में पांच हजार से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति रही, जिनमें पाँच सौ से अधिक छात्रों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया। उपायुक्त ने इन आंकड़ों को गंभीर मानते हुए कहा कि आने वाले दिनों में इन सभी कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देना प्रत्येक विद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि बोर्ड परीक्षा में खराब परिणाम देने वाले विद्यालयों पर ठोस और कठोर कदम उठाए जाएंगे जिसमें सरकारी शिक्षकों के वार्षिक इंक्रीमेंट पर रोक, संविदा शिक्षकों की सेवा समाप्ति, निजी एवं स्थापना स्वीकृति प्राप्त विद्यालयों की मान्यता की पुनर्समीक्षा तथा अनुदान पर रोक जैसे प्रावधान शामिल होंगे। इसी के साथ उन्होंने यह भी घोषणा की कि जो विद्यालय बेहतर प्रदर्शन करेंगे, उनके शिक्षकों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि "शिक्षकों के हाथों में बच्चों का भविष्य है, अतः सभी शिक्षक अपने स्कूल के बच्चों को अपना मानकर जिम्मेदारी निभाएं।" जिले में चिन्हित सभी कमजोर विद्यार्थियों के लिए 10 जनवरी को विशेष मॉक टेस्ट आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, ताकि उनकी वास्तविक स्थिति का आकलन कर अंतिम तैयारी को मजबूत किया जा सके।



### बच्चों का स्वस्थ रहना ही हमारे समाज के वास्तविक विकास की नींव है : डीसी

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर जिले के सभी 460 मध्य विद्यालयों में दिसंबर माह के दौरान विशेष स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण, जागरूकता और प्रारंभिक स्तर पर बीमारियों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त सहयोग से प्रखंडवार निर्धारित तिथियों पर संचालित होगा। सभी प्रखंडों को शिविर आयोजन की विस्तृत सूची उपलब्ध करा दी गई है। इन शिविरों में प्रत्येक विद्यालय के छात्र-छात्राओं की संपूर्ण स्वास्थ्य जाँच की जाएगी। इसमें हीमोग्लोबिन परीक्षण, दृष्टि जांच, दंत व नाक-कान-गला परीक्षण, वजन और ऊंचाई माप, बीएमआई आकलन तथा आवश्यक लैब टेस्ट शामिल होंगे। बच्चों के समग्र विकास की दिशा में इसे महत्वपूर्ण पहल बताते हुए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा की बच्चों का स्वस्थ रहना ही हमारे समाज के वास्तविक विकास की नींव है।

## कौशल उन्नयन की नई पहल, 25 दिवसीय बांस उत्पाद प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** कारीगरों के कौशल विकास और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड द्वारा संचालित कौशल उन्नयन योजना के तहत सिसई प्रखंड के ग्राम लकेया में 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (सिसई) रमेश कुमार यादव ने की। इस प्रशिक्षण में 20 महिला एवं पुरुष उद्यमियों को बांस/बंबू उत्पाद निर्माण की उन्नत तकनीकें सिखाई जा रही हैं। प्रतिभागियों को डलिया, मोरहा, सुप, दौरा, खचिला, सुपली, मौनी से लेकर विवाह-उपयोगी सामग्री एवं प्रदर्शनी योग्य उत्पादों तक का निर्माण कराया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों को आवश्यक टूलकिट भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे स्वयं का उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें।



कार्यक्रम में जिला उद्यमी समन्वयक सूरज कुमार ने बताया कि ग्राम लकेया में बोर्ड की ओर से कॉमन फैसिलिटी सेंटर का निर्माण किया गया है, जहां सामूहिक उत्पादन कार्य, प्रशिक्षण आयोजन तथा विपणन (मार्केटिंग) की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यह केंद्र कारीगरों को बड़े स्तर पर उत्पादन बढ़ाने और आय के नए अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

कारीगरों को आगे बंबू फर्नीचर निर्माण, बांस आधारित उद्यम, बायोडीजल जैसे नवाचारों के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है, ताकि स्वरोजगार के अधिकतम अवसर विकसित हो सकें। प्रशिक्षण कार्य का संचालन जगरनाथ विकास केंद्र, चतरा द्वारा किया जा रहा है, जिसमें रवि कांत पांडे, विनोद भोक्ता एवं परमेश्वर कुमार राणा प्रशिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। शुभारंभ कार्यक्रम में सिसई प्रमुख मीना देवी, प्रखंड उद्यमी समन्वयक (कामडारा) गंदुर उरांव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गुमला में 18 लीटर महुआ शराब जब्त

**गुमला।** उपायुक्त गुमला के निर्देश और अधीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। सिसई प्रखंड के कुदरी और भरनो प्रखंड के महादेव चेगरी ग्राम में संचालित इस अभियान में अनुमंडल स्तरीय उत्पाद टीम ने विभिन्न संदिग्ध स्थलों पर गहन तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने कुल 18 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब जब्त की, जबकि 110 किलोग्राम चुलाई योग्य जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके साथ ही अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया है कि राजस्व संरक्षण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अवैध शराब के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## चैनपुर बस स्टैंड में दो यूनिट आधुनिक शौचालय का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय बस स्टैंड के समीप निर्मित दो यूनिट शौचालय का आज विधिवत उद्घाटन किया गया। यह पहल जिला परिषद मेरी लकड़ा और स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में हुई।

5,15,000 पांच लाख पंद्रह हज़ार रुपये की लागत से निर्मित इस सार्वजनिक शौचालय से अब महिला और पुरुष, दोनों को ही खुले में शौच से बड़ी राहत मिलेगी।यह शौचालय जिला परिषद मद से 15वें वित्त आयोग अंतर्गत अनुदान मद टाइड के तहत बनाया गया है।उद्घाटन से कुछ दिन पूर्व, जिला परिषद मेरी लकड़ा ने शौचालय का निरीक्षण किया था, जिसमें कुछ अनियमितताएं पाई गई थीं। संवेदक द्वारा उन सभी अनियमितताओं को पूर्ण करने के बाद, आज मंगलवार को विधिवत उद्घाटन के साथ शौचालय की चाबी हैंडओवर भी कर दी गई।उद्घाटन के अवसर पर, जिला परिषद मेरी लकड़ा ने कहा कि, "स्वच्छता स्वस्थ जीवन की पहली सीढ़ी है। बस स्टैंड जैसी महत्वपूर्ण जगह पर इस आधुनिक शौचालय के बन जाने से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि यह स्वच्छ भारत अभियान को भी बल देगा। अब खुले में शौच की मजबूरी खत्म होगी, जो विशेषकर हमारी महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।"इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा के साथ संवेदक साबिर, जावेद खान, शिवम कुमार, अजित कुमार, सुभाष केशरी, गोपाल झा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर प्रशासन सख्त

# अचानक जांच में 30 वाहन चालक पकड़े, 59,950 जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह और प्रदीप कुमार तिर्की की टीम ने डॉन बॉस्को स्कूल के सामने मुख्य सड़क पर अचानक और सघन जांच अभियान चलाकर लापरवाह चालकों पर शिकंजा कसा। इस आकस्मिक जांच में 30 से अधिक वाहन चालकों को तुरंत पकड़कर कुल 59,950 (लगभग साठ हजार रुपए) का जुर्माना वसूला गया। जांच का दायरा सिर्फ कागजात तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सड़क सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले सभी उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई।



दोपहिया वाहन चालकों में बिना हेलमेट और बाइक पर तीन सवार होने की प्रवृत्ति सबसे अधिक देखी गई। ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, परमिट और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र अमान्य या अनुपस्थित पाए गए।

रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वालों को रोककर जुर्माना लगाया गया और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अवैध मॉडिफिकेशन अतिरिक्त लाइट, प्रेशर हॉर्न और मल्टी-टोन हॉर्न का गैरकानूनी उपयोग पाया गया। ओवरलोडिंग टेंपो और पिकअप वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक सामान लादकर सड़क को जोखिम में डाल रहे थे।

जुर्माना के साथ जागरूकता अभियान एम भी आई टीम ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल राजस्व वसूली नहीं है, बल्कि जन-जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पकड़े गए चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व और लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के गंभीर परिणामों के बारे में समझाया गया।

### चैनपुर प्रखंड में धान खरीद की तैयारी, बीडीओ ने कर्मियों को दी सख्त हिदायत

# गलती पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ निश्चित कार्रवाई की जाएगी: बीडीओ

- **प्रखंड मुख्यालय में धान खरीद-बिक्री करने वाले दुकानदारों को भी नियमों का पालन करना होगा।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड परिसर स्थित शहीद नयमन कुजूर अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा और अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में धान खरीद की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत सचिव, कृषि मित्र, बीटीएम, एटीएम, राजस्व कर्मचारी, लैंप्स-पैक्स के अध्यक्ष-सचिव, और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी शामिल हुए। प्रखंड में कटकाही, बरवेनगर, और कुरूमगाड़ इन तीन लैंप्स-पैक्स केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की दर पर किसानों से धान की खरीदारी की जाएगी।बीडीओ यादव बैठा ने सभी कर्मियों को उपायुक्त महोदय के सख़्त निर्देश से अवगत कराते हुए कहा, "धान खरीदारी में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। यदि कुछ भी गलत पाया गया, तो संबंधित कर्मी पर निश्चित कार्रवाई की जाएगी।" उन्होंने किसानों को पंजीकरण कराने और लैंप्स-पैक्स तक धान बेचकर सरकारी दरों का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने को कहा।अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में धान खरीद-बिक्री करने वाले दुकानदारों को भी नियमों का पालन करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जिस किसान का धान खरीदा जाएगा, उसका रजिस्टर पंजी बनाना आवश्यक है,खरीदारी एमएसपी के दर पर ही की जाए,धान कहीं भेजते समय, उसके साथ चलान सहित सभी वैद्य कागजात रहना अनिवार्य है, ताकि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।बैठक में प्रखंड को मिले धान खरीद के लक्ष्य को निष्ठापूर्वक प्राप्त करने पर ज़ोर दिया गया। किसानों को जागरूक करने और उनका पंजीकरण कराने की प्रक्रिया भी बताई गई।रजिस्ट्रेशन के लिए किसान संपर्क कर सकते हैं नजदीकी कृषि मित्र, बीटीएम, या एटीएम,प्रखंड कृषि पदाधिकारी।धान की बिक्री ई-पॉस के माध्यम से आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन पर होगी। साथ ही, किसान अपने मोबाइल ऐप का उपयोग करके बिक्री के लिए स्लॉट बुकिंग भी कर सकेंगे।बैठक में चैनपुर के बीटीएम, एटीएम, राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव, लैंप्स-पैक्स के अध्यक्ष-सचिव, और कृषि मित्र मौजूद रहे।



## न्यूज बॉक्स

### खाद्य सुरक्षा विभाग का छापेमारी अभियान, कई दुकानों से सैंपल जुटाए गए



**गुमला।** उपायुक्त के निर्देश पर आज जिला मुख्यालय गुमला में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुगी के नेतृत्व में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शहर की कई दुकानों पर छापेमारी की गई। यह अभियान भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली और खाद्य सुरक्षा आयुक्त कार्यालय, रांची के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। निरीक्षण के दौरान चॉकलेट और भुना चना उत्पादों के सैंपल जुटाए गए और आगे की जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे किसी भी प्रकार के अखाद्य कलर या नकली रंगों का उपयोग न करें। उपभोक्ताओं को भी चेतावनी दी गई कि यदि किसी खाद्य सामग्री की गुणवत्ता या मिलावट संबंधी शिकायत हो, तो वे फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप के माध्यम से सीधे शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यह अभियान खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन रोकने, उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने, और अवैध रासायनिक रंग या मिलावट वाले उत्पादों की बिक्री पर नियंत्रण के उद्देश्य से चलाया गया।

### 12 दिसंबर को मनाया जाएगा संरक्षण सप्ताह, महिलाओं व बच्चों की बढ़ी भागीदारी



**बिशुनपुर।** जिले में खन, पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025 को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां पूरी तेजी से चल रही हैं। इस अवसर पर पर्यावरणीय जागरूकता फैलाने के लिए खनन क्षेत्र के आसपास के गाँवों में महिला समूहों के सदस्य और स्कूलों के बच्चे भी जागरूकता अभियान में भाग ले रहे हैं।कार्यक्रम में बच्चों के बीच पर्यावरणीय पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर पोस्टर और बैनर लगाकर आम जनता को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत किया जा रहा है। हिंडाल्को के अमतीपानी खान क्षेत्र में एक बैठक आयोजित कर समिति का गठन किया गया।

### भरनो प्रखंड में आंदोलनकारियों को मिला कमरा, दरवाज़ा न होने पर जताया रोष



**भरनो (गुमला)।** बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा भरनो प्रखंड कमिटी के लिए प्रखंड परिसर स्थित पुराने भवन में कार्यालय आबंटन किया। जिसका मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सीता देवी और प्रमुख पारस नाथ उरांव ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया,और बैठक कर विचार विमर्श किया गया। आंदोलनकारियों ने कहा कि काफी दिनों से आंदोलनकारी बैठक के लिए बीडीओ से कार्यालय उपलब्ध कराने की मांग कर रहे थे। बीडीओ ने झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के लिए कमरा तो उपलब्ध कराया परंतु उक्त कमरे में दरवाजा ही नहीं है। जिससे आंदोलनकारियों में रोष व्याप्त है। मौके पर प्रमुख पारस नाथ उरांव ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारीयो के द्वारा काफी दिनों ने एक कमरे की मांग प्रखंड प्रशासन से की जा रही है उन्हें बैठक करने के अलावे अन्य कार्यों में परेशानी होती थी पर अब कमरा मिल जाने से इन्हें काफी सुविधा मिलेगी।मौके पर आंदोलनकारी मनोज वर्मा, मुरल राम,पंचस बड़ा,निम्मी बाड़ा,बसंत कुजूर,आनंद उरांव,सुखदेव उरांव,कलेश्वरी देवी,मूरल राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कुपोषण मुक्त समाज निर्माण पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बाल विकास परियोजना सभागार में मंगलवार को कुपोषण मुक्त समाज निर्माण को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन एकजुट एनजीओ द्वारा किया गया, जिसमें प्रशिक्षक की भूमिका पूनम देवी, प्रदीप कुमार और अन्य ने निभाई। पहले दिन के प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी सेविकाओं को बच्चों के आहार में गुणवत्ता सुनिश्चित करने, पोषण संतुलन और कुपोषण रोकने के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सीखी गई जानकारियों का उपयोग कर सेविकाएं अपने-अपने गांवों में कुपोषण को कम करने और बच्चों के स्वास्थ्य व विकास को बढ़ावा देने के कार्य में योगदान देंगी। कार्यक्रम में सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा, एलएस उर्मिला जयसवाल, हुस्नारा, सुमन देवी, एलिस टोप्पो, रीना देवी, कमला देवी, ममता बरवार, बिरसमुन्नी कुमारी सहित अन्य आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित रहीं।

### गुमला चेंबर ऑफ़ कॉमर्स की आम सभा आज

**गुमला।** गुमला चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने जिले के व्यापारियों को सूचित किया है कि बस स्टैंड रोड स्थित चेंबर कार्यालय में 10 दिसंबर को शाम 7:30 बजे से आम सभा आयोजित की जाएगी। इस बैठक में चेंबर के सदस्यों के साथ-साथ सभी आम व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। सभा का मुख्य उद्देश्य चेंबर के क्रियाकलापों पर विचार-विमर्श करना और आने वाले दिनों में चेंबर की गतिविधियों के लिए सुझाव प्राप्त करना है। व्यापारियों से अपेक्षा की जा रही है कि वे सक्रिय रूप से भाग लें और अपने सुझाव साझा करें।

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रत्येक वस्तु का अपना स्थान होता है, परंतु जब आप अपने सच्चे सुख की उपेक्षा कर समय गंवाते हैं तो यह अच्छा नहीं। मैंने प्रत्येक अनावश्यक कार्य को छोड़ दिया ताकि मैं ध्यान करके ईश्वर को जान सकूं, ताकि मैं दिन और रात उनके दिव्य चैतन्य में मग्न रह सकूं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### इंडिगो से सीख और कार्रवाई

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो जिस अभूतपूर्व संकट से गुजर रही है, वह तो दुर्भाग्यपूर्ण है ही, इससे बेबस यात्रियों को जिस तरह से मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, वह और भी शर्मनाक है। देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर लाखों यात्री बेहद बुरी स्थितियों में फंसे रहे, किसी की परीक्षा छूटी, किसी की नौकरी का इंटरव्यू, तो कोई गंभीर मरीज डॉक्टर तक वक्त पर नहीं पहुंच सका। इस अफरा-तफरी में एक पिता की अपनी बेटी के लिए सेनेटरी पैड के लिए गुहार तक सुनने वाला कोई नहीं था। यात्रियों के मार्गदर्शन की व्यवस्था किस हद तक चौपट हो सकती है, यह हवाई अड्डों पर फैली अराजकता में साफ दिखा। किसी भी तरह की सेवा में संवेदना अनिवार्य होती है, लेकिन इंडिगो के नियामक तंत्र और सरकार की तरफ से भी इस पूरे संकट को लेकर जैसी धीमी प्रतिक्रिया आती दिखी, वह हैरान करने वाली है। इस तस्वीर को अगर आज की भारतीय मध्यवर्गीय जिंदगी का आईना कहा जाए, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इसे अभिशाप कहें या वरदान कि हमने अपने जीवन को इतना तेज बनाया है कि चीजें आपस में उलझ गई हैं, तभी तो एक हवाई अड़चन ने मानो जीवन को ही ठप कर दिया। क्या किसी अन्य कारण से इतने लोग परेशान होते तो सारे माननीय और नेता ऐसे से चुप रहते ? साफ है कि उन्हें वीआइपी व्यवस्था देकर विशिष्ट नागरिक बना दिया गया है जिन्हें सामान्य लोगों की परेशानी से मतलब है। संविधान की मूल अवधारणा के विपरीत है यह।

समस्या की मूल वजह डीजीसीए द्वारा सभी एयरलाइंस के लिए पायलटों व अन्य क्रू सदस्यों के आराम और ड्यूटी के नियमों में किए गए बदलावों को बताया गया। हालांकि, सभी एयरलाइनों के पास नियमों के अनुपालन की तैयारी के लिए करीब बीस महीने का समय था, लेकिन इंडिगो के वरिष्ठ प्रबंधन ने शायद सोचा होगा कि वे अपने विशाल बाजार आकार के बल पर सरकार को नए नियमों को स्थगित करने के लिए मजबूर कर देंगे। इंडिगो आज अकेली नहीं जूझ रही, यह तो बस उस पूरे तंत्र का प्रतिबिंब है, जिसमें हम रह रहे हैं। एक एयरलाइन 65 से 70 फीसदी घरेलू बाजार पर कब्जा जमाए बैठी है, जिसे विशुद्ध अर्थशास्त्र में एकाधिकार कहा जाता है, जिस पर अंकुश लगना चाहिए। इंडिगो बोर्ड को आत्मचिंतन करने की जरूरत है, क्योंकि उसकी गलतियों की जिम्मेदारी कोई और नहीं ले सकता। जरूरी है कि जो दोषी हैं, उन्हें सजा भी मिले। यह पूरा हंगामा सरकार के लिए भी सबक है। उसकी सख्ती से इंडिगो को यात्रियों को रिफंड देने पर मजबूर होना पड़ा, लेकिन सवाल तो यह भी है कि अगर पहले सक्रियता दिखाई गई होती, तो यह आपदा आती ही क्यों। ऐसे मुद्दों पर राजनीति तो होती है पर सामूहिक स्वर में समाधान की बात क्यों नहीं उठती?

*इंडिगो बोर्ड को आत्मचिंतन करने की जरूरत है, क्योंकि उसकी गलतियों की जिम्मेदारी कोई और नहीं ले सकता। जरूरी है कि जो दोषी हैं, उन्हें सजा भी मिले। यह पूरा हंगामा सरकार के लिए भी सबक है।*

# गैर-नागरिक मतदाता नहीं हो सकते




कांग्रेस और भाजपा के विरोध में खड़े अन्य दलों के नेता भारत के चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का जोरदार विरोध कर रहे हैं। हालांकि, संविधान और संसद से बनाए गए कानून चुनाव आयोग को समय-समय पर मतदाता सूची को अपडेट और संशोधित करने की जिम्मेदारी देते हैं, फिर भी ये पार्टियां इस प्रक्रिया का कड़ा विरोध कर रही हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाते हुए हस्तक्षेप करने की मांग की है। इन पार्टियों ने पहले बिहार में भी एसआईआर का विरोध किया था, लेकिन उन्हें सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। अदालत ने कुछ शर्तों के साथ चुनाव आयोग को यह प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति दे दी। आख़िरकार, इतने शोर-शराबे के बाद भी बिहार में लगभग किसी भी मतदाता ने यह शिकायत नहीं की कि उसका नाम गलत तरीके से मतदाता सूची से हटाया गया है। ये पार्टियां चाहे जितना शोर मचाएं, लेकिन वे चुनाव आयोग को उसकी जिम्मेदारी निभाने से नहीं रोक सकतीं। मतदाता सूची से उन लोगों के नाम हटाना जरूरी है जो अब नहीं रहे, घर बदल चुके हैं, या फिर गैरकानूनी तरीके से वोटर सूची में शामिल हो गए हैं। अगर हम लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना चाहते हैं, तो यह प्रक्रिया करना बहुत ज़रूरी है। लेकिन कांग्रेस पार्टी और तृणमूल कांग्रेस, राजद और डीएमके जैसी पार्टियां एसआईआर का लगातार विरोध कर रही हैं। चुनाव आयोग की ओर से हाल ही में 12 राज्यों में यह प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा का भी इन पार्टियों ने जोरदार विरोध किया है। अजीब बात यह है कि इन पार्टियों ने एसआईआर के खिलाफ जो आपत्तियां उठाईं, उनमें से एक यह थी कि चुनाव आयोग गैर-नागरिकों को मतदाता सूची से बाहर कर देगा। लेकिन यही तो संविधान चुनाव आयोग से अपेक्षा करता है कि केवल भारतीय नागरिक ही वोटर बनें।

अगर आयोग यह जिम्मेदारी पूरी नहीं करेगा, तो अवैध घुसपैठियों और गैर-कानूनी प्रवासियों के लिए मतदाता सूची में घुसने के रास्ते खुल जाएंगे। यह भारत की एकता, अखंडता और हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया, दोनों के लिए गंभीर खतरा होगा। सवाल यह है कि ये पार्टियां गैर-नागरिकों के नाम हटाने का विरोध क्यों कर रही हैं? यह मुद्दा शासन पर भी गंभीर असर डालता है, क्योंकि संविधान के अनुसार 25 वर्ष से ऊपर का हर वोटर विधायक या सांसद बन सकता है, और आगे चलकर किसी राज्य का मुख्यमंत्री या देश का प्रधानमंत्री भी बन सकता है। इसलिए चुनाव आयोग की बड़ी जिम्मेदारी है कि गैर-नागरिकों को वोटर सूची में शामिल न होने दे। भारत के चुनाव आयोग की शक्तियां संविधान में साफ़ लिखी गई हैं।

अनुच्छेद 324 चुनाव आयोग को यह अधिकार देता है कि वह चुनावों की देखरेख, दिशा और नियंत्रण करे। इसमें कहा गया है: (1) संसद, हर राज्य की विधानसभा, और संविधान के तहत होने वाले राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति के चुनाव इन सभी के लिए मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने की पूरी जिम्मेदारी और अधिकार एक आयोग (जिसे संविधान में चुनाव आयोग कहा गया है) को दिए जाते हैं।

आज की बात



ए. सूर्य प्रकाश

मतदाता सूची तैयार करने के विषय में संविधान का अनुच्छेद 326 यह घोषित करता है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे। यानी, हर वह व्यक्ति जिसका भारत का नागरिक होना ज़रूरी है, जिसकी उम्र तय तारीख़ तक कम से कम 18 वर्ष हो, और जिसे गैर-निवास, मानसिक अस्वस्थता, अपराध या किसी भ्रष्ट या अवैध आचरण के कारण अयोग्य न ठहराया गया हो, वह मतदाता के रूप में पंजीकृत होने का हकदार है। सीधी भाषा में कहा जाए तो चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि हर पंजीकृत वोटर-भारत का नागरिक हो, और 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का हो साथ ही संविधान और कानून में बताई गई अन्य योग्यताओं को भी पूरा करता हो। इसके अलावा, नागरिकता से जुड़ी यह शर्त जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 में और भी स्पष्ट रूप से बताई गई है। इसमें कहा गया है कि जो व्यक्ति भारत का नागरिक नहीं है, वह मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के योग्य नहीं है।

धारा 21 चुनाव आयोग को यह अधिकार देती है कि वह तय नियमों के अनुसार मतदाता सूची तैयार करे और समय-समय पर उसमें संशोधन करे। इस तरह, संविधान और संसद से बनाए गए चुनाव कानून दोनों साफ़ कहते हैं कि केवल भारतीय नागरिक ही वोटर बन सकते हैं।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए नागरिकता कितनी जरूरी है, इसका सबसे अच्छा उदाहरण सोनिया गांधी का मामला है। सोनिया गांधी का नाम 1980 में मतदाता सूची में शामिल हो गया था, जबकि उस समय वह इटली की नागरिक थीं। शिकायत मिलने पर 1982 में उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया। उन्होंने अप्रैल 1983 में भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया और उसी महीने उन्हें नागरिकता दे दी गई। इसके बाद उनका नाम फिर से मतदाता सूची में शामिल किया गया, उस समय वह 1, सफदरजंग रोड पर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ रहती थीं। इन सब तथ्यों के बाद यह कहना बिल्कुल अजीब लगता है कि चुनाव आयोग को नागरिकता की इस अनिवार्य शर्त पर ज़ोर नहीं देना चाहिए। दुर्भाग्य से, देश की सबसे पुरानी पार्टी के कुछ प्रवक्ता भी इन संवैधानिक और कानूनी प्रावधानों से अनजान हैं। उनमें से एक ने तो कुछ समय पहले ट्वीट करके चुनाव आयोग के नागरिकता की जांच करने के अधिकार पर ही सवाल उठा दिया था। अगर ऐसा है, तो क्या हम मान लें कि संविधान के अनुच्छेद 324 और 326 को ही हटा दिया गया है? पिछली बार एसआईआर लगभग 20 साल पहले, 2002–2004 के बीच किया गया था। उस समय यह प्रक्रिया बिहार, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों में हुई थी। ज़रा सोचिए,पिछले 22 वर्षों में कितने लोग इन सूचियों में दर्ज थे जो अब नहीं रहे, घर बदल चुके हैं, या राज्य से बाहर चले गए हैं? इसलिए चुनाव आयोग को संविधान और संसद की ओर से दिए गए अपने कर्तव्य का पालन करना ही चाहिए। उसे संविधान के प्रति वफ़ादार रहना चाहिए और किसी धमकी या आरोप से डरना नहीं चाहिए।

**(एक वरिष्ठ पत्रकार हैं। वह प्रसार भारती के चेयरमैन रह चुके हैं, इस समय वह नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय की कार्यकारिणी परिषद के उपाध्यक्ष हैं।)**

### लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के हो सकारात्मक प्रयास

हम 10 दिसंबर को मानवाधिकारों का उत्सव मनाते है। उस दिन की स्मृति में जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। यह घोषणा हमारे समाजों के मानवाधिकार ढांचे की रीढ़ है, जहां हममें से प्रत्येक को बिना किसी भेदभाव के शांति और सुरक्षा के साथ रहने और फलने-फूलने का अधिकार है। 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष की 10 दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 75 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर हैं। जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। 10 दिसंबर 2025 को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 77वीं वर्षगांठ है । 2025 में मानवाधिकार दिवस की थीम हमारी रोजमर्रा की अनिवार्यताएं, तीन सरल सत्यों पर जोर देती हैं। मानवाधिकार सकारात्मक हैं, मानवाधिकार आवश्यक हैं, और मानवाधिकार प्राप्य हैं। मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते है। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास-स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता। देश के विशाल आकार व विविधता तथा सम्प्रभुता संपन्न धर्म-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है। भारत का संविधान मौलिक अधिकार प्रदान करता है जिसमें धर्म की स्वतंत्रता भी अंतर्भूक्त है। संविधान की धाराओं में बोलने की आजादी के साथ-साथ कार्यपालिका और न्यायपालिका का विभाजन तथा देश के अन्दर एवं बाहर आने-जाने की भी आजादी दी गई है। भारतीय परिदृश्य में यह समझ पाना थोड़ा मुश्किल हैकि क्या वाकई में मनुष्य के लिए चिन्हित किये गए मानवाधिकारों की सार्थकता है।

आपकी बात



रमेश सर्राफ धमोरा

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# भारत में बढ़ते प्रदूषण का कारण क्या वास्तव में हमारा गैरजिम्मेदाराना व्यवहार है?

देश की बात



मनमोहन प्रकाश

पर्यावरण प्रदूषण आज मानवता के समक्ष सर्वाधिक भयावह चुनौतियों में से एक और इसका प्रमुख कारण है मानव जनित प्रदूषण।भारत में प्रदूषण की समस्या अक्सर उद्योगों, वाहनों, बढ़ते शहरी विस्तार और सरकारी तंत्र की कमियों से जोड़ी जाती है, परंतु सच्चाई यह है कि प्रदूषण को बढ़ाने में नागरिकों के गैरजिम्मेदाराना कृत्य भी बड़े और निर्णायक कारक हैं। एक आंकड़े के अनुसार वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 76 प्रतिशत उर्जा उत्पादन और उपभोग से जुड़ा हुआ है,जो मानव की असंयत उर्जा खपत की प्रवत्ति को दर्शाता है। वास्तव में देखा जाए तो पर्यावरण संकट किसी एक संस्था, नीति या व्यवस्था का परिणाम नहीं, बल्कि सामूहिक व्यवहार की गलत दिशा का प्रतिफल है। हमारी छोटी-छोटी लापरवाहियाँ मिलकर एक बड़े राष्ट्रीय संकट में बदल जाती हैं। सबसे सामान्य और हानिकारक व्यवहार है कचरे को अनियमित रूप से इधर- उधर फेंकने की प्रवृत्ति। अधिकांश शहरों में सड़कें, ग्रीन बेल्ट, सार्वजनिक स्थल, नाले, नदी, तालाब किनारे आदि सभी जगह धर, दुकान , फैक्टरी आदि से निकले कचरा का ढेर दिखना इस बात का प्रमाण है कि हमने स्वच्छता को आदत नहीं, केवल अवसर भर समझा है। कई लोग कचरे को खुले में जला देते हैं, जिससे उसके जहरीले तत्व वायु में फैलकर मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुँचाते हैं। सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बावजूद इसका निरंतर उपयोग नागरिक जिम्मेदारी की कमी को दर्शाता है। वाहनों का अनियंत्रित उपयोग, साझा न करने की प्रवृत्ति तथा पब्लिक ट्रांसपोर्ट को कम महत्व देने की सोच ने भी प्रदूषण बढ़ाने का काम किया है। छोटी दूरी पर भी निजी वाहन का उपयोग, समय पर प्रदूषण जांच न कराना, सर्विसिंग की अनदेखी करना और पुराने धुआँ छोड़ने वाले वाहनों का उपयोग तथा ई-वाहनों को कम महत्व देने का ही परिणाम है अवांछित कार्बन उत्सर्जन। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कचरा, पराली और पत्ते जलाने की परंपरा अब भी जारी है, जिससे पीएम2.5 और पीएम 10 जैसे सूक्ष्म कण तेजी से वातावरण में फैलते हैं। जल प्रदूषण के लिए भी नागरिकों के कई आचरण सीधे जिम्मेदार हैं। नदियों और तालाबों में मूर्तियाँ, फूल, कपड़े और घरेलू कचरा विसर्जित करना, धार्मिक आस्था के नाम पर जलस्रोतों को कचरा-घर बनाना पर्यावरणीय संवेदनहीनता का प्रतीक है। घरों, दुकानों, उद्योगों का बिना उपचार का गंदा जल नदी,तलाब, नालों आदि में छोड़ देना अंततः जलस्रोतों को विषैला बना देता है। ध्वनि प्रदूषण के मामले में भी नागरिकों की मनमानी किसी से छिपी नहीं है। तीव्र ध्वनि वाले डीजे, विविध अवसरों पर पटाखों का अत्यधिक उपयोग, धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में लाउडस्पीकरों की ऊँची आवाज, वाहनों में अनावश्यक होर्न आदि का उपयोग सब मिलकर शोर का ऐसा वातावरण बनाते हैं जो स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कई लोग देर रात तक ध्वनि स्तर के नियमों की खुली अवहेलना भी करते हैं। ऊर्जा और संसाधनों के दुरुपयोग में भी हमारा व्यवहार जिम्मेदार है। एसी और बिजली का अनावश्यक प्रयोग, पानी को बिना कारण बहने देना, बोरवेल का अत्यधिक दोहन और वर्षाजल-संग्रह को नजरअंदाज करना आदि भी संसाधनों पर दबाव बढ़ाते हैं। इसके साथ पेड़ों की कटाई, हरित-आवरण की अनदेखी और रोपित वृक्षों के संरक्षण में रुचि की कमी भी कहीं न कहीं प्रदूषण को और बढ़ाती है। ओन लाइन वस्तुओं को मंगाने की बढ़ती प्रवृत्ति,त्योहारों के दौरान प्लास्टिक सजावट, रासायनिक रंगों और पटाखों का अत्यधिक उपयोग यह दर्शाता है कि हम उत्सवों में स्वस्थ पर्यावरण को शामिल करना अब भी नहीं सीख पाए हैं। कचरा प्रबंधन नियमों, ट्रैफिक कानूनों और पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों की लगातार अवहेलना "नियम केवल दूसरों के लिए हैं" वाली मानसिकता को उजागर करती है। सत्य यही है कि प्रदूषण केवल सरकारी असफलता का परिणाम नहीं, बल्कि हमारे गैरजिम्मेदाराना आचरण का दर्पण भी है। जब तक हम स्वयं पर्यावरणीय अनुशासन नहीं अपनाएंगे, तब तक सुधार केवल कागज़ों और घोषणाओं तक सीमित रहेगा और हम दिल्ली वासी जैसे पर्यावरण प्रदूषण को कोसते रहेंगे। क्योंकि समाधान नीति में नहीं, नागरिक के चरित्र में छिपा है। पर्यावरण प्रदूषण रोकने में सरकारों को भी जिम्मेदार संस्था के रूप भूमिका निभाने की आवश्यकता है क्योंकि वहां भी हममें से ही कोई बैठा है। पर्यावरण कानूनों को बिना भेदभाव के प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने की जरुरत है साथ ही स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ बनाना और अपशिष्ट प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था करना , जिम्मेदाराना व्यवहार के लिए नागरिकों को प्रेरित करना भी उसके प्रमुख दायित्व में से एक हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

वे आये फिर मंच पर, कहने अपनी बात।
लोग पूछते रह गए, कब बीतेगी रात।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अत्यंत प्राचीन है भारत में मानवाधिकार की अवधारणा

अलग बात



अशोक 'प्रवृद्ध'

वर्तमान में मानव अधिकार दिवस प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को दुनिया भर में मनाया जाता है।संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसम्बर1948 को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मानवता की अंतरात्मा को आहत करने वाले बर्बर कृत्यों के जवाब में मानवाधिकारों की पहली वैश्विक घोषणा और अंगीकार किया गया था। इसके अंगीकरण ने मानवाधिकारों को स्वतंत्रता, न्याय और शांति का आधार माना।मानवाधिकार दिवस की औपचारिक स्थापना 4 दिसम्बर1950 को महासभा की 317वीं पूर्ण बैठक में हुई, जब महासभा ने संकल्प 423 (V) की घोषणा की, जिसमें सभी सदस्य राज्यों और किसी भी अन्य इच्छुक संगठनों को इस दिन को मनाने के लिए आमंत्रित किया गया था।उच्चस्तरीय राजनीतिक सम्मेलनों, बैठकों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मानवाधिकारों के मुद्दों से संबंधित प्रदर्शनियों के लिए चिह्नित यहदिवस नए संयुक्त राष्ट्र की पहली प्रमुख उपलब्धियों में से एक है। यह मानवाधिकार शब्द दो शब्दों के योग से बना है -मानव और अधिकार। मानव, मनुष्य, व्यक्ति प्रायः समानार्थी हैं। मानवाधिकार एक सामासिक पद है। मानवानां अधिकारः मानवाधिकारः। भारतीय परंपरानुसार मनु का अपत्य अर्थात मनु की संतान होने के साथ-साथ जिसमें मननशीलता तथा कर्तव्य निष्ठा का सम्यक् सन्निवेश हो, वह मानव कहलाने का अधिकारी है। अधिकार शब्द के सबंध में कहा गया है- अधिक्रियते इति अधिकारः। अर्थात जो अधिकृत हो, वह अधिकार है। अधिकार शब्द अधि उपसर्ग कृ धातु से कर्मार्थक घञ प्रत्यय होने से सिद्ध होता है, जिसका अर्थ होता है- अधीन करना या स्वामित्व होना। इस प्रकार अधिकार शब्द स्वामित्व का बोधक है। अधि उपसर्ग प्रायः अधिकरण अर्थ में प्रयुक्त होता है तथा कृ धातु करने के अर्थ को द्योतित करता है। तथा घञ प्रत्यय करमार्थक है। इस प्रकार अधिकार शब्द का अर्थ हुआ कर्मीभूत किसी द्रव्य, सता, नियम आदि को अपने में धारण करना। अतः मनुष्य का अधिकार मानवाधिकार है। वर्तमान काल में मानवाधिकार कोपश्चिमी देशों की उपज और पूर्णतः एक नवीन अवधारणा के रूप में देखा जाता है, लेकिन भारत के लिए यह कोई नई अवधारणा नहीं है।भारत में मानवाधिकार की अवधारणा अत्यंत प्राचीन है।संसार के प्राचीनतम ग्रंथ वेद और संस्कृतके ग्रंथों में मानवाधिकार की अवधारणा का एक व्यापक रूप व चिंतन उपलब्ध होना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। यहां सृष्टि के कण- कण में चेतना का स्वरूप मानकर उनसे आत्मवत व्यवहार का प्रतिपादन किया गया है।यद्यपि मानवाधिकार शब्द नवीन है, तथापि सैद्धांतिक रूप से इसकी अवधारणा मानव सभ्यता के आरंभिक काल से ही विद्यमान दिखाई पड़ती है। मनुष्य के सभी उद्वेगों, संवेगों तथा मूल प्रवृतियों का उल्लेख वेदों में यथास्थान मिलता है।मानवीय सभ्यता के प्राचीनतम ग्रंथ वेद मानवाधिकार संबंधी प्राचीन सनातन अवधारणा का सम्यक प्रकाशन करते हैं। ऋग, यजु, साम, अथर्ववेद सभी मानवाधिकार का वैदिक स्वरूप विश्व के व्यापक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत करते हैं।वेदों में मानवाधिकारों की अवधारणा की स्पष्ट झलक मनुर्भव अर्थात मनुष्य बनो, जैसे मंत्रों के माध्यम से व्यक्त होती है।समानता, गरिमा और सभी के प्रति सम्मान के सिद्धांतों में अंतर्सन्निहित दिखाई देती है, जो सभी मनुष्यों के बीच आंतरिक एकता और आपसी रक्षा पर जोर देती है, और जीवन, स्वतंत्रता, और सामाजिक न्याय के मूलभूत अधिकारों, सभी के लिए समान अवसर, शांतिपूर्ण सहअस्तित्व और शुद्ध हवा आदि प्राकृतिक संसाधनों तक पहुंच का अधिकार का अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन करती है।वेदमें तन, सृधि और जीव अर्थात क्रमशः शरीर, निवास और जीवन की स्वतंत्रता की घोषणा करते हुए इन्हें धर्म अर्थात कर्तव्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है।इन अधिकारों और कर्तव्यों को मुख्यतः कर्तव्य अर्थात धर्म माना गया है। इन कर्तव्यों में स्वयं, अपने परिवार, अन्य लोगों, समाज और संपूर्ण विश्व के प्रति कर्तव्य शामिल हैं। वैदिक मतानुसार सभी मनुष्य जन्म से समान हैं और उनमें कोई श्रेष्ठ या निम्न नहीं है, जो आधुनिक मानवाधिकारों के गैरभेदभाव के सिद्धांत का आधार है। सभी मनुष्यों को एक दूसरे के प्रति दयालु और जिम्मेदार होने का उपदेश देता ऋग्वैदिक मंत्र मनुर्भव वर्तमान केमानवाधिकारों का मूल है।यजुर्वेद 36/18का मित्रस्य अर्थात मित्रता और अथर्ववेद3/30/4 में उल्लिखित अविद्वेषम् अर्थात द्वेष न करना जैसे विचार सभी के प्रति प्रेमपूर्ण व्यवहार और सामंजस्य पर जोर देते हैं। अथर्ववेद 3/30/6 में ईश्वर ने पहिये की अक्ष में आरे के जुड़े होने की भांति आपस में मिलजुलकर परोपकारी सदाचारी विद्वान के नेतृत्व में चलने का आदेश दिया है।वेदों के अनुसार सभी को साथ मिलकर उन्नति करने का अधिकार है, जिससे समाज में समरसता और एकता बनी रहे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## दिल्ली में भारत-ब्रुनेई संयुक्त कार्य समूह की बैठक

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रुनेई के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए रक्षा सहयोग पर संयुक्त कार्य समूह (जेडब्लूजी) की पहली बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित की गई। यह बैठक दोनों देशों की द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद और ब्रुनेई के रक्षा मंत्रालय की उप-स्थायी सचिव पोह कुई चून ने की। बैठक शुरू होने से पहले दोनों प्रतिनिधियों ने संयुक्त कार्य समूह की स्थापना से जुड़े विचारार्थ विषयों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए।

### चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को दिया दिशा-निर्देश

# 30 दिन के अंदर अपना संविधान जमा करें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय और मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय दलों से कहा है कि 30 दिनों के अंदर सभी संशोधनों के साथ अपने-अपने संविधान का अपडेटेड वर्जन उसके पास जमा करें। चुनाव आयोग ने यह निर्देश ऐसे समय में दिया है, जब सुप्रीम कोर्ट उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें राजनीतिक दलों के रजिस्ट्रेशन से लेकर उसके संचालन तक को लेकर वैधानिक नियावली बनाने की मांग की गई है, ताकि इसमें पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।




### राजनीतिक दल अपना संविधान जमा करें

सोमवार को राजनीतिक दलों को भेजी चिट्ठी में चुनाव आयोग ने कहा है कि जब जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 29ए के तहत एक राजनीतिक दल का रजिस्ट्रेशन होता है, तब उनकी ओर से रूल्स और रेगुलेशन को लेकर मेमोरेंडम भी जमा किया जाता है।

### पार्टी का संविधान राजनीतिक दलों का दर्पण

चुनाव आयोग ने पॉलिटिकल पार्टियों से कहा है कि पिछली बार जब उन्होंने दस्तावेज सौंपा था, उसके बाद से उसमें जितने भी बदलाव हुए हैं, उन सबकी कॉपी भी साथ ही जमा करें। इन अपडेटेड कॉपी से पार्टी के अंदर वैधानिक जरूरतों के पालन होते रहने की पुष्टि होती है और यह सुनिश्चित हो जाता है कि जनता को यह पता रहे कि पार्टी किन नियमों के तहत संचालित हो रही है। चुनाव आयोग की ओर से राजनीतिक दलों को यह निर्देश सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को लेकर दायर एक जनहित याचिका के बीच जारी किया गया है।
अपनी याचिका में एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट से चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को यह निर्देश देने की मांग की है कि वो राजनीतिक दलों के संचालन के लिए वैधानिक नियम तैयार करें, जिसमें उसकी अंदरूनी संरचना, वित्तीय जानकारी, निर्णय लेने में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व तय करने का पूरा प्रावधान शामिल हो।

# हस्तशिल्प आजीविका का साधन भी है और सांस्कृतिक पहचान भी : राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में वर्ष 2023 और 2024 के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि कला हमारे अतीत की स्मृतियों, वर्तमान के अनुभवों और भविष्य की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती है। प्राचीन काल से ही मनुष्य चित्रकला या मूर्तिकला के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करता रहा है। कला लोगों को संस्कृति से जोड़ती है। कला लोगों को एक-दूसरे से भी जोड़ती है।
राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यदि हमारी सदियों पुरानी हस्तशिल्प परंपरा जीवंत और संरक्षित बनी हुई है, तो इसका श्रेय पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे कारीगरों की प्रतिबद्धता को जाता है। हमारे कारीगरों ने अपनी कला और परंपरा को बदलते समय के साथ ढाला है और साथ ही मूल भावना को भी जीवित रखा है। उन्होंने अपनी प्रत्येक कलात्मक रचना में देश की मिट्टी की खुशबू को संजोए रखा है। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं, बल्कि आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत भी हैं। यह क्षेत्र देश में 32 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार देता है। उल्लेखनीय है कि हस्तशिल्प से रोजगार और आय प्राप्त करने वाले ज्यादातर लोग ग्रामीण या दूरदराज के इलाकों में रहते हैं। यह क्षेत्र रोजगार और आय का विकेंद्रीकरण करके समावेशी विकास को बढ़ावा देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सामाजिक सशक्तीकरण के लिए हस्तशिल्प को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह क्षेत्र पारंपरिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों को सहायता प्रदान करता रहा है। हस्तशिल्प न केवल कारीगरों को आजीविका का साधन प्रदान करता है, बल्कि उनकी कला उन्हें समाज में पहचान और सम्मान भी दिलाती है।



### भारतीय हस्तशिल्प पर्यावरण के अनुकूल वैश्विक मांग बढ़ने की अपार संभावनाएं: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने कहा कि हस्तशिल्प उद्योग की सबसे बड़ी ताकत प्राकृतिक और स्थानीय संसाधनों पर इसकी निर्भरता है। यह उद्योग पर्यावरण के अनुकूल है और इसका कार्बन उत्सर्जन कम है। आज दुनियाभर में पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ जीवनशैली की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में, यह क्षेत्र स्थायित्व में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।
राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि जीआई टैग दुनिया भर में भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों की पहचान को मजबूत कर रहा है। उन्होंने सभी हितधारकों से अपने अनूठे उत्पादों के लिए जीआई टैग प्राप्त करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

### ममता बनर्जी का केंद्र पर हल्ला बोल, कहा-

## फंड रोकने से नहीं रुकेगा बंगाल का विकास

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार को किसी सहायता की आवश्यकता नहीं है और सभी कल्याणकारी योजनाओं को स्वतंत्र रूप से चलाना जारी रखेगी। उन्होंने एनआरसी और सीएए के प्रति अपने कड़े विरोध को भी दोहराया और घोषणा की कि बंगाल कभी भी डिटेंशन कैंप की अनुमति नहीं देगा। एक जनसभा को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने कहा कि हमें केंद्र से किसी मदद की आवश्यकता नहीं है; हम सभी योजनाएँ स्वयं चला रहे हैं। परसों, उन्होंने (केंद्र ने) हमें एक नोटिस जारी कर 6 दिसंबर तक तिमाही श्रम बजट जमा करने को कहा था। लेकिन मैं कहना चाहती हूँ कि आपके नोटिस का कोई महत्व नहीं है। बंगाल 100 दिनों का कार्य कार्यक्रम अपने दम पर चलाएगा।



### मोदी से मिलने के बाद नडेला का कहा

## भारत बनेगा एआइ हब



- **एआई अवसर पर प्रेरक बातचीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, धन्यवाद।**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने मंगलवार को घोषणा की कि वह भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विकास हेतु आवश्यक बुनियादी ढाँचे और कौशल निर्माण हेतु 17.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश कर रहे हैं, जो एशिया में कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। उन्होंने आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात के बाद एक्स पर एक पोस्ट में यह घोषणा की। नडेला ने ट्वीट किया भारत के एआई अवसर पर प्रेरक बातचीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, धन्यवाद। देश की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए, माइक्रोसॉफ्ट भारत के एआई-प्रधान भविष्य के लिए आवश्यक बुनियादी ढाँचे, कौशल और संप्रभु क्षमताओं के निर्माण में मदद के लिए एशिया में अपना अब तक का सबसे बड़ा निवेश - 17.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर - करने की प्रतिबद्धता जता रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ नडेला की यह मुलाकात इस साल की शुरुआत में उनके उस बयान के कुछ दिनों बाद हुई है जिसमें उन्होंने कहा था कि कंपनी अगले दो वर्षों में भारत में क्लाउड और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंफ्रास्ट्रक्चर और स्किलिंग में 3 अरब डॉलर का निवेश करेगी, जिसमें नए डेटा सेंटर की स्थापना भी शामिल है। कंपनी अगले पाँच वर्षों में देश में 1 करोड़ लोगों को एआई कौशल प्रशिक्षित करने में भी मदद करेगी। अपने माइक्रोसॉफ्ट एआई टूर के बेंगलुरु चरण में नडेला ने कहा कि भारत एआई नवाचार में तेज़ी से अग्रणी बन रहा है और देश भर में नए अवसर पैदा कर रहा है। आज हम बुनियादी ढांचे और कौशल विकास में जिस निवेश की घोषणा कर रहे हैं, वह भारत को एआई-प्रमुख बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि देश भर के लोगों और संगठनों को व्यापक रूप से लाभ मिले।

## प्रशासन का बड़ा एक्शन, 'बर्च बाय रोमियो लेन' क्लब पर चला बुलडोजर

**पणजी।** गोवा के नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की जान चली गई। क्लब के मालिक फरार हैं और उनके थाईलैंड भागने की आशंका है। अब प्रशासन ने इस नाइट क्लब के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए बुलडोजर चला दिया है। समुद्र के किनारे बने 'बर्च बाय रोमियो लेन' क्लब में आग लगने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस घटना में 25 लोगों की मौत हुई। इसमें चार पर्यटक और 14 स्टाफ सदस्य शामिल हैं। सात पीड़ितों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। छह लोग घायल हुए हैं और उनका इलाज चल रहा है। इस भयावह घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया और सभी क्लबों के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए।

# देश को विभाजित करने वाले जयचंद और मीरजाफर जैसे पापी : योगी

**एजेंसी। गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज और देश को विभाजित करने वालों से सावधान रहने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे लोग जयचंद और मीरजाफर जैसा पाप कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तोड़ने के लिए बहुत से लोग हैं। कोई जाति के नाम पर, कोई क्षेत्र और कोई भाषा के नाम पर बांट रहा है। समाज और देश तोड़क इन तत्वों को जब सत्ता में आने का मौका मिलता है तो वे सिर्फ अपने और परिवार के बारे में सोचते हैं। परिवार के लिए प्रॉपर्टी, विदेश में होटल और द्वीप खरीदते हैं। ऐसे लोग देश को दरिद्र करने का षड्यंत्र करते हैं। जाति, क्षेत्र आदि के नाम के तात्कालिक लॉलीपॉप से समाज और देश का कल्याण नहीं हो सकता। देश का कल्याण तभी होगा, जब भेदभाव नहीं होगा, सबमें एकता होगी।



मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को सैनिक स्कूल गोरखपुर में देश के पहले सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने ऑडिटोरियम के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बिपिन रावत की प्रतिमा का भी अनावरण किया और महान सैन्य नायक को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस प्रतिमा की स्थापना जनरल बिपिन रावत की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन ऑफ इंडिया की तरफ से कराई गई है। मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत के जीवन पर आधारित एक पुस्तिका का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत के व्यक्तित्व और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को याद किया तथा देश के समसामयिक हालात पर भी चर्चा करते हुए विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिलाए गए पंच प्रणों को अपनाने की अपील की। सीएम योगी ने कहा कि आजादी के अमृत वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री मोदी ने आह्वान किया था।

# भारत पाकिस्तान या बांग्लादेश नहीं, जहां इस्लामिक कानून चलता हो : गिरिराज सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मौलाना अरशद मदनी के 'वंदे मातरम' पर दिए गए बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तीखा पलटवार किया और कहा कि मदनी हों या गजनी, यह पाकिस्तान नहीं, बांग्लादेश नहीं, जहां इस्लामिक कानून चलता हो। यह भारत है। गिरिराज सिंह ने मौलाना अरशद मदनी पर हमला बोलते हुए कहा कि भारत में सभी को संविधान से ही चलना होगा, वह चाहे गजनी हो या मदनी। जो नहीं मानेगा, उसके लिए कानून अपना काम करेगा।उन्होंने कहा कि वंदे मातरम से सिर्फ उसी को ऐतराज होगा, जो भारत के संविधान को नहीं मानता हो। कानून किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं बनता, कानून देश के लिए बनता है। सोनिया गांधी को भारत की नागरिकता मिलने से पहले मतदाता बनने के सवाल पर गिरिराज सिंह ने कहा कि यह जांच का विषय है। इतने बड़े परिवार के लोग दोहरी नागरिकता रखें, यह जांच का विषय है। मौलाना अरशद मदनी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर कहा था कि हमें किसी के "वंदे मातरम" पढ़ने या गाने पर आपत्ति नहीं है, लेकिन मुसलमान केवल एक अल्लाह की इबादत करता है और अपनी इबादत में अल्लाह के सिवा किसी दूसरे को शामिल नहीं कर सकता। उन्होंने आगे लिखा कि वंदे मातरम के चार छंदों में देश को देवता मानकर दुर्गा माता से तुलना की गई है। यह किसी भी मुसलमान की धार्मिक आस्था के खिलाफ है। इसलिए किसी को उसकी आस्था के खिलाफ कोई नारा या गीत गाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। मुसलमानों की देशभक्ति के लिए किसी के प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं है। हमें मर जाना स्वीकार है, लेकिन शिर्क कभी स्वीकार नहीं।



# यात्रियों को अब नहीं होगी परेशान, फ्लाइट का ऑपरेशन अब सामान्य : पीटर एल्बर्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिगो एयरलाइंस ने देश भर में सैकड़ों उड़ानों के रद्द होने और देरी के कारण भारतीय हवाई अड्डों पर मची अफरा-तफरी के लगभग एक हफ्ते बाद अपना परिचालन बहाल कर दिया है। एयरलाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को जारी एक नए बयान में यात्रियों से माफ़ी मांगी है। इंडिगो के सीईओ एल्बर्स ने एयरलाइन के "बड़े परिचालन व्यवधानों" के कारण "उन्हें निराश" करने के लिए हजारों प्रभावित यात्रियों से माफ़ी मांगी है।
सीईओ पीटर एल्बर्स ने एक बयान में कहा कु हमारे पिछले संवाद के बाद, मैं यह साझा करने के लिए यहाँ हूँ कि हमारी एयरलाइन, इंडिगो, अपने पैरों पर वापस आ गई है और हमारा परिचालन स्थिर है। जब एक बड़ा परिचालन व्यवधान हुआ तो हमने आपको निराश किया, और हमें इसके लिए खेद है। हवाई यात्रा की खूबसूरती यह है कि यह लोगों, भावनाओं, महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं को एक साथ लाती है, और हम जानते हैं कि आप विभिन्न कारणों से यात्रा कर रहे हैं। हज़ारों फंसे हुए ग्राहकों को राहत पहुँचाने की एयरलाइन की प्रतिबद्धता दोहराते हुए, सीईओ ने कहा कि आपमें से हज़ारों लोग यात्रा नहीं कर पाए, और हम इसके लिए बेहद खेद व्यक्त करते हैं।



### एयरलाइन की 400 से अधिक उड़ानें हुई रद्द

**नई दिल्ली।** इंडिगो द्वारा रद्द की गई उड़ानों की भारी संख्या ने मंगलवार को पूरे भारत में हवाई यात्रा को प्रभावित करना जारी रखा, सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गईं और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हवाईअड्डा अधिकारियों के अनुसार, इस व्यवधान के कारण अब तक देश भर में 400 से ज़्यादा उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सबसे ज़्यादा असर पड़ा, जहाँ इंडिगो की 152 उड़ानें रद्द होने की पुष्टि हुई, जिनमें 76 आगमन और 76 प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं, अधिकारियों ने बताया। दक्षिणी हवाईअड्डों पर भी रद्दीकरण का असर दिखा। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर, 58 आगमन और 63 प्रस्थान वाली उड़ानें रद्द कर दी गईं, हवाईअड्डा प्राधिकरण ने घोषणा की कि अगला अपडेट शाम 6 बजे के बाद जारी किया जाएगा। चेन्नई में भी महत्वपूर्ण व्यवधान की सूचना मिली, जहाँ दिन भर में 18 प्रस्थान और 23 आगमन वाली उड़ानें रद्द कर दी गईं। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे ने 44 प्रस्थान और 14 आगमन वाली उड़ानों के रद्द होने की पुष्टि की। तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर अपेक्षाकृत कम रद्दीकरण दर्ज किए गए, एक आगमन और तीन प्रस्थान रद्द होने की सूचना दी गई, जबकि कुछ उड़ानों के निर्धारित समय पर संचालित होने की पुष्टि की गई। अहमदाबाद में हवाई अड्डे के सुबह 8 बजे के अपडेट में 16 रद्दीकरणों की पुष्टि हुई, जिनमें नौ आगमन और सात प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि टर्मिनल या हवाई अड्डे पर कोई समस्या नहीं थी और सभी यात्रियों को सहायता प्रदान की जा रही थी।

## न्यूज बॉक्स

### वंदे मातरम् को नारा बनाने वाली कांग्रेस ही थी : खरगे



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने वंदे मारतरम् को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू पर हमला करने से पहले भाजपा को इतिहास पढ़ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम को नारा बनाने वाली कांग्रेस ही थी। कांग्रेस की परंपरा है कि वह अपने कार्यक्रमों की शुरुआत वंदे मातरम के साथ करे और भाजपा को भी ऐसा ही करके दिखाने की चुनौती दी। राज्यसभा में वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान मंगलवार को खरगे ने कहा, कांग्रेस के नेता भारत माता की जय, महात्मा गांधी की जय, वंदे मातरम के नारे लगाए और जेल गए, लेकिन भाजपा नेताओं ने अंग्रेजों के लिए काम किया। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह जवाहरलाल नेहरू और अन्य कांग्रेस नेताओं का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। जब व्यावहारिकता को ध्यान में रखते हुए वंदे मातरम के केवल पहले दो पैराग्राफ गाने का निर्णय तत्कालीन कांग्रेस कार्यसमिति का सामूहिक निर्णय था, तो केवल जवाहरलाल नेहरू को ही क्यों निशाना बनाया गया? भाजपा ने नेहरू पर हमला करके समिति के सभी नेताओं और रवींद्रनाथ टैगोर का भी अपमान किया है। भाजपा को राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों का अपमान करने के लिए देश से माफ़ी मांगनी चाहिए।

### एसआईआर के दूसरे चरण में अब तक 99.18 प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज्ड

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को दोपहर 3 बजे तक का एसआईआर के दूसरे चरण का विस्तृत बुलेटिन जारी किया। 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 4 नवंबर से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया 11 दिसंबर तक चलेगी, जिसमें बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) द्वारा मतदाताओं से जुड़ी जानकारी इकट्ठा कर डिजिटल रूप से दर्ज की जा रही है। चुनाव आयोग ने बताया कि 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कुल 50.99 करोड़ से अधिक मतदाता सूची में शामिल हैं और अब तक 99.97 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण और 99.18 प्रतिशत का डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया गया है। लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, अंडमान-निकोबार, छत्तीसगढ़, पुडुचेरी, गुजरात और गोवा जैसे राज्यों ने 100 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण कर दिया है। वहीं, इन राज्यों में फॉर्म डिजिटाइजेशन की बात करें तो लक्षद्वीप में 100 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 100 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 99.96 प्रतिशत और गुजरात में 99.94 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का काम पूरा कर लिया गया है।

### एसआईआर की समय-सीमा बढ़े बैलेट पेपर वापस लाए जाएं: मायावती

**लखनऊ।** संसद में चुनाव सुधार पर जारी चर्चा के बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के लिए तीन महत्वपूर्ण सुधारों की मांग की है। पार्टी का कहना है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वर्तमान समय-सीमा बेहद कम है, जिससे बीएलओ पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है और इससे वैध मतदाताओं, विशेषकर गरीब और प्रवासी मजदूरों, के नाम मतदाता सूची से छूटने का जोखिम बढ़ गया है। मायावती ने कहा कि जहां करोड़ों मतदाता हैं, वहां एसआईआर प्रक्रिया को जल्दबाजी में पूरा करने का प्रयास उचित नहीं है, खासकर उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां 15.40 करोड़ से अधिक मतदाता हैं और निकट भविष्य में कोई चुनाव भी निर्धारित नहीं है। पार्टी ने स्पष्ट कहा कि जल्दबाजी के चलते अनेक वैध मतदाता—जो बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त संवैधानिक मतदान अधिकार के पात्र हैं—सूची से वंचित हो सकते हैं, जो पूर्णतः अनुचित है, इसलिए एसआईआर की समय-सीमा को अवश्य बढ़ाया जाना चाहिए। मायावती ने आपराधिक मामलों के खुलासे से जुड़े सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों पर भी टिप्पणी की।



### तिरुमाला मिलावटी लड्डू-घी मामले में एक्शन, 2 अधिकारियों को हिरासत में लिया



**नई दिल्ली।** तिरुमाला मिलावटी घी मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को टीटीडी (तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम) के दो अधिकारियों को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों के अनुसार, मामले की चिकित्सा जाँच तिरुपति रुइया अस्पताल में भी की जा रही है। दोनों संदिग्धों की पहचान सुगंध और सुब्रह्मण्यम के रूप में हुई है। एसआईटी ने कहा है कि वह गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों से 12 दिसंबर तक पूछताछ करेगी। इससे पहले 28 नवंबर को, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की निगरानी में विशेष जाँच दल (एसआईटी) ने टीटीडी लड्डू-घी में मिलावट मामले में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के इंजीनियरिंग विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को गिरफ्तार किया था, एक एसआईटी अधिकारी ने बताया। गुंटूर रेंज के आईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति, आरएसएसवीआर सुब्रह्मण्यम, पहले टीटीडी में महाप्रबंधक (खरीद) के रूप में कार्यरत थे और लड्डू बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले घी सहित प्रमुख सामग्रियों की खरीद के लिए जिम्मेदार थे।

### 2036 तक बुजुर्गों की आबादी बढ़कर 22.74 करोड़ हो जाएगी : नित्यानंद राय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को कहा कि अगले डेढ़ दशक में भारत की बुजुर्ग आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि होने का अनुमान है, जो वरिष्ठ नागरिकों के लिए केंद्रित कल्याणकारी उपायों की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित करता है। कांग्रेस सांसद चमाला किरण कुमार रेड्डी द्वारा लोकसभा में उठाए गए प्रश्न का उत्तर देते हुए, नित्यानंद राय ने राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग द्वारा गठित जनसंख्या अनुमानों पर तकनीकी समूह के निष्कर्षों का हवाला देते हुए कहा कि 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की संख्या 2011 में 10.16 करोड़ से बढ़कर 2036 में 22.74 करोड़ होने की उम्मीद है, और कहा कि इसी अवधि के दौरान कुल जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी 8.4 प्रतिशत से बढ़कर 14.9 प्रतिशत होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की आबादी में तेज वृद्धि स्वास्थ्य, सामाजिक, आर्थिक और डिजिटल क्षेत्रों में चुनौतियां पेश करेगी। इन उभरती चिंताओं के जवाब में, राय ने कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय अटल वयो अभ्युदय योजना (अव्यय) को लागू कर रहा है, जो 1 अप्रैल, 2021 से संचालित एक व्यापक योजना है, जिसका उद्देश्य देश भर में वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण है।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# संसदीय समिति की रिपोर्ट : स्वायत्त संस्थाओं में देरी, नियुक्ति में पक्षपात पेपर लीक और त्रुटियां, एनटीए पर भरोसा कम

## समिति ने पेन-एंड-पेपर परीक्षाओं का समर्थन किया, क्योंकि सीबीएसई व यूपीएससी की परीक्षाएं सालों से 'लीक-प्रूफ' रही हैं

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** संसद में सोमवार को शिक्षा विभाग की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने उच्च शिक्षा विभाग के तहत आने वाली स्वायत्त संस्थाओं की समीक्षा वाली रिपोर्ट पेश की। इस समिति में सुनेत्रा अजित पवार, रेखा शर्मा, घनश्याम तिवारी, संबित पात्रा, रविशंकर प्रसाद व बांसुरी स्वराज जैसे सांसद सदस्य हैं। रिपोर्ट में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए ) पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया है, जिसमें कहा गया कि एनटीए ने 'बहुत ज्यादा भरोसा नहीं जगाया है'। समिति ने सुझाव दिया कि एनटीए को तुरंत अपनी कमियों को दूर करना चाहिए और पिछले छह सालों में जमा 448 करोड़ रुपये के सरप्लस का इस्तेमाल परीक्षाओं को खुद आयोजित करने या वेंडर्स की निगरानी मजबूत करने के लिए करना चाहिए। एनटीए ने कुल 3,512.98 करोड़ रुपये वसूले, जिनमें से 3,064.97 करोड़ खर्च हो चुके हैं।रिपोर्ट में परीक्षाओं में देरी और त्रुटियों का जिक्र है। पिछले कुछ सालों में कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के रिजल्ट समय पर घोषित नहीं हुए, जिससे विश्वविद्यालयों में एडमिशन प्रक्रिया, शैक्षणिक सत्र की शुरुआत और छात्रों पर अनावश्यक दबाव बढ़ा। समिति ने एनटीए को परीक्षाएं और रिजल्ट समयबद्ध तरीके से आयोजित करने की सलाह दी। 2024 में एनटीए ने 14 प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित कीं, लेकिन कम से कम पांच में बड़ी समस्याएं रहीं: यूजीसी-नेट, सीएसआईआर-नेट और नीट-पीजी स्थगित हुई; नीट-यूजी में पेपर लीक हुआ; सीयूईटी के रिजल्ट टल गए। जनवरी 2025 में हुई जेईई मेन परीक्षा में फाइनल आंसर की में कम से कम 12 सवालों में त्रुटियां पाई गईं, जिन्हें हटाना पड़ा। समिति का कहना है कि ऐसी घटनाएं छात्रों का सिस्टम पर भरोसा कम करती हैं और एनटीए को भविष्य में ऐसी गलतियां रोकनी चाहिए। समिति ने पेन-एंड-पेपर परीक्षाओं का समर्थन किया, क्योंकि सीबीएसई और यूपीएससी की परीक्षाएं कई सालों से 'लीक-प्रूफ' रही हैं। कंप्यूटर-बेस्ड परीक्षाओं पर सवाल उठाए गए। रिपोर्ट में यूजीसी के ड्राफ्ट रेगुलेशंस पर भी चर्चा है। जनवरी 2025 में जारी यूजीसी (मिनिमम क्वालिफिकेशंस फॉर अपॉइंटमेंट एंड प्रमोशन ऑफ टीचर्स) रेगुलेशंस, 2025 पर 15,066 फीडबैक आए, जिनमें 10 राज्य सरकारें, 92 एसोसिएशंस, 52 यूनिवर्सिटीज, नेशनल कमीशन फॉर माइनॉरिटीज, एआईसीटीई और आईसीएआर शामिल हैं। ये विश्लेषण के दौर से गुजर रहे हैं। विपक्ष ने ड्राफ्ट पर विरोध जताया, क्योंकि यह राज्य यूनिवर्सिटीज में चांसलर (ज्यादातर गवर्नर) को वाइस-चांसलर नियुक्ति में ज्यादा अधिकार देता है। समिति ने सुझाव दिया कि यूजीसी इसे सेंट्रल एडवाइजरी बोर्ड ऑफ एजुकेशन के साथ चर्चा करे। अप्रैल 2025 से खाली यूजीसी चेयरमैन पद को तुरंत भरने की मांग की गई। फरवरी 2025 में जारी ड्राफ्ट यूजीसी (प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन) रेगुलेशंस, 2025 को अंतिम रूप देने में देरी पर चिंता जताई। सुझावों में ओबीसी छात्रों के उत्पीड़न को जाति-आधारित परिभाषित करना, विकलांगता को भेदभाव का केंद्र बनाना और संस्थानों को मनमाने फैसले न लेने के स्पष्ट उदाहरण शामिल हैं।अन्य सुझावों में लद्दाख के हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स को मान्यता देने और उसके मॉडल की जांच का प्रस्ताव है। नाक में हाल के ब्राइबरी केस की जांच के नतीजे समिति को साझा करने को कहा। कुल मिलाकर यह रिपोर्ट उच्च शिक्षा प्रणाली की कमजोरियों-एसमैन व सत्ताधारी पार्टी से जुड़े लोगों की कुलपति पद , प्रतियोगिता परीक्षा लेने वाली एजेंसियों के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति से लेकर पेपर लीक तक को उजागर करती है, जो छात्रों के भविष्य को प्रभावित कर रही हैं।



- कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं पर सवाल उठाए गए
- रिपोर्ट में यूजीसी के ड्राफ्ट रेगुलेशंस पर भी चर्चा है-

*विपक्ष ने ड्राफ्ट पर विरोध जताया, क्योंकि यह राज्य विश्वविद्यालयों में चांसलर (ज्यादातर गवर्नर) को वाइस-चांसलर नियुक्ति में ज्यादा अधिकार देता है*

# ट्रेनों की देरी, सड़कों पर जाम , हवाई यात्रा का संकट, कितना नुकसान?

## प्रदूषण दूना , मानसिक तनाव दोगुना, आर्थिक हानि 2 लाख करोड़ रु. से ज्यादा

**कृष्णमोहन सिंह**


एआई जेनरेटेड

**नई दिल्ली।** एक सज्जन बहुत ही दार्शनिक भाव से कहे- 'अच्छे दिन से लबालब जनता को ट्रेन लेट, सड़क जाम और इंडिगो संकट से बहुत फ़र्क़ नहीं पड़ता। ज्यादातर "होइहें सोई जो राम रचि राखा" के भाव से ओत-प्रोत हैं।' एक अन्य व्यक्ति कह रहे हैं - एक भारतीय के लिए समय की कोई कीमत उतनी नहीं जितनी आप सोच कर परेशान हैं। दैनिक जीवन में ट्रेनों की देरी, सड़कों पर जाम व अब हवाई यात्रा का संकट—ये सब मिलकर अर्थव्यवस्था व व्यक्तिगत उत्पादकता को चूस रहे हैं। भारत में ट्रेनें औसतन 30-60 मिनट से लेकर कई-कई घंटे लेट रहती हैं, सड़कें घंटों के जाम में फंसी रहती हैं, और विमानन कंपनियां बहाने बनाती हैं। लेकिन 2025 के अंत तक, डेटा व तथ्य इस समस्या को और गहरा दिखाते हैं। रेलवे की बात करें तो, दिसंबर 2025 में घने कोहरे ने हालात बिगाड़ दिए। नॉर्दर्न रेलवे ने 1 दिसंबर 2025 से 1 मार्च 2026 तक 56 ट्रेनें निलंबित कर दीं, जिनमें गरीब रथ एक्सप्रेस (12207/12208) और अकाल तख्त एक्सप्रेस शामिल हैं। ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने 24 ट्रेनें रद्द कीं, जबकि कुल 350 ट्रेनें प्रभावित हुईं। दिल्ली-लखनऊ-गोरखपुर रूट पर ट्रेनें 5-12 घंटे लेट चल रही हैं। रेल यात्री डेटा के अनुसार, 2024 में औसत देरी 18 मिनट घटी, लेकिन वंदे भारत की देरी 21% बढ़ी। आर्थिक नुकसान?- एक रिपोर्ट के मुताबिक, देरी से सालाना 1.5 लाख करोड़ रुपये का घाटा, जिसमें यात्रियों का खोया समय (प्रति व्यक्ति 2-3 घंटे प्रतिदिन) प्रमुख है। रही बात सड़कों की तो सड़कें शहरों का काला धब्बा हैं। टॉमटॉम ट्रैफिक इंडेक्स 2025 के अनुसार, कोलकाता (34 मिनट 33 सेकंड प्रति 10 किमी), बेंगलुरु (34 मिनट 10 सेकंड) और पुणे दुनिया के टॉप-5 सबसे धीमे शहरों में हैं। बेंगलुरु के निवासी सालाना 117 घंटे (लगभग 13 कार्य दिवस) जाम में खो देते हैं, जबकि मुंबई में 103 घंटे। चेन्नई (30 मिनट 20 सेकंड) और हैदराबाद (31 मिनट 30 सेकंड) भी पीछे नहीं। 2024-25 में वाहनों की संख्या 25.5 मिलियन बढ़ी, 88% निजी वाहन। नतीजा? प्रदूषण बढ़ा, मानसिक तनाव दोगुना, और आर्थिक हानि 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक—जिसमें ईंधन बर्बादी व उत्पादकता नुकसान शामिल है।सबसे ताजा झटका है इंडिगो का संकट। 2 दिसंबर 2025 से शुरू होकर, नए 'फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट' नियमों (पायलट रेस्ट 48 घंटे, नाइट ड्यूटी सीमित) के कारण 5 दिसंबर को 1,000+ उड़ानें रद्द हुईं—जिनमें दिल्ली से सभी डिपार्चर शामिल। कुल 2,000-4,000 उड़ानें प्रभावित, लाखों यात्री फंसे। डीजीसीए ने सीईओ पीटर एल्बर्स को शो-कॉज नोटिस जारी किया, जबकि सरकार ने किराया कैप लगाया। इंडिगो का दावा: 10 दिसंबर तक सामान्यीकरण, लेकिन पूर्ण बहाली फरवरी 2026 तक। आर्थिक प्रभाव? यात्रियों का खोया समय (20+ घंटे प्रति व्यक्ति) और 610 करोड़ रुपये रिफंड—कुल हानि 5,000 करोड़ से ऊपर। ये देरी केवल असुविधा नहीं, बल्कि आर्थिक बम हैं। विश्व बैंक अनुमान- समय का मूल्य (वैल्यू ऑफ टाइम) प्रति व्यक्ति 200-500 रुपये/घंटा मानें तो सालाना 3-4 लाख करोड़ का नुकसान। इन नुकसान व परेशानियों से बचने के लिए सब कुछ देश के एक -दो सबसे धनी उद्योगपतियों के हवाले ज्यादातर उद्योग - धंधे करने के बजाय अन्य उद्योगपति जो ईमानदार हों , को प्रश्रय दिया जाए, ट्रैफिक सिस्टम, मेट्रो विस्तार, क्रू ट्रेनिंग व कंजेशन प्राइसिंग समयबद्ध करके बेहतर बनाया जाए।

# जापान में भीषण भूकंप के बाद लगातार तेज आफ्टरशॉक्स से दहशत में लोग, अलर्ट जारी

**टोक्यो ।** सोमवार की देर रात उत्तरी जापान में 7.5 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया, जिसमें 23 लोग घायल हो गए और प्रशांत तटवर्ती इलाकों में सुनामी आ गई। अधिकारियों ने संभावित झटकों और महाभूकंप के बढ़ते खतरे की चेतावनी दी है। जापानी सरकार अभी भी सुनामी और देर रात आए भूकंप से हुए नुकसान का आकलन कर रही है। यह भूकंप रात लगभग 11:15 बजे प्रशांत महासागर में, जापान के मुख्य होंशू द्वीप के सबसे उत्तरी प्रान्त, आओमोरी के तट से लगभग 80 किलोमीटर (50 मील) दूर आया था। भूकंप के बाद लगातार आ रहे आफ्टरशॉक्स की वजह से लोग दहशत में हैं। स्थानीय नागरिक, सुविधा स्टोर के मालिक नोबुओ यामादा ने बताया, "मैंने पहले कभी इतने बड़े भूकंप का अनुभव नहीं किया, सौभाग्य से हमारे क्षेत्र में बिजली की लाइनें अभी भी चालू थीं।



# पटना-दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन संचालन एक माह में

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिसंबर 2025 के अंत या जनवरी 2026 से पटना से दिल्ली के बीच देश की पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन चलने वाली है। यह ट्रेन केवल 8 घंटे में 1000 किलोमीटर की दूरी पूरी करेगी। आम स्पीड 160 किमी/घंटा व ज्यादा से ज्यादा 180 किमी/घंटा तक जाएगी। यानी सुबह दिल्ली पहुंचकर पूरा दिन काम कर सकते हैं या शाम को पटना से निकलकर सुबह दिल्ली उतर सकते हैं।

### ट्रेन में कुल 16 कोच होंगे:

- 11 थर्ड एसी (611 बर्थ)
- 4 सेकंड एसी (188 बर्थ)
- 1 फर्स्ट एसी (24 बर्थ)

*कुल 827 यात्री सफर कर सकेंगे। किराया राजधानी एक्सप्रेस जितना ही रखा जाएगा।*

### किराया राजधानी एक्सप्रेस के बराबर



**दिन वाली वंदे भारत की शिकायतें और इस ट्रेन में सुधार :**

- **लोग दिन वाली (सीटिंग) वंदे भारत में अक्सर ये शिकायत करते थे-**

सीटें बहुत सख्त हैं, कमर दर्द हो जाता है। लेग रूम बहुत कम है। खिड़की के पास चार्जिंग पॉइंट नहीं।टॉयलेट गंदे हो जाते हैं।खाना ठंडा और महंगा मिलता है।

**नई स्लीपर वंदे भारत में ये सारी समस्याएं दूर करने की बात कही जा रही है:** गद्दे और तकिए बहुत नरम और आरामदायक रखे गए हैं। हर बर्थ के पास अपना चार्जिंग सॉकेट और रीडिंग लाइट है।टॉयलेट टच-फ्री और बायो-वैक्यूम वाले हैं, हमेशा साफ रहेंगे। फर्स्ट एसी में तो शावर (गर्म पानी से नहाने की सुविधा) भी है। खाना ट्रेन की अपनी मॉड्यूलर किचन में ताजा बनेगा।

# सीजेआई गवई पर जूता फेंकने वाले वकील राकेश को वकीलों ने चप्पलों से पीटा

**जब जूता फेंका था तो कहा था- 'भगवान ने सपने में आकर उन्हें ये काम करने कहा था'**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश के तबके सीजेआई बीआर गवई पर जूता फेंकने वाले वकील राकेश किशोर की 9 दिसंबर 2025 को वकीलों ने धुनाई कर दी। यह हुआ दिल्ली के कड़कड़डूमा में कोर्ट में। यहां वकीलों ने पं.राकेश किशोर की चप्पलों से पिटाई की। और पिटाई के दौरान राकेश किशोर कहता रहा कि मुझे क्यों पीट रहे हो, सनातन धर्म की जय हो।मालूम हो कि वकील राकेश किशोर ने हाल ही में गवई जब सीजेआई पद पर थे और सर्वोच्च न्यायालय के कोर्ट नं.1 में एक केस की सुनवाई कर रहे थे , तो उनके ऊपर पं.राकेश किशोर ने जूता फेंका था। जिस पर काफी हंगामा हुआ है। हालांकि, इस घटना के बाद तबके सीजेआई गवई ने राकेश किशोर को माफ कर दिया था। लेकिन मंगलवार 9 दिसंबर 2025 को कड़कड़डूमा कोर्ट में वकीलों ने राकेश किशोर की पिटाई कर दी। यह घटना तब हुई जब राकेश किशोर कड़कड़डूमा कोर्ट में मौजूद थे। उसी वक्त कुछ वकीलों ने उन पर हमला कर दिया। राकेश पर धक्का-मुक्की व चप्पलों से हमला किया गया। बड़ी मुश्किलों से कोर्ट सुरक्षा कर्मियों ने बीच-बचाव करके उन्हें बाहर निकाला। मालूम हो कि तब सीजेआई गवई पर जूता फेंकने के बाद बार काउंसिल ने राकेश किशोर को निलंबित कर दिया था। तमाम आलोचनाओं के बाद राकेश किशोर ने कहा था कि उन्हें अपने किए पर कोई अफसोस नहीं है। किशोर ने कहा था कि भगवान ने सपने में आकर उन्हें ये काम करने कहा था। लेकिन 9 दिसंबर को पिटाई के बाद राकेश किशोर ने यह नहीं बताया की भगवान ने सपने आकर 'वकील तुमको चप्पलों से पीटेंगे' बताया था या नहीं। राकेश किशोर एक वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, जो दिल्ली बार काउंसिल में 2009 से पंजीकृत हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के निलंबन के बाद वह आगे की कार्रवाई तक कोई भी केस नहीं लड़ सकते हैं। मालूम हो कि 6 अक्टूबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के कमरा नंबर 1 में सुनवाई के दौरान, राकेश किशोर ने तत्कालीन सीजेआई बी.आर. गवई पर जूता फेंका था। हालांकि, वो जूता बीच में ही गिर गया था। यह घटना तब सुबह लगभग 11:35 बजे हुई, जब सुप्रीम कोर्ट में खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सिर कटी मूर्ति की पुनर्स्थापना से जुड़े मामले पर सुनवाई चल रही थी।

- **पिटाई के दौरान राकेश किशोर कहता रहा कि मुझे क्यों पीट रहे हो, सनातन धर्म की जय हो...**


# सीडीएफ बनते ही आसिम मुनीर ने भारत के खिलाफ उगला जहर भारतीय सेना करारा सबक सिखाने के लिए पूरी तरह तैयार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आसिम मुनीर ने पाकिस्तान का पहला चीफ ऑफ डिफेन्स फोर्सेज़ बनते ही भारत के खिलाफ जहर उगला है। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान के सैन्य ढाँचे में सीडीएफ का पद नया है और पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ढाँचे के सीडीएस पद को एक तरह से कॉपी किया है। हम आपको बता दें कि मुनीर सीडीएफ के अलावा पहले से ही चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ भी बने हुए हैं। इस प्रकार अब पाकिस्तान की सेना, वायुसेना, नौसेना और उसकी परमाणु क्षमता, सबका शीर्ष नियंत्रण एक ही व्यक्ति के हाथों में केंद्रित है। अपने नए पद पर नियुक्ति के बाद जीएचक्यू में पहले संबोधन में आसिम मुनीर ने भारत को सीधी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भारत ने कोई भी आक्रामक कदम उठाया, तो पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पहले से कहीं अधिक कठोर और विनाशकारी होगी। हम आपको याद दिल दें कि मुनीर ने पिछली बार भी कहा था कि यदि पाकिस्तान पर अस्तित्व का संकट आया तो वह अभूतपूर्व प्रतिक्रिया देगा। अब सीडीएफ बनते ही उन्होंने फिर भारत को चेतावनी भरा संदेश दिया है।

**मुनीर की चेतावनी बेअसर :** भारत की ताकत के सामने पाकिस्तान की रणनीति खोखली


देखा जाए तो आसिम मुनीर का सीडीएफ के रूप में भारत के लिए पहला संदेश कोई सामान्य सैन्य वक्तव्य नहीं है। अब पाकिस्तान की सेना, नौसेना, वायुसेना और सबसे महत्वपूर्ण बात यानि परमाणु हथियारों का नियंत्रण, एक ही व्यक्ति के हाथ में है। ऐसे में मुनीर के द्वारा भारत के प्रति दिया गया कठोर प्रतिक्रिया वाला बयान स्वाभाविक रूप से क्षेत्रीय स्थिरता के लिए चिंता पैदा करता है। किन्तु वास्तविकता यह है कि यह चेतावनी न तो भारत को डरा सकती है और न ही पाकिस्तान की स्थिति को मजबूत कर सकती है। बल्कि यह बयान पाकिस्तान की भीतरी राजनीति और आर्थिक अस्थिरता से जनता का ध्यान हटाने का प्रयास अधिक प्रतीत होता है।



# बॉर्डर 2 से अहान शेट्टी का फर्स्ट-लुक जारी...

## टैंक गन थामे नेवी ऑफिसर लुक में नजर आए

फिल्म बॉर्डर 2 से अहान शेट्टी का फर्स्ट-लुक मंगलवार को जारी किया गया। इसमें वह एक नेवी ऑफिसर के किरदार में नजर आ रहे हैं और काफी दमदार लग रहे हैं। उनके लुक को देखकर लोग उनकी तुलना सुनील शेट्टी से भी कर रहे हैं, जिन्होंने पहले बॉर्डर में अहम किरदार निभाया था। मेकर्स की ओर से जारी किए गए पोस्टर में अहान शेट्टी को युद्ध के बीच में दिखाया गया है। उनके चेहरे पर खून के निशान हैं और उनकी आंखों में दृढ़ता झलक रही है, साथ ही अहान के हाथों में टैंक की गन है। इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, लहरों से भी मजबूत। तूफान से भी भयानक। इसके साथ ही बताया गया है कि यह फिल्म अगले साल 2026 में 23 जनवरी को रिलीज होगी। वहीं, इस पोस्टर पर सोशल मीडिया यूजर्स भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। एक ने लिखा, क्या कमाल का फर्स्ट लुक पोस्टर है अहान की असली एंट्री तो अब होने जा रही है बॉलीवुड में। दूसरे ने लिखा है, अहान शेट्टी अपने पापा सुनील शेट्टी की तरह ही नजर आ रहा है। ऐसा लग रहा है कि बॉर्डर 2 में अहान नहीं बल्कि अन्ना सुनील शेट्टी ही हैं।




**कैसे विवादों में आई थी फिल्म :** बॉर्डर-2 तब विवादों का केंद्र बन गई थी, जब फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने दिलजीत दोसांझ की कास्टिंग पर सवाल उठाया। एफआईसीई ने कहा था कि दिलजीत ने हाल ही में एक पाकिस्तानी अभिनेत्री के साथ प्रोजेक्ट किया था।

# अफगानिस्तान में फिर डोली धरती, 4.5 के बाद अब आया 3.8 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के एक बयान में कहा गया है कि मंगलवार को अफ़ग़ानिस्तान में 3.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप 70 किलोमीटर की गहराई पर आया। इससे पहले, दिन में 10 किलोमीटर की उथली गहराई पर 4.5 तीव्रता का एक और भूकंप आया, जिससे यह आफ्टरशॉक के लिए अतिसंवेदनशील हो गया। भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में ज़्यादा खतरनाक होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उथले भूकंपों से उत्पन्न भूकंपीय तरंगों की सतह तक पहुँचने की दूरी कम होती है, जिसके परिणामस्वरूप ज़मीन ज़्यादा हिलती है और इमारतों को ज़्यादा नुकसान और ज़्यादा हताहत होने की संभावना होती है। रेड क्रॉस के अनुसार, अफ़ग़ानिस्तान में शक्तिशाली भूकंपों का इतिहास रहा है, और हिंदू कुश पर्वत श्रृंखला एक भूगर्भीय रूप से सक्रिय क्षेत्र है जहाँ हर साल भूकंप आते हैं। शराफत ज़मान अमर के अनुसार, 4 नवंबर को उत्तरी अफ़ग़ानिस्तान में एक शक्तिशाली भूकंप आया, जिसमें कम से कम 27 लोग मारे गए और 956 अन्य घायल हो गए।

# दर्दनाक हादसा : जकार्ता की 7 मंजिला इमारत में भीषण आग, 22 की मौत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में मंगलवार को एक कार्यालय भवन में आग लग जाने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। आग की लपटें सात मंजिला इमारत में फैल गईं, जिससे आसमान में घना काला धुआं उठने लगा और मध्य जकार्ता में कार्यालय भवन में काम करने वाले कर्मचारियों और आस-पास रहने वाले स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई।

एएफपी समाचार एजेंसी ने मध्य जकार्ता के पुलिस प्रमुख सुसात्यो पुरनोमो कोंड्रो के हवाले से बताया कि आग लगने से 20 पीड़ितों में 7 पुरुष और 15 महिलाएँ शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। मध्य जकार्ता के एक मोहल्ले में आग लगने से आस-पास के निवासियों और कर्मचारियों में भी दहशत फैल गई है। स्थानीय कोम्पास टीवी के अनुसार, आग बुझा दी गई है, लेकिन इमारत को खाली कराने के प्रयास जारी हैं क्योंकि कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। स्थानीय समाचारों में आगे बताया गया है कि आग के केंद्र में स्थित इमारत टेरा ड्रोन इंडोनेशिया का कार्यालय है, जो खनन से लेकर कृषि क्षेत्रों तक के ग्राहकों को हवाई सर्वेक्षण गतिविधियों के लिए ड्रोन उपलब्ध कराता है।



कोम्पस टीवी से बात करते हुए, सेंट्रल जकार्ता मेट्रो पुलिस प्रमुख, वरिष्ठ आयुक्त सुसात्यो पुर्नोमो कोंड्रो ने बताया कि आग पहली मंजिल पर लगी थी और कर्मचारी आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। पहली मंजिल पर एक बैटरी थी, जिसमें आग लग गई, फिर कर्मचारी उसे बुझाने में कामयाब रहे, फिर पता चला कि जलती हुई बैटरी फैल गई, क्योंकि पहली मंजिल गोदामों में से एक है।

# धान के एमएसपी को लेकर विपक्ष ने सरकार पर हमला बोला, विस परिसर में की नारेबाजी

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन परिसर सरकार विरोधी नारों से गूंज उठा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने राज्य की विधि-व्यवस्था और धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुद्दे पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों से वादा पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद का आश्वासन दिया गया था, जबकि कैबिनेट ने सिर्फ 2450 रुपये का एमएसपी पास किया। इसे उन्होंने किसानों के साथ वादाखिलाफी बताया।

भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने भी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि धान खरीद की दर देर से तय की गई और जो वादा किया गया था उसे पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों को मजबूरन औने-पौने दामों में धान बेचना पड़ रहा है।

भाजपा की विधायक नीरा यादव ने आरोप लगाया कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की विधि-व्यवस्था इतनी खराब है कि सरकारी अस्पताल में चोरी तक हो रही है और मंत्री इसे मानते हुए भी असहज महसूस करते हैं। विपक्ष की लगातार आवाज के बीच सत्ता पक्ष सरकार का बचाव करता दिखा। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि किसानों से किए गए वादे पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि धान खरीद को लेकर जो एमएसपी तय करने की प्रक्रिया है, वह पूरी की जाएगी और अनुपूरक बजट में इसके लिए राशि का प्रावधान भी किया गया है। विपक्ष पर हमला करते हुए कच्छप ने कहा कि भाजपा जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है।

## विस अध्यक्ष ने कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव पर जताई नाराजगी



**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मंगलवार को कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव पर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने नाराजगी जताई। अध्यक्ष ने कहा कि प्रदीप यादव बार-बार सवाल पूछकर अन्य सदस्यों का समय खराब कर रहे हैं। अध्यक्ष ने कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव से कहा कि विधानसभा केवल उनके सवालों के लिए नहीं है और अन्य सदस्यों को भी मौका मिलना चाहिए। उन्होंने विधायक को याद दिलाया कि वे एक जवाबदेह सदस्य हैं और उन्हें दूसरों के समय का भी सम्मान करना चाहिए। दरअसल, प्रदीप यादव ने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत झारखंड में थैलिसिमिया और सिकल सेल जैसी घातक बीमारियों पर सवाल उठाए थे। वे विभागीय मंत्री इरफान अंसारी से कई जवाब जानना चाहते थे, लेकिन मंत्री के उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण वे बार-बार सवाल पूछते रहे। इस पर अध्यक्ष ने उन्हें टोका।

## बाबूलाल ने उठाया एमबीबीएस नामांकन में गड़बड़ी का मामला



**रांची। रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एमबीबीएस नामांकन में कथित अनियमितताओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि राज्य में मेडिकल एडमिशन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हो रही हैं। मेडिकल काउंसलिंग के दौरान झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगी परीक्षा बोर्ड (जेसीईसीईबी) मेडिकल काउंसलिंग कमिटी (एमसीसी) की निर्धारित गाइडलाइन का पालन नहीं करता। मरांडी ने कहा कि एनटीए परीक्षा के बाद परिणाम जारी कर जेसीईसीईबी को भेजता है, लेकिन एनटीए पोर्टल से सही तरीके से लिंक न होने के कारण काउंसलिंग प्रक्रिया में कई अनियमितताएं सामने आती हैं। उन्होंने दावा किया कि इस खामी का फायदा उठाकर कुछ छात्र गलत जाति, आवासीय प्रमाणपत्र और अन्य दस्तावेज जमा कर देते हैं, जिससे कई योग्य छात्रों का भविष्य प्रभावित होता है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि यह गड़बड़ियां जानबूझकर की जाती हैं, ताकि कुछ लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने राज्य सरकार से जेसीईसीईबी के शीर्ष अधिकारियों को तत्काल हटाने, मौजूदा काउंसलिंग प्रक्रिया को रद्द कर पुन: संचालित करने और मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। मरांडी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई नहीं करती है, तो विपक्ष सदन की कार्यवाही बाधित करेगा।

## अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासन की टीम विरोध के बाद लौटी

**रांची।** रिम्स के अवैध हिस्से से अतिक्रमण हटाने मंगलवार को भी प्रशासन और रिम्स की टीम पहुंची। मंगलवार को डीआईजी ग्राउंड के आसपास के हिस्से से अतिक्रमण हटाया जाना था। रिम्स के पास तालाब के बगल वाले हिस्से में जब टीम पहुंची तो लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। अवैध तरीके से निर्मित अपार्टमेंट की बाउंड्री को पहले गिराया गया, उसके बाद टीम रुक गई। लोगों ने अपार्टमेंट को भी पूरी तरह से ध्वस्त करने की मांग कर रहे थे। लोगों का कहना था कि प्रशासन पहले इस अवैध अपार्टमेंट को हटाए, उसके बाद अन्य अवैध निर्माण को तोड़े। लोगों के विरोध के बाद प्रशासन ने काफी देर तक समझाने की कोशिश की, उसके बाद लौट गए। विरोध के कारण तालाब के किनारे और डीआईजी वाले हिस्से में एक भी अवैध निर्माण नहीं हटाया जा सका।

# सरकार ने 1932 आधारित नियोजन नीति पर भी जनता को ठगा : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**



● 75% ठेका स्थानीय लोगों को देने के वादा भी नहीं हुआ पूरा

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति का वादा कर हेमंत सोरेन ने झारखंड के आदिवासी मूलवासी को ठगने का काम किया है और यह सरकार वास्तविक में ठगुआ सरकार है। झारखंड की जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि छह वर्ष की लंबी सत्ता के बाद भी हेमंत सोरेन सरकार एक भी स्थानीय नियोजन नीति क्यों नहीं ला सकी। आज तक न कटऑफ डेट घोषित हुई, न खतियान आधारित नीति बनी, न युवाओं को कोई ठोस रास्ता मिला। यह सरकार केवल आश्वासन देती है, और फिर उसपर मौन साध लेती है।

प्रतुल ने कहा कि यह वही हेमंत सोरेन हैं जिन्होंने 1932 के खतियान आधारित नीति के मुद्दे पर 2012 में अर्जुन मुंडा सरकार से समर्थन वापस लेकर बड़ा नाटक किया था। तब यह उनके लिए "असली जनभावना" थी। लेकिन आज, छह वर्षों तक मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के बावजूद, नीति के नाम पर शून्य उपलब्धि—इससे बड़ा विडंबनापूर्ण उदाहरण कोई नहीं हो सकता। प्रतुल ने कहा कि सच यह है कि हेमंत सरकार की मंशा नहीं, सिर्फ़ माला–जपने वाली मुनादी है। झारखंड के बेरोजगार युवाओं को भरमाने का खेल अब खुलकर सामने आ चुका है।प्रतुल ने कहा कि खतियान आधारित नियोजन पर सरकार बार–बार जनता को गुमराह कर रही है। छह वर्षों में फ़ाइलें धूल झाड़ती रहीं और सरकार भाषण झाड़ती रही।राज्य के युवा पूछ रहे हैं कि 2012 में जिस नीति पर समर्थन वापस लिया, 2025 तक उसी नीति पर काम क्यों नहीं किया?

प्रतुल ने कहा कि वोट लेने के लिए हेमंत सरकार ने आदिवासी मूलवासियों के लिए बड़े-बड़े वादे किए थे जिसमें 75% ठेका स्थानीय लोगों को देने का भी जिक्र था। लेकिन सरकार में आते ही जहांपनाह के सुर बदल गए और अब तो टेंडर में ऐसी कंडीशन रखे जा रहे हैं जिससे स्थानीय कंपनियां हिस्सा ही नहीं दे सकती। यू टर्न करने में इस ठगुआ सरकार का कोई सानी नहीं।

## झारखंड हाईकोर्ट ने कैलाश कोठी तोड़ने पर लगाई रोक

# दस्तावेज सत्यापित करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में डीआईजी ग्राउंड के निकट स्थित कैलाश कोठी तोड़ने के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने कैलाश कोठी को तोड़ने पर रोक लगा दी।

कोर्ट ने मामले में रांची उपायुक्त को प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत किए गए दस्तावेज का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। अदालत ने डीसी से पूछा है कि दस्तावेज के आधार पर बताएं कि उक्त जमीन का अधिग्रहण किया है या नहीं।

अगर इस जमीन का रिम्स ने अधिग्रहण किया है तो उसके मुआवजा का भुगतान किया गया है या नहीं? सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से बताया गया कि अवैध अतिक्रमण बताते हुए कैलाश कोठी को हटाने का नोटिस चिपकाया गया है। लेकिन इस जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया था। प्रार्थी ने कैलाश कोठी का स्वामित्व दस्तावेज भी कोर्ट में प्रस्तुत किया। बताया गया कि यह कोठी जिस जमीन पर बनी है, उसका रिम्स ने अधिग्रहण ही नहीं किया है। इस संबंध में प्रार्थी खुशबू सिंह की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। बता दें कि हाई कोर्ट ने पिछले दिनों एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान रिम्स परिसर के निकट के अतिक्रमण को 72 घंटे के भीतर हटाने का आदेश दिया है। इस आदेश के आलोक में रिम्स परिसर के आसपास का अतिक्रमण को जिला प्रशासन द्वारा हटाया जा रहा है।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड पुलिस सेवा के नौ अधिकारियों को...**

2023 की चयन सूची में भी शिवेंद्र, राधा प्रेम किशोर और मुकेश कुमार महतो के नाम रेगुलेशन के तहत शामिल किए गए हैं। तीन अधिकारियों को प्रोविजनल प्रमोशन गृह मंत्रालय की अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि तीन अधिकारियों- शिवेंद्र, राधा प्रेम किशोर और मुकेश कुमार महतो का चयन अभी अनंतिम (प्रोविजनल) है। अधिसूचना के मुताबिक, इन तीनों अधिकारियों के नाम सेलेक्ट लिस्ट में शामिल जरूर किए गए हैं, लेकिन इनका फाइनल प्रमोशन इनके खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के क्लियर होने और राज्य सरकार द्वारा इंटीग्रिटी सर्टिफिकेट (सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र) दिए जाने पर निर्भर करेगा। जब तक ये प्रक्रिया पूरी नहीं होती, इनका चयन प्रोविजनल माना जाएगा। अन्य अधिकारियों का चयन सामान्य प्रक्रिया के तहत किया गया है। इस अधिसूचना के बाद राज्य पुलिस सेवा के इन अधिकारियों के आईपीएस संवर्ग में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है।

**रांची के हालात सुधारने के लिए...**

अदालत की ओर से गठित उच्च स्तरीय समिति की अध्यक्षता महाधिवक्ता राजीव रंजन करेंगे। समिति में राज्य के मुख्य सचिव, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के एमडी, डीजीपी, शहरी विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव, रांची स्मार्ट सिटी कारपोरेशन के चेयरमैन सह एमडी, नगर आयुक्त रांची, उपायुक्त रांची, एसएसपी रांची, ट्रैफिक एसपी, अतिरिक्त सालिसिटर जनरल और हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव सदस्य होंगे। यह जनहित याचिका झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने दाखिल की है। इसमें रांची शहर की सफाई, यातायात, बिजली व्यवस्था, जलापूर्ति और अन्य जन मुद्दों पर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। अदालत ने स्पष्ट किया कि रांची की व्यवस्था सुधारना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। समिति एसोसिएशन की ओर से उठाए गए मुद्दों के समाधान पर विचार-विमर्श करेगी ताकि राजधानी की हालत को सुधारा जा सके।

**सरकार के खजाने में पैसे की...**

हमारी सरकार 6,300 करोड़ राज्यांश देने को तैयार थी। भारत सरकार कहती है कि हम ये पैसा नहीं देंगे। अब ये लोग कहते हैं छात्रवृत्ति नहीं मिलती। जबकि 890 करोड़ रुपए 30 नवंबर तक झारखंड को नहीं मिले हैं। झारखंड को दबाया और कुचला जा रहा है। वृद्धों को भारत सरकार से पैसे देने का प्रावधान है। इस मद में 132 करोड़ देना था जो नहीं मिला।

**एनडीए की सरकारों ने लिया है ज्यादा कर्ज :** वित्त मंत्री ने एक रिपोर्ट दिखाते हुए दावा किया कि जीडीपी के एवज में तीन प्रतिशत से ज्यादा राशि नहीं ले सकते। लेकिन बिहार में डबल इंजन की सरकार है। वहां 6 प्रतिशत बाजार से ऋण लिया गया है। आंध्र प्रदेश ने 4.4, राजस्थान ने 3.7, छत्तीसगढ़ ने 4.9 प्रतिशत ले रखा है। लेकिन हमारी सरकार ने सिर्फ 2.2 प्रतिशत बाजार से लोन लिया है। इस बार हम भी 16,400 करोड़ रुपए लोन लेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि मंईयां सम्मान को सिर्फ 13,500 करोड़ दिया जा रहा है। शेष 78 हजार करोड़ रुपए दूसरी स्कीम के लिए है। राज्य सरकार के सभी विभाग को 30 नवंबर तक की सैलरी मिल चुकी है। आरोप लगाया कि सदन में सिर्फ 10 भाजपा विधायक मौजूद थे और ये लोग विधि व्यवस्था पर चर्चा की बात करते हैं। पुलवामा में सुरक्षा देने में भारत सरकार फेल साबित हुई। करप्शन में शामिल अधिकारी जेल में हैं। पहलगाम की घटना पर एक सिपाही तक सस्पेंड नहीं किया गया। लाल किला के पास शाम में बम धमाका हो गया। नौ लोगों की जान चली गई। इसकी जवाबदेही किसकी है। मंत्री ने कहा कि नक्सल नियंत्रित हुआ है। लेकिन भारत सरकार ने एसआरई फंड देना बंद कर दिया। इस वजह से संसाधन उपलब्ध कराना मुश्किल हो रहा है।

**374 घाटों पर 100 रुपए प्रति...**

जेएसएमडीसी (झारखंड राज्य खनिज विकास निगम) की ओर से राज्य में बालू घाटा के संचालन की वृयवस्था के दौरान काफी कम दर पर एमडीओ का चयन किये जाने के कारण राज्य को राजस्व का बहुत बडा नुकसान हुआ है।

**थैलेसीमिया मरीजों के इलाज के लिए सरकार...**

सरकार कोल इंडिया के सहयोग से इन बीमारियों के लिए 10 लाख रुपए तक की सहायता करती है। प्रदीप यादव ने मंत्री से झारखंड के थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों को रक्तदान से संबंधित व्यवस्था के बारे में पूछा इसपर मंत्री ने कहा कि यह सुविधा राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में मौजूद है। मंत्री के इस जवाब पर प्रदीप यादव ने नाराजगी प्रकट की और मंत्री पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने मंत्री से एक माह में सभी प्रमंडलों में ऐसी व्यवस्था करने की मांग की। प्रदीप यादव ने कहा कि थैलिसिमिया का इलाज बोन मैरो ट्रांसप्लांट से ही संभव है। इसपर मंत्री ने कहा कि वे आउट ऑफ वे जाकर इसपर काम करेंगे।

## भारतीय खो-खो महासंघ ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# कॉमनवेल्थ खो-खो प्रतियोगिता से कराया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड विधानसभा में भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर कॉमनवेल्थ खो-खो महासंघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष आगामी 9 से 14 मार्च 2026 तक रांची में आयोजित होने वाली प्रथम कॉमनवेल्थ खो-खो प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार-विमर्श किया और राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि वर्ष 2026 में झारखंड को एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी मिलने जा रही है। यह प्रतियोगिता झारखंड की धरती पर आयोजित होने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय खो-खो स्पर्धा होगी, जिसमें 23 देशों के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधिमंडल में कॉमनवेल्थ खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल, अंतरराष्ट्रीय तकनीकी सचिव एमएस त्यागी तथा महासचिव उपकार सिंह विरक शामिल थे। राज्य स्तरीय प्रतिनिधियों में विधायक एवं झारखंड राज्य खो-खो संघ के महासचिव मथुरा प्रसाद महतो, संरक्षक विधायक सीपी सिंह, संघ के चेयरमैन संतोष प्रसाद, महासचिव नवीन कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष विनय कुमार जायसवाल, संयुक्त सचिव आलोक कुमार, डॉ. सुभाष साहू, रोहित कुमार सिंह, रांची जिला सचिव सुनील कुमार यादव, संयुक्त सचिव रवि मुंडा, मोनू शुक्ला, अमित कुमार यादव एवं तपन राउत उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, लातेहार

**रिक्ति की सूचना**

**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला – 2025 दिनांक: 12/12/2025**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में सुगमता से नियोजित करने के उद्देश्य से झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा **दिनांक: 12.12.2025, दिन : शुक्रवार** के **पूर्वाहन् 10:30 बजे से अपराहन् 04:00 बजे** तक **जिला खेल स्टेडियम** के सामने **एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला – 2025** का आयोजन किया जा रहा है।
**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला – 2025** में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है

| S. no. | Name and add. Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification: Essential | Qualification: Desirable | Experience | Age | Job Location | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Dusky Stallion Education and Training Services(DSETS) Pvt. Ltd. Sonipat, Haryana-131001 | Trainee | 170 | 12th, ITI, Diploma and Graduation | 10th | Fresher | | Out of Jharkhand | - |
| 2 | S.B.I. Life Insurance Co. Ltd. Dalongaj | Advisor | 100 | 12th/ Graduate | - | - | 20-31 | Latehar/ Palamu | Commission Base |
| 3 | Vinayak Outsourcing Works Pvt. Ltd. | Security Guard | 50 | 12TH | - | - | 18-30 | Jharkhand | - |
| | | Security Officer | 20 | Graduate, Ex. B.S.F., C.I.S.F. | - | 17-22 | 22-43 | | |
| | | Security Manager | 5 | Graduate, Ex. Solder, Sub Inspector, T.I, Inspector | - | 17-22 | 22-43 | | |
| 4 | Vijeta Impact Merchandise Pvt Ltd,govt | Helper | 110 | Graduate, Diploma, Graduate, 10th/ 12TH | B. Tech | | 18-30 | Out of Jharkhand | 11500-22500 |
| | | Supervisor | | | | | | | |
| | | Store Keeper | | | | | | | |
| | | Security Guard | | | | | | | |
| | | Assistant Manager | | | | | | | |
| | | Tele Caller | | | | | | | |
| | | Computer Operator | | | | | | | |
| | | GNM/ANM | | | | | | | |
| | | Area Manager | | | | | | | |
| | | Branch Manager | | | | | | | |
| | | HR Manager | | | | | | | |
| | | Picking Loader on loader | | | | | | | |
| 5 | Airtel Payment Bank, Ranchi | Promoter | 30 | 12th | - | - | 18 -35 | Latehar/ Palamu/ Garhwa | - |
| 6 | Haier India Pvt. Ltd., Pune, MH. | Apprentice | 100 | 12th, ITI, Diploma Graduation | | | | Out of Jharkhand | |
| 7 | CIDC, Daltonganj, By Pass Road | Mason | 100 | 10th | | | 18 -35 | Out of Jharkhand | 14K -18 K |
| | | Electrician | 50 | 12th | | | 18 -35 | | |
| | | Store Keeper | 40 | 10th | | | 18 -35 | | |
| | | Plumber | 50 | 10th | | | 18 -35 | | |
| 8 | Nevedha Knitts, Vijaypuram, Tripura | SMO(Female) | 600 | 8th | | | 18-25 | Tripura Tamilanu | 14052/- |
| | | Cook | 02 | 8th | | 24 months | 25-35 | | 25000/- |
| | | Canteen Manger | 10 | 8th | | 12months | 20-25 | | 15000/- |
| 10 | City Hospital, Latehar | Dresser | 01 | Dresser | | 24 months | | LATEHAR | 12000 |
| | | ANM | 02 | ANM | | 24 months | | | 10000 |
| | | GNM | 01 | GNM | | 24 months | | | 10000 |
| | | Marketing Executive | 01 | Graduate | | 12months | | | 15000 |
| 11 | M/S. Ranchi Security Pvt. Ltd. Ranchi | Center Manger | 04 | Graduate | | 6yrs. | 18-45 | Out of Jharkhand | 20K-25K |
| | | Operation Manger | 02 | Graduate | | 5Yrs. | 18-45 | | 18K-22K |
| | | Manager Admin | 02 | Graduate | | 5Yrs. | 18-45 | | 18K-22K |
| | | Automotive Electric Vehicle Trainee | 05 | Graduate | | 5 Yrs. | 18-45 | | 15K-18K |
| | | Trainer | 15 | B. Tech. | | 5 Yrs. | 18-15 | | 15K-18K |
| | | M/S .Executive | 10 | Graduate | | 2 Yrs. | 18-45 | | 12K-18K |
| | | Tele Caller | 02 | Graduate | | 2 Yrs. | 18-45 | | 8K-12K |
| | | SMO Trainer | 10 | TOT Certificate | | 1 Yr. | 18-45 | | 12K-15K |
| | | Driver | 05 | | | 5 Yrs. | 18-45 | | 12K-15 |
| | | House Keeping Staff | 06 | | | 1 yr. | 18-45 | | 5K-8K |
| | | Cook | 06 | | | 2 Yrs. | 18-45 | | 08k-12K |
| 12 | Gayam Auto Pvt. Ltd. Aurangabad, M.H. | Apprentice | 200 | | | | 18-35 | Out of Jharkhand | 18k-20K |
| 13 | L.I.C. of India, Latehar | Agent | 20 | 10th | | | 18 | LATEHAR | Commission Base |
| 14 | CREDIT ACCESS GRAMEEN LTD. KATHALMORE, RANCHI | CENTER MANAGER | 30 | ITI PASS, 12TH PASS | | 6 MONTHS | 19-34 | JHARKHAND | 12250/- |
| 15 | FUSION FINANCE LIMITED GURGUGAON, HARAYANA | Relationship Manager | 10 | 12th | | - | 34 | Out of Jharkhand | 12-13K |
| | | Sr. Relationship Officer | 10 | 12th | | 12 months | 34 | | 12K-13K |
| 16 | Hr. Service, Bisunpur, Dhanbad | SMO | 150 | 8th, 10th, 12th | | | 18 | Jharkhand | 15000 |
| | | Automobile | 60 | 10th, 12th, ITI | | | 18 | | 15000 |
| | | CNC | 70 | 10th, 12th, ITI, Dip. | | | 18 | | 15000 |
| 17 | Emplobility Bridge Innov Source Service, Patna | Machine Operator | 200 | 10th/12th Graduate Dip. | | | 18-35 | Out of Jharkhand | 17500-19600 |
| 18 | UTKARSH SMALL FINANCE BANK, LATEHAR | TCO | 100 | 12TH | | | 18-32 | Jharkhand | 17500/- |
| 19 | BENGAL INFOTECH, W.BENGAL | CENTER INCHARGE | 1 | GRADUATE | | | 25-30 | JHARKHAND/ Out of Jharkhand | 15000/- |
| | | TRAINER | 6 | GRADUATE | | | 21-30 | JHARKHAND/ Out of Jharkhand | 12000/- |
| | | MIS | 1 | 12TH | | | 21-30 | JHARKHAND/ Out of Jharkhand | 11000/- |
| | | MOBLIZER | 1 | GRADUATE | | | 21-35 | JHARKHAND/ Out of Jharkhand | 12000/- |
| | | COUNCELLAR | 1 | GRADUATE | | | 21-35 | JHARKHAND/ Out of Jharkhand | 11000/- |
| 20 | Quantum Knits Pvt Ltd ( Aunit of KPR Mill Ltd) SF.No 181, Kollupalayam Village, Asarur block, Coimbatore District, Tamilnadu, Pincode - 641407 | SMO (Sewing Machine Operator) | 300 | 5th | | | 18 - 30 | Out of Jharkhand | 15000 |
| | | Nurse | 1 | Nursing in Diploma, or ANM | | | 25 - 40 | | 20000 |
| | | Warden | 2 | 12th or Graduation | | | 35-40 | | 22000 |
| | | Load Man | 30 | 10th | | | 30-35 | | 16000 |
| | | Floor Training officer | 1 | Graduate | | | 30-35 | | 25000 |
| | | District Coordinator | 1 | Graduate | | | 30-40 | | 28000 |
| | | Block Mobilizing officer | 6 | 10+2 | | | 25-35 | | 18000 |
| 21 | KISMATI COLLEGE OF NURSING MERAL, GARHWA | NURSING TRAINEER | 06 | B.Sc. Nursing/ M.Sc Nursing | | | - | JHARKHAND | 18-2K |
| | | Clerk | 02 | 12th and Dip in Computer | | | | | 8k-10k |
| 22 | ANG Manpower Solution, Garhwa | Carpenter | 200 | 10th pass | | | 19-54 | JHARKHAND / Out of Jharkhand | 26K |
| | | Bar Bender | 100 | 10th | | | 19-54 | | 26K |
| | | Fitter | 200 | 10th | | | 19-54 | | 26K |
| | | Mason | 200 | 10th | | | 19-54 | | 26K |
| | | Helper | 500 | 10th | | | 19-54 | | 26K |
| 23 | REVEL INFORMATION TECHNOLOGY RANCHI JHARKHAND | Field Tech. | 20 | 12th/FTCP | | | 20-40 | JHARKHAND/ Out of Jharkhand | 17500-23500 |
| | | Database Administration | 05 | B.tech./BCA | | | 20-40 | | 18000-25000 |
| | | Web Application Development | 03 | B.tech./BCA | | | 20-40 | | 18722-28722 |
| | | Graphic Designer | 03 | 12th/ADCA | | | 20-40 | | 14000-18000 |
| | | Computer Operator | 10 | 12th/ADCA | | | 18-40 | | 13500-17500 |
| | | Data Entry Operator | 20 | 10th/12th/DCA | | | 18-40 | | 12000-14000 |
| | | Accountant | 02 | B.Com | | | 20-40 | | 18000-25000 |
| | | H.R. Executive | 03 | BBA/MBA | | | 20-40 | | 18000-25000 |
| | | Supervisor | 03 | Graduate | | | 20-40 | | 16000-20000 |
| 24 | CHAITANYA INDIA FIN CREDIT PVT. LTD. LATEHAR | SFO | 50 | 10TH | | | 18-28 | LATEHAR | 12770/- |
| 25 | SPONSORED RESIDENTIAL JOB ORIENTED SKILL TRAINING | MACHINE OPERATOR PLASTICS PROCESSING | 100 | 11TH PASS | | | 18-28 | JHARKHAND/ Out of Jharkhand | 15000-18000 |
| 26 | Develecto Mining Limited LATEHAR | MINES MANAGER | 01 | MAINING ENGEENER | | | 2YRS. | JHARKHAND | 80000-100000 |
| | | MECHANICAL ENGINEER | 01 | B.TECH/MECH. ENGINEER | | | 2YRS. | | 22k-24K |
| | | ITI HELPER | 03 | ITI/DIP./ MECH. ENGINEER | | | 2YRS. | | 16K-18K |
| | | ELECTRICAL SUPERVISOR | 02 | B.TECH/MECH. ENGINEER | | | 2YRS. | | 22k-24K |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा **https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/** पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में 2025 में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायो डाटा (2 कॉपी) एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित हैं उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। उक्त तिथि को अभ्यर्थियों का निबंधन भी किया जायेगा। निबंधन हेतु निम्न दस्तावेजों की छाया प्रति की आवश्यकता होगी :–

1. **शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र 2. आधार कार्ड 3. जाति प्रमाण पत्र 4. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र 5. एक पास पोर्ट साईज फोटो।**
   नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है।
   इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।
   **दिनांक: 12.12.2025, दिन : शुक्रवार, समय : पूर्वाहन् 10:30 बजे से अपराहन् 04:00 बजे स्थान : जिला खेल स्टेडियम**

**नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर एवं जिला नियोजन कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।**

**।। आपके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाओं के साथ।।**

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 368119 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)

# कटक में सूर्या ब्रिगेड ने साउथ अफ्रीका को 101 रनों से हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कटक के बाराबती स्टेडियम में आज भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच खेला जा रहा है. ये टी20 सीरीज दो महीने बाद शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है. साउथ अफ्रीका ने टॉस जीता है। कटक के बाराबती स्टेडियम में आज भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच खेला जा रहा है. ये टी20 सीरीज दो महीने बाद शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है. इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. भारत ने साउथ अफ्रीका के सामने 176 रनों का लक्ष्य रखा है. हार्दिक पंड्या ने नाबाद 59 रनों की पारी खेली. अब साउथ अफ्रीका की बैटिंग जारी है। 176 के जवाब में उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही. पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर अर्शदीप ने क्विटन डिकॉक को चलता किया. डिकॉक खाता भी नहीं खोल सके. इसके बाद तीसरे ओवर में अर्शदीप ने स्टब्स को भी चलता किया. स्टब्स के खाते में 14 रन आए. छठे ओवर की पहली ही गेंद पर अक्षर पटेल ने कप्तान एडेन मार्करम को आउट कर दिया. मार्करम 14 रन बना सके. सातवां ओवर लेकर हार्दिक पंड्या आए. उन्होंने अपनी पहली ही गेंद पर मिलर को आउट कर दिया. यानी 50 रनों के भीतर ही अफ्रीका को चौथा झटका लगा. इसके बाद 8वें ओवर में वरुण ने साउथ अफ्रीका को 5वां झटका दिया।इसके बाद 10वें ओवर में वरुण ने जानसेन को भी बोल्ड कर दिया और साउथ अफ्रीका को छठा झटका दिया. जानसेन ने 12 रन बनाए. 11वें ओवर में बुमराह ने ब्रेविस को आउट किया. इस विकेट के साथ ही बुमराह के टी20 करियर में 100 विकेट भी पूरे हो गए. इसी ओवर में बुमराह ने केशव महाराज का भी विकेट झटका. 12वें ओवर में अक्षर ने साउथ अफ्रीका को 9वां झटका दिया।

ऐसी रही पारी

कटक टी20 में भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और शुभमन गलि महज 4 रन बनाकर पहले ही ओवर में लुंगी एनगडि की गेंद पर आउट हो गए. कुछ देर बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव भी भी 11 रन बनाकर लुंगी की गेंद पर पवेलयिन लौट गए. 6 ओवर के बाद भारत का स्कोर 40-2 था. 7वें ओवर में भारत को तीसरा झटका लगा, जब अभिषेक शर्मा 17 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद तिलक वर्मा और अक्षर पटेल में अच्छी साझेदारी पनप रही थी. लेकिन 12वें ओवर में तिलक वर्मा 26 रन बनाकर आउट हो गए. 14वें ओवर में भारत को 5वां झटका लगा जब भारत की अ क्ष र पटेल 23 रन



**हार्दिक बैटिंग और बॉलिंग दोनों में चमके**

टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज का शानदार आगाज किया है। पहले मुकाबले में भारत ने साउथ अफ्रीका को 100 रन के पार भी नहीं पहुंचने दिया और जीत दर्ज कर **सीरीज में 1-0** की बढ़त बना ली। गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन ने टीम को यह जीत दिलाई।

## न्यूज बॉक्स

### सूर्यकुमार यादव और कोच ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए




**पुरी।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मंगलवार से 5 टी20 मैचों की सीरीज शुरू हो रही है। पहला टी20 मुकाबला कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला जाना है। मैच से पहले भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और हेड कोच गौतम गंभीर पुरी स्थित जगन्नाथ धाम पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। कप्तान और कोच के अलावा, युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा, फील्डिंग कोच टी. दिलीप, बैटिंग कोच सीतांशु कोटक और सपोर्ट स्टाफ के दूसरे सदस्यों ने भी भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। सूर्यकुमार यादव की पत्नी देविशा शेट्टी भी मंदिर पहुंची थीं।पुरी जिला एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव रबी शंकर प्रतिहारी ने कहा, "यह सच में बहुत अच्छा है कि टीम को भगवान का आशीर्वाद मिला। टीम इंडिया जरूर सफल होगी। टीम मैनेजर, कोच, कैप्टन और दूसरे खिलाड़ी यहां आशीर्वाद लिए हैं। टीम के सदस्य और सहयोगी स्टाफ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंदिर परिसर में दाखिल हुए। खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए फैन्स बड़ी संख्या में जमा थे, इसलिए उनकी सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था करनी पड़ी।"

### प्रीमियर लीग: मैनचेस्टर यूनाइटेड ने वॉल्व्स को 4-1 से हराया



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग में लगातार अपनी 5वीं जीत दर्ज की। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने वॉल्व्स को 4-1 से हराया। टीम की जीत में ब्रूनो फर्नांडीस के दो गोल का अहम योगदान रहा। इस जीत के साथ ही मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग के टॉप छह में जगह बना ली। फर्नांडीस का पहले हाफ का गोल हाफ टाइम से ठीक पहले जीन-रिकनर बेलेगार्ड ने कैंसिल कर दिया था, लेकिन ब्रायन मबेउमो ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही यूनाइटेड की बढ़त वापस दिला दी।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए टॉम ब्लंडेल



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले एक और बड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ टॉम ब्लंडेल हैमस्ट्रिंग चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ब्लंडेल को यह चोट पिछले हफ्ते क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान बल्लेबाजी करते समय लगी थी। ब्लंडेल के बाहर होने के बाद 25 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज़ मिचेल हे का टेस्ट डेब्यू तय माना जा रहा है। हे बुधवार से बेसिन रिजर्व में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड की ओर से पहली बार टेस्ट क्रिकेट में उतरेंगे। इससे पहले न्यूजीलैंड को एक साथ तीन और खिलाड़ियों के चोटिल होने का सामना करना पड़ा था। तेज़ गेंदबाज़ मैट हेनरी, नाथन स्मिथ (साइड इंजरी) और ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो चुके हैं। उनके स्थान पर न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क और तेज़ गेंदबाज़ माइकल रे को टीम में शामिल किया है। मिचेल हे अब तक न्यूजीलैंड के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में 19 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, जिसमें 12 टी20 और 7 वनडे शामिल हैं।

आईपीएल 2026 ऑक्शन

## वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई सबसे ऊंचे बेस प्राइस वाले भारतीय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2026 ऑक्शन से ठीक एक हफ्ते पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शॉर्टलिस्ट किए गए खिलाड़ियों की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। 16 दिसंबर को अबू धाबी में होने वाले टाटा आईपीएल 2026 ऑक्शन में कुल 350 खिलाड़ी बोली के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस ऑक्शन की सबसे खास बात यह है कि 2 करोड़ रुपये की सबसे ऊंची बेस प्राइस वाली कैटेगरी में शामिल भारतीय खिलाड़ियों में सिर्फ वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई को ही जगह मिली है। आईपीएल 2026 ऑक्शन के लिए कुल 1390 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 350 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। इस फाइनल लिस्ट में 240 भारतीय और 110 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। जिनमें इंग्लैंड से सबसे ज्यादा 21




खिलाड़ी, ऑस्ट्रेलिया से 19, न्यूजीलैंड से 16, साउथ अफ्रीका से 15, श्रीलंका से 12, वेस्टइंडीज से 9, अफगानिस्तान से 10, बांग्लादेश से 7 और आयरलैंड से 1 खिलाड़ी शामिल है। भारतीय ऑलराउंडर जलज सक्सेना 39 साल की उम्र में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे, जबकि अफगानिस्तान के वाहिदुल्लाह जदरान महज 18 साल से थोड़ी अधिक उम्र के साथ ऑक्शन में सबसे युवा खिलाड़ी हैं। इस बार 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस में कुल 40 खिलाड़ियों ने एंट्री ली है। इस कैटेगरी में कैमरन ग्रीन, स्टीव स्मिथ, डेविड मिलर, क्विंटन डी कॉक, वानिंदु हसरंगा, लियाम लिविंगस्टोन, मैथीशा पथिराना, एनरिक नॉर्खिया, जेसन होल्डर, डेरिल मिचेल, जॉश इंग्लिस, मुजीब उर रहमान और नवीन-उल-हक जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय सितारे शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों में केवल वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई ही इस हाईएस्ट बेस प्राइस स्लैब में हैं। राहुल चाहर और चारिथ असलंका जैसे खिलाड़ी फ्रेंचाइजियों का ध्यान खींच सकते हैं।

## विराट कोहली अपना स्पोर्ट्सवियर ब्रांड 'वन8' बेच रहे हैं, करेंगे 40 करोड़ का निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपना स्पोर्ट्सवियर ब्रांड वन8 एजिलिटास स्पोर्ट्स को बेच रहे हैं। एजिलिटास स्पोर्ट्स एक वर्टिकली इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग-टू-रिटेल स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म है। इसे अभिषेक गांगुली ने शुरू किया था।

विराट कोहली इस व्यापारिक समझौते के तहत एजिलिटास में एक निवेशक के तौर पर शामिल हो रहे हैं। वह कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने के लिए एजिलिटास में 40 करोड़ रुपये निवेश करेंगे। एजिलिटास उत्पादन, आर एंड डी, ब्रांड-निर्माण और खुदरा वितरण के क्षेत्र में काम करती है। 2023 में, कंपनी ने भारत की सबसे बड़ी स्पोर्ट्स फुटवियर बनाने वाली मोचिको शूज को खरीदा। इससे कंपनी की घरेलू और निर्यात क्षमता मजबूत हुई थी। वन8 एक स्पोर्ट्सवियर ब्रांड है। विराट कोहली इसके को-फाउंडर रहे हैं। यह ब्रांड स्पोर्ट्सवियर, कपड़े, फुटवियर और एक्सेसरीज तक फैला हुआ है। एजिलिटास की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, "कोहली और गांगुली के बीच आपसी सहयोग पिछले कुछ सालों में बढ़ा है। कुछ वास्तविक उत्पादन के औपचारिक बातचीत से शुरू हुई प्रक्रिया जल्द ही वन8 के रूप में हमारे सामने आ गई।" कंपनी ने आगे कहा कि कोहली के पास सिर्फ वन8 में निवेश करने का विकल्प था। उन्होंने उत्पादन, डिजाइन, आर एंड डी, और देश भर में कंपनी की वितरण क्षमता देखने के बाद एजिलिटास में शेयरधारक बनने का फैसला किया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## नागरिकों को अनऑथराइज्ड डिजिटल लोन ऐप्स के शोषण से बचा रहे : वित्त मंत्री

- **आरबीआई ने इस वर्ष 1 जुलाई से अपनी वेबसाइट पर 'डिजिटल लेंडिंग ऐप्स (डीएलए)' नाम से एक निर्देशिका शुरू की है**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार, सरकार और केंद्रीय बैंक आरबीआई ने नागरिकों को अनऑथराइज्ड डिजिटल लोन ऐप्स से सुरक्षित रखने के लिए समय-समय पर कई पहलें लॉन्च की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार देश में अनऑथराइज्ड डिजिटल लोन ऐप्स पर अंकुश लगाने के लिए आरबीआई और अन्य संबंधित नियामकों/ हितधारकों के साथ लगातार मिलकर काम कर रही है। आरबीआई ने इस वर्ष 1 जुलाई से अपनी वेबसाइट पर 'डिजिटल लेंडिंग ऐप्स (डीएलए)' नाम से एक निर्देशिका शुरू की है, जिसमें आरबीआई की विनियमित संस्थाओं (आरई) की ओर से डिप्लॉय सभी डीएलए शामिल हैं। इस निर्देशिका का उद्देश्य किसी डीएलए के किसी विनियमित संस्था से जुड़े होने के दावे की पुष्टि करने में ग्राहकों की मदद करना है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया, "अनऑथराइज्ड डिजिटल लोन ऐप्स की पहचान किए जाने के मामले में, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम, 2000 की धारा 69 ए के तहत पब्लिक एक्सेस के लिए इंफोर्मेशन को ब्लॉक करने के लिए निर्देश जारी करने का अधिकार है।" आरबीआई ने इस वर्ष 8 मई को भारतीय रिजर्व बैंक (डिजिटल लेंडिंग) निर्देश, 2025 जारी किए हैं। इन निर्देशों में रिकवरी, डेटा प्राइवेसी और ग्राहक शिकायत निवारण तंत्र के बारे में प्रावधान हैं जो आरई, उनकी ओर से लगाए गए लेंडिंग सर्विस प्रोवाइडर्स (एलएसपी) और डिजिटल लेंडिंग ऐप (डीएलए) के लिए अनिवार्य हैं। वित्त मंत्री के अनुसार, आरबीआई और बैंक 'साइबर क्राइम' की रोकथाम के लिए शॉर्ट एसएमएस, रेडियो कैंपेन और प्रचार के माध्यम से जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

### अनऑथराइज्ड डिजिटल लोन ऐप्स से सुरक्षा

**सरकारी पहल** — सरकार और आरबीआई ने नागरिकों को अनऑथराइज्ड डिजिटल लोन ऐप्स से सुरक्षित रखने के लिए कई पहलें लॉन्च की हैं।

**आरबीआई निर्देशिका** — आरबीआई ने अपनी वेबसाइट पर 'डिजिटल लेंडिंग ऐप्स (डीएलए)' नाम से एक निर्देशिका शुरू की है, जिसमें आरबीआई की विनियमित संस्थाओं (आरई) की ओर से डिप्लॉय सभी डीएलए शामिल हैं।

**आईटी अधिनियम** — इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम, 2000 की धारा 69 ए के तहत पब्लिक एक्सेस के लिए इंफोर्मेशन को ब्लॉक करने के लिए निर्देश जारी करने का अधिकार है।



### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र सरकार ने गरीबों को 95.5 लाख घर दिए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दो स्कीमों के तहत लाभार्थियों को 95.54 लाख घर दिए गए। आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने संसद को यह जानकारी दी। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सप्लीमेंट्री सवालों का जवाब देते हुए मंत्री ने बताया कि 2020 के एक स्लम सर्वे से पता चला है कि देश भर में 1.39 करोड़ घरों वाले 6.5 करोड़ लोग स्लम में रह रहे थे।


**ट्रेड डील में देरी से बाजार में उथल-पुथल**

## दो दिन में 7 लाख करोड़ डूबे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एशियाई बाजारों में गिरावट के बीच भारतीय शेयर बाजार के मंगलवार (9 दिसंबर) को लाल निशान में बंद हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले चावल पर टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। इससे निवेशकों की धारणा पर नकारात्मक असर पड़ा है और अमेरिका के साथ ट्रेड डील की उम्मीदों को भी झटका लगा है।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 300 से ज्यादा अंक गिरकर 84,742 पर खुला। खुलते ही इसमें गिरावट देखने को मिली। कारोबार के दौरान यह 700 से ज्यादा अंक गिर गया था। अंत में यह 436.41 अंक या 0.51 फीसदी गिरकर 84,666.28 पर बंद हुआ। इसी तरह, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 (निफ्टी-50) भी गिरावट के साथ 25,867 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 25,728 अंक के इंट्रा-डे लो तक गया। अंत में 120.90 अंक या 0.47 प्रतिशत गिरकर 25,839.65 पर बंद हुआ। जियोजित इंवेस्टमेंट्स के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, "घरेलू शेयर बाजार आज कमजोर खुला। अमेरिकी फेड की नीति बैठक से पहले



निवेशक सतर्क दिखे। रुपये की कमजोरी, एफआईआई की लगातार बिकवाली और अमेरिका–भारत ट्रेड डील को लेकर अनिश्चितता ने भी बाजार पर दबाव डाला। आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। जबकि पीएसयू बैंक, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में खरीदारी रही। स्मॉल-कैप शेयरों ने अन्य इंडेक्स की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया।"उन्होंने कहा, "वैश्विक बाजारों में भी दबाव बढ़ा है। ऐसा इसलिए क्योंकि जापान में बॉन्ड यील्ड बढ़ रही है और उम्मीद है कि बैंक ऑफ जापान अपनी दिसंबर बैठक में सख्त रुख अपना सकता है। बाजार में आम तौर पर फेड के 25 बेसिस पॉइंट की दर कटौती और बैंक ऑफ जापान केदरों में वृद्धि की उम्मीद की जा रही है।

## झारखंड में बड़े अवसर मौजूद, जल्द आएगा निवेश : गौतम अदाणी

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि झारखंड और धनबाद में बड़े अवसर मौजूद हैं और आने वाले समय में राज्य काफी आगे जाएंगा। मीडिया से बातचीत करते हुए अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने कहा, "झारखंड और धनबाद में बड़े अवसर मौजूद हैं और आने वाले समय में राज्य काफी आगे जाएंगे।" वहीं, धनबाद में अदाणी ग्रुप के निवेश पर सवाल पूछने पर उन्होंने कहा कि जल्द निवेश आएगा।

इससे पहले इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (इंडियन स्कूल



ऑफ माइन्स), धनबाद में शताब्दी समारोह में बोलते हुए गौतम अदाणी ने कहा था कि अदाणी ग्रुप अगले पांच वर्षों में एनर्जी ट्रांजिशन में 75 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश करेगा। कार्यक्रम में अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने कहा कि वह लगातार दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी बनाने के लिए निवेश कर रहे हैं।

गौतम अदाणी ने बताया कि ग्लोबल ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन हमारे समय का सबसे बड़ा उद्योग बनकर उभर रहा है, जिसका मूल्य आने वाले दशकों में कई ट्रिलियन डॉलर होगा।

गौतम अदाणी ने कहा, "इससे बिजली आधारित मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन स्टील, ग्रीन फर्टिलाइजर, हाइड्रोजन इकोसिस्टम और महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा, जिस पर एआई और डिजिटल अर्थव्यवस्थाएं निर्भर करती हैं।"

## सरकार ने पीएलआई ऑटो स्कीम में 5 आवेदनकर्ताओं को दिया 1,350.83 करोड़ रुपए का इंसेंटिव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) ऑटो स्कीम के तहत देश में पांच आवेदनकर्ताओं (11 नवंबर तक) को 1,350.83 करोड़ रुपए का इंसेंटिव जारी किया गया है। यह जानकारी सरकार द्वारा मंगलवार को संसद में दी गई। इस स्कीम को सरकार द्वारा 25,938 करोड़ रुपए के बजट परिव्यय से लागू किया गया था।

केंद्रीय भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने एक प्रश्न के उत्तर में राज्यसभा को बताया कि इस योजना के तहत मार्च 2028 तक (वित्त वर्ष 2019-20 के आधार वर्ष पर) बिक्री लक्ष्य 2,31,500 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है, और 30 सितंबर, 2025 तक 32,879 करोड़ रुपए की बिक्री हासिल की गई है।"पीएलआई ऑटो स्कीम में एडवांस्ड ऑटोमोटिव



टेक्नोलॉजी (एएटी) उत्पादों के घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग वैल्यू चेन में निवेश आकर्षित करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन का प्रस्ताव है। जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की दर बढ़ी है, घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) की आवश्यकता और ईवी वैल्यू चेन का स्थानीयकरण एएटी उत्पादों में भी बढ़ रहा है।